www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत् 2082
वर्ष: 09 अंक: 288
नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 06 नवम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 एनसीआर में बढ़ी ठंड, तापमान में लगातार... | 06 नीतीश कुमार -बिहार के गरीबों का मसीहा | नहीं थम रहा रूस का युक्रेन पर हमला... 12

## बिहार: पहले चरण का मतदान आज, सम्राट, तेजस्वी, विजय सहित कई नेताओं के भविष्य का होगा फैसला



**✔ इस चरण में 14 मंत्री भी उम्मीदवार हैं। पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना और भोजपुर जिलों में मतदान होना है।**

**शैलेन्द्र शर्मा**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान गुरुवार को होगा। इस चरण में प्रदेश के 121 सीटों के 3.75 करोड़ से अधिक मतदाता 1314 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य को तय करेंगे। इस चरण में कई दिग्गजों की किस्मत का फैसला भी मतदाता तय करेंगे जो चुनावी समर में ताल ठोक रहे हैं। पहले चरण चुनाव में जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें से एनडीए के 121 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जबकि महागठबंधन के 126 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। एनडीए की ओर से भाजपा के 48 उम्मीदवार जबकि जदयू के 57, लोजपा (रामविलास) के 14 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के दो प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला होना है। जबकि महागठबंधन की ओर से इस चरण में राजद के 73, कांग्रेस के 24, भाकपा माले के 14, वीआईपी के पांच, माकपा के तीन और भाकपा के पांच सहित इंडियन इंकलाब पार्टी (आईआईपी) के तीन उम्मीदवारों का भविष्य मतदाता तय करेंगे। पहले चरण के चुनाव में कई दिग्गजों की किस्मत भी दांव पर लगी है। इनमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और तेजस्वी यादव की किस्मत भी गुरुवार को मतदाता तय करेंगे। बताया गया कि इस चरण में 14 मंत्री भी उम्मीदवार हैं। पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना और भोजपुर जिलों में मतदान होना है। पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा महनार से चुनावी मैदान में हैं जबकि रालोमो के अध्यक्ष मदन चौधरी पारू से और आईआईपी के इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता सहरसा से चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा इस चरण के चुनाव में कई चर्चित चेहरों के राजनीतिक भविष्य तय होंगे। इनमें लोकगायिका मैथिली ठाकुर, शत्रुघ्न कुमार उर्फ खेसारी लाल यादव, पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा, सीवान के पूर्व सांसद शहाबुद्दीन के पुत्र ओसामा शहाब, परसा से पूर्व सीएम दारोगा राय की पोती करिश्मा राय शामिल हैं। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए और तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है। हालांकि कई क्षेत्रों में जन सुराज और एआईएमआईएम के प्रत्याशी भी पूरा जोर लगा रहे हैं।

## पहले चरण के मतदान से पहले बड़ा उलटफेर, मुंगेर से जन सुराज के प्रत्याशी भाजपा में शामिल

**मुंगेर।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान गुरुवार को होना है। उससे ठीक एक दिन पहले मुंगेर विधानसभा क्षेत्र में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी संजय सिंह ने अचानक पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। जन सुराज के प्रत्याशी संजय सिंह ने बुधवार को भाजपा प्रत्याशी कुमार प्रणय की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण पोद्दार, जिला प्रभारी विकास सिंह, क्षेत्रीय प्रभारी राजेश झा क्षत्रिय, प्रीति सिंह सहित एनडीए के कई शीर्ष नेता मौजूद रहे। भाजपा में शामिल होने के बाद संजय सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बिहार और देश का विकास संभव है। जन सुराज की सोच अच्छी थी, लेकिन जनता भाजपा के विकास मॉडल पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि अब वे भाजपा प्रत्याशी कुमार प्रणय के साथ मिलकर उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे और मिलकर मुंगेर का विकास करेंगे। इस कदम से मुंगेर में चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो यहां का मुकाबला त्रिकोणात्मक बना हुआ था, लेकिन जन सुराज के प्रत्याशी के भाजपा में शामिल होने के बाद एनडीए और महागठबंधन में आमने-सामने की लड़ाई है।

## लोक गायिका शारदा सिन्हा की पहली पुण्यतिथि पर पीएम मोदी ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार कोकिला शारदा सिन्हा की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने कहा कि शारदा सिन्हा के महापर्व छठ से जुड़े उनके सुमधुर गीत हमेशा जनमानस में रचे-बसे रहेंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि बिहार कोकिला शारदा सिन्हा की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि। उन्होंने बिहार की कला-संस्कृति को लोकगीतों के माध्यम से एक नई पहचान दी, जिसके लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। महापर्व छठ से जुड़े उनके सुमधुर गीत हमेशा जनमानस में रचे-बसे रहेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पोस्ट में लिखा कि बिहार कोकिला, पद्म श्री एवं पद्म भूषण से सम्मानित शारदा सिन्हा की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। शारदा सिन्हा के छठ महापर्व पर सुरीली आवाज में गाए मधुर गीत बिहार समेत देश के सभी भागों में आज भी गूंजा करते हैं। बिहार की भूमि, संगीत जगत और संगीत प्रेमियों में उनकी स्मृति हमेशा रहेगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर पोस्ट किया कि पद्म विभूषण से सम्मानित, सुप्रसिद्ध लोक गायिका, बिहार कोकिला श्रद्धेय शारदा सिन्हा की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन करता हूं। शारदा



सिन्हा की मधुर आवाज ने न केवल भोजपुरी संगीत को विश्व भर में पहचान दिलाई, अपितु भारतीय लोक संस्कृति को भी समृद्ध किया। छठ महापर्व उनके गीतों के बिना अधूरा है, उनकी आवाज की झंकार सदैव हमारी स्मृतियों में गूंजती रहेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट किया कि मैथिली और भोजपुरी लोकगीतों की अमर साधिका, भारत की लोक संस्कृति की स्वर देवी पद्म भूषण श्रद्धेय शारदा सिन्हा को उनकी पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। आपकी मधुर आवाज ने लोकगीतों को जन-जन के हृदय तक पहुंचाया और भारतीय संस्कृति को एक नई ऊंचाई प्रदान की। आपने अपने सुरों से पर्वों, परंपराओं और मातृभूमि की मिट्टी की महक को अमर कर दिया। आज भी आपके गीत लोकसंस्कृति और पर्व की आत्मा हैं, जो यह दशार्ता है कि आपकी कला केवल संगीत नहीं, अपितु हमारी सांस्कृतिक चेतना की धुरी है।

## गुरु नानक जयंती और देव दीपावली पर पीएम मोदी ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व और कार्तिक पूर्णिमा-देव दीपावली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी और उनकी शिक्षाओं को मानवता के लिए प्रेरणास्रोत बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, गुरु नानक देव जी का जीवन और संदेश सदैव मानवता का मार्गदर्शन करते रहते हैं। करुणा, समानता, विनम्रता और सेवा पर आधारित उनकी शिक्षाएं अत्यंत प्रेरक हैं। प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर करें कि उनका ब्रह्म प्रकाश हमेशा हमारी पृथ्वी को प्रकाशित करता रहे। इसी के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की भी शुभकामनाएं दीं।

## अमित शाह ने अमूल, इफको को विश्व की शीर्ष सहकारी संस्था होने पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** अमूल और इफको ने खास मुकाम हासिल किया है। अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पादों का विपणन करने वाले गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड (जीसीएमएमएफ) को प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) प्रदर्शन के आधार पर दुनिया की पहले नंबर की सहकारी संस्था का दर्जा दिया गया है। वहीं, इफको ने इसी रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने इस खास उपलब्धि पर बधाई दी है। एक्स पर लिखे अपने खास संदेश में गृहमंत्री ने इसका श्रेय पीएम मोदी की दूरदर्शिता भरे नेतृत्व को दिया। बता दें कि यह रैंकिंग इंटरनेशनल कोऑपरेटिव अलायंस (आईसीए)



वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनिटर 2025 ने जारी की है। इस सूची की घोषणा कतर के दोहा में आईसीए सीएम50 सम्मेलन में की गई। जीसीएमएमएफ ने मंगलवार को बयान में कहा कि यह पहचान अमूल के अपने सहकारिता मॉडल के जरिए लाखों डेयरी किसानों को मजबूत बनाने में योगदान को दशार्ता है।

## गुरु नानक देव के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए: रेखा गुप्ता

**उत्तम भारत संवाददाता, पटना।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बुधवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचीं। यहां उन्होंने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि गुरु पर्व के इस पावन अवसर पर मैं पटना साहिब गुरुद्वारा जाकर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त कर सकी। सचमुच, गुरु साहिब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। जो संघर्ष, बलिदान और त्याग उन्होंने हमारे लिए किया है, उसे हमें जीवन भर याद रखना चाहिए। देश और समाज के लिए गुरु साहिब ने जो किया है, उसका कर्ज हम कभी नहीं उतार सकते हैं। रेखा गुप्ता ने



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि नाम जपो, कर्म करो, बांटो। गुरु नानक देव जी की जयंती पर सभी को कोटि-कोटि बधाई। आइए, गुरु नानक साहिब के सर्वजन हिताय, सत्य, समानता और मानवता की निस्वार्थ सेवा के संदेश का पालन करके अपने और दूसरों के जीवन को उज्जवल बनाएं। सीएम रेखा गुप्ता बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार चुनावी सभाओं को संबोधित कर रही हैं और उन्होंने दावा किया है कि बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनने वाली है। रेखा गुप्ता ने बताया कि बुधवार को वे पुण्यभूमि गया जी, अरवल और औरंगाबाद की जनता से मिलेंगी और संवाद करेंगी। पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व की अगुवाई में बिहार ने विकास, सुशासन, समृद्धि और स्थिरता की नई पहचान बनाई है। बिहार इस बार फिर चुनने जा रहा है एनडीए सरकार। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण में मतदान के लिए सारी तैयारियां कर ली गई हैं। 6 नवंबर को पहले चरण की सीटों के लिए जनता मतदान करेगी। इसके बाद 11 नवंबर को दूसरे चरण के लिए मतदान होगा। मतदान संपन्न होने के बाद 14 नवंबर को चुनाव का परिणाम घोषित किया जाएगा।

## भारत की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बढ़ी है: राजनाथ सिंह

**बांका।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को बांका में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि प्रथम चरण के मतदान का प्रचार अभियान समाप्त होने के बाद जो रुझान सामने आया है, उससे साफ है कि दो तिहाई बहुमत से यहां एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आज 20 सालों से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार में है, लेकिन कोई माई का लाल नहीं है जो नीतीश कुमार के दामन पर भ्रष्टाचार का दाग लगा सकता है। इसके पहले भी राजद के मुख्यमंत्री थे, जिन्हें लंबे समय तक जेलों की हवा खानी पड़ी है। उन्होंने तेजस्वी यादव का बिना नाम लिए कहा कि आज भी जो मुख्यमंत्री का चेहरा है, उन पर भी अदालतों में भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं। फैसला



स्वाभाविक है। कोई भी फैसला लेगा तो वह ईमानदारी से एनडीए के पक्ष में फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि पहले यही बिहार था जहां लोग बुनियादी सुविधा के लिए तरसते थे। पहले राजद के लोग जनता से कहा करते थे कि सड़क बनने के बाद पुलिस आपके गांव पहुंच जाएगी। लेकिन अब वह जमाना लद गया है, अब बुनियादी सुविधाएं सहज रूप से पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले बिहार के स्वास्थ्य का बजट 700 करोड़ रुपये था, आज यह 20 हजार करोड़ से अधिक का हो गया है। बिजली की स्थिति बुरी थी।

## गुरु नानक देव जी के उपदेश आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत: योगी

**✔ सीएम योगी ने कहा कि उस काल में जब देश बाबर जैसे विदेशी आक्रांताओं की बर्बरता झेल रहा था, जब मंदिर तोड़े जा रहे थे, आस्था पर प्रहार हो रहे थे, तब भी गुरु नानक देव जी बिना भय, बिना दबाव समाज को मार्गदर्शन दे रहे थे। उन्होंने मिल-बांटकर खाने, गरीबों की मदद करने और एकजुट समाज बनाने का संदेश दिया**




**उत्तम भारत संवाददाता, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर राजधानी लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने सिख गुरुओं के सम्मान में अपना शीश नवाया और दर्शन किए। समारोह में कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी भारत के एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक महापुरुष थे, जिन्होंने 500 वर्ष पहले समाज के संगठन, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वही आज भारत की सामाजिक व्यवस्था की नींव है। सीएम योगी ने कहा कि उस काल में जब देश बाबर जैसे विदेशी आक्रांताओं की बर्बरता झेल रहा था, जब मंदिर तोड़े जा रहे थे, आस्था पर प्रहार हो रहे थे, तब भी गुरु नानक देव जी बिना भय, बिना दबाव समाज को मार्गदर्शन दे रहे थे। उन्होंने मिल-बांटकर खाने, गरीबों की मदद करने और एकजुट समाज बनाने का संदेश दिया।

**भारत के संतों ने संकट के समय भी राष्ट्र की आत्मा को जीवित रखा**

मुख्यमंत्री ने गुरु नानक देव जी की आध्यात्मिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि भारत संतों और महापुरुषों की उस परंपरा का देश है, जिसने संकट के समय भी राष्ट्र की आत्मा को जीवित रखा। योगी ने कहा कि जब विदेशी आक्रांताओं के आगे कई राजा-रजवाड़े झुक गए, तब गुरु नानक देव जी ने बाबर को ह्यजाबरह्ण यानी जल्लाद कहने का साहस दिखाया। यही भारत की संत परंपरा की शक्ति थी।

**समाज में एकता और धर्म की मजबूती का आह्वान**

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समाज में एकता और धर्म की मजबूती का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज जब कुछ क्षेत्रों में धर्मांतरण जैसी गतिविधियां दिखाई देती हैं, तो हमें सिख पंथ की मूल भावना — एकता, संगठन और सेवा — को और सशक्त करना होगा। योगी ने कहा कि अगर कहीं कोई कमी है, तो हमें उसे दूर करना होगा। गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने जब खालसा पंथ की स्थापना की, तब उन्होंने समाज के हर वर्ग को जोड़ा। उसी भावना को हमें फिर से जीवंत करना होगा।

**मजबूत रहेंगे तो हर कोई आस्था का सम्मान करेगा**

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हम मजबूत रहेंगे, तो हर कोई हमारी आस्था का सम्मान करेगा। सिख गुरुओं और महापुरुषों का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई दी और कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमारे जीवन और समाज को दिशा देती रहें।

## संत समाज ने मुख्यमंत्री धामी को दिया आशीर्वाद, देवभूमि के धर्म-संरक्षक की उपाधि

**✔ उत्तराखंड रजत जयंती वर्ष: देशभर के संतों ने धामी सरकार के सांस्कृतिक संरक्षण व विकास कार्यों की सराहना की**

**✔ मुख्यमंत्री आवास में आध्यात्मिक संगम आशीर्वाद, शुभकामनाएँ और सांस्कृतिक दृष्टि का सम्मान**



**उत्तम भारत संवाददाता, देहरादून।** उत्तराखंड की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आज मुख्यमंत्री आवास आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक सौहार्द का केंद्र बन गया, जब देशभर के प्रमुख संतों एवं धमाचार्यों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर राज्य की प्रगति, सांस्कृतिक संरक्षण और अध्यात्मिक समृद्धि के प्रति उनके प्रयासों की सराहना की। संत समाज ने प्रदेश के लिए सकारात्मक बदलाव, विरासत संरक्षण और धार्मिक-सांस्कृतिक मानकों को सुदृढ़ करने वाले निर्णयों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री को आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें 'देवभूमि का धर्म-संरक्षक' बताया। संतों ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकास की नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री आवास में आध्यात्मिक संगम में आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी जी महाराज, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी, परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के अध्यक्ष पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी, अखाड़ा परिषद अध्यक्ष स्वामी रविंद्रपुरी महाराज, बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, पतंजलि योगपीठ के आचार्य बालकृष्ण, प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता जया किशोरी, चिंतक और लेखक डॉ. कुमार विश्वास सहित अनेकों प्रतिष्ठित संत-महात्मा एवं धमार्चार्य भेंट करने वाले प्रमुख संत-महात्माओं में शामिल रहे। सभी संतों ने मुख्यमंत्री को रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए राज्य के सांस्कृतिक सम्मान और अध्यात्मिक धरोहर संरक्षण को लेकर उनके समर्पण की सराहना की। संतों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान, आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला नेतृत्व प्रदान किया है। उनके प्रयासों से देवभूमि की मूल आत्मा और सनातन विरासत सुरक्षित और सुदृढ़ हुई है।

# पम्पलेट बांटकर पुलिस ने कराया हेल्पलाइन नम्बरो से अवगत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल सुश्री अनुकृति शर्मा के निर्देशन में को जनपद के थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।



# अपना दल एस के जावेद अशरफ ने दिखाया दम लावलश्कर के साथ पहुंचे बरेली

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री भारत सरकार अनुप्रिया पटेल के अवागमन पर सम्भल से बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओं बसो आदि वाहनों से बरेली को रवाना हुए।

अपना दल एस के सम्भल के जिला अध्यक्ष जावेद अशरफ के नेतृत्व मे पार्टी के कार्यकर्ता एकत्र होकर बरेली के लिए वाहनों से रवाना हुए। जावेद अशरफ ने बताया कि बरेली मे पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री अनुप्रिया पटेल कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करने के लिए पहुंची। कार्यक्रम पूर्णयता कामयाब रहा कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ केन्द्रीय मंत्री के कार्यक्रम को सुना और सफल बनाने का काम किया। जिला महासचिव नसीम, सचिव हसन खान, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद नाजिम, असमोली विधानसभा अध्यक्ष अकरम हुसैन, युवा मंच के जिला अध्यक्ष अदीब, रितु ठाकुर, शाखा जाटव, जितु जाटव, असीफ, जाहिद हुसैन, शहजाद, शोएब, नाजिम, अनीस, फहीम आदि लोग मौजूद।



# बिहार विधानसभा चुनाव मे बनेगा एआईएमआईएम का डिप्टी सीएम: असद अब्दुल्ला

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** बिहार के विधानसभा चुनाव मे डीप्टी सीएम एआईएमआईएम का बनेगा यह कहना है सम्भल जिलाध्यक्ष असद अब्दुल्ला का जिन्होने मीडिया से मुखातिब होते हुए विरोधी पार्टियों को आड़े हाथ लिया।

बुधवार को एआइएमआइएम के जिलाध्यक्ष असद अब्दुल्ला ने बिहार मे चल रहे चुनावी मौसम को लेकर बड़ा ब्यान दिया है। इंडिया गठबंधन पर तीखा प्रहार भी किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार के विधानसभा चुनाव में एआइएमआइएम बिहार में सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार सीमांचल की जनता जाग चुकी है और असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में प्रदेश में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। जिलाध्यक्ष ने दावा किया कि बिहार विधानसभा में एआइएमआइएम के कम से कम 20 विधायक चुने जाएंगे और राज्य में एआइएमआइएम का डिप्टी सीएम बनेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जमीनी स्तर पर मजबूत नेटवर्क खड़ा कर लिया है और जनता अब झूठे वादों वाली सियासत से ऊब चुकी है। तेजस्वी यादव द्वारा असदुद्दीन ओवैसी को चरमपंथी कहने पर जिलाध्यक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, जो ओवैसी को चरमपंथी कह रहे हैं, वे खुद अपने बयानों से नफ़रत की राजनीति फैला रहे हैं। 14 तारीख को जनता ऐसे लोगों को उनके अंजाम तक पहुंचा देगी।



# आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम के विधानसभा अध्यक्ष बने ज़ुबैर अली अल्वी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** रिपब्लिकन पार्टी ऑल इण्डिया आठवले मे लम्बा समय गुजारने वाले ज़ुबैर अली अल्वी ने आजाद समाज पार्टी कांशीराम का दामन थाम लिया है। आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम के ज़िम्मेदारों ने भी ज़ुबैर को खास ज़िम्मेदारी से नवाज़ते हुए संगठन को मज़बूत बनाने ओर पार्टी की नितियों को जन जन तक पहुंचाने की अपील की। ज़ुबैर अली अलवी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनको विधानसभा अध्यक्ष असमोली बनाया गया। जिला अध्यक्ष शहजाद खान और उस्मान सैफी मुरादाबाद मंडल प्रभारी, जिला महामंत्री सोनू, जिला संभल प्रभारी निशांत सैन गौतम के वह आभारी है जिन्होने विश्वास जताते हुए यह ज़िम्मेदारी दी। वह पार्टी को मज़बूत करेंगे और हर स्तर पर संगठन को मज़बूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर दानिश मालिक, मो सलमान, मो शामी, सरताज अली आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।



# इरफान अलीम कुरैशी ने जमियतुल कुरैशी के सौवें सालाना इजलास में दर्ज कराई प्रभावशाली उपस्थिति



**उत्तम भारत संवाददाता**

**गंगोह।** नगर के प्रख्यात समाजसेवी इरफान अलीम कुरैशी ने नई दिल्ली स्थित इंडियन इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित ऑल इंडिया जमियतुल कुरैशी के सौवे सालाना जलूस और इजलास में शिरकत की। यह आयोजन दो सत्रों में सम्पन्न हुआ जिसमें देशभर से कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया।

पहले सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आज़ाद, सलमान खुर्शीद, सलीम शेरवानी और पूर्व सांसद हाजी फजलुर रहमान कुरैशी उपस्थित रहे। वहीं दूसरे सत्र की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने की। कार्यक्रम में जमियतुल कुरैशी के कौमी अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी और यूथ विंग के नेशनल जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट अजहर पाशा कुरैशी सहित देश के अनेक वरिष्ठ समाजसेवी और व्यापारी भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर समाज में शिक्षा, व्यवसाय और सामाजिक विकास पर विशेष जोर दिया गया। एडवोकेट अजहर पाशा कुरैशी ने युवाओं को आधुनिक शिक्षा अपनाने और व्यापारिक उन्नति के नए रास्ते तलाशने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट अजहर पाशा कुरैशी ने केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को सम्मान स्वरूप शील्ड भेंट की, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी ने उन्हें बुक देकर स्वागत किया।

गंगोह निवासी इरफान अलीम कुरैशी ने इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को एकता और प्रगति की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने गंगोह क्षेत्र के युवाओं से भी शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# गौरीशंकर चौधरी बने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मंगलवार को लखनऊ के होटल एस पी इंटरनेशनल में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्पूर्ण बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रिपिन कंसल की उपस्तिथि में युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने युवा प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें उत्तर प्रदेश के सम्भल जिले से गौरीशंकर चौधरी को प्रदेश संगठन मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए संगठन को गति देने के लिए पश्चिमी क्षेत्र को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौपी। इस अवसर पर नव नियुक्त प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर चौधरी ने कहा कि मैं आभारी हूं राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का कि उन्होंने यह सम्मान दिया मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से यह जिम्मेदारी निभाऊंगा। और व्यापारियों के हित में सदैव तत्पर रहूंगा। और जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर का भी आभारी हू की उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया, इस खबर से सभी व्यापारियों में खुशी का माहौल है। और जल्द ही नव नियुक्त प्रदेश संगठन मंत्री का स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा।



# पार्श्वनाथ प्लाजा में की नगर निगम ने चार दुकानें सील

**– अवकाश के दिन में भी नगर निगम का वसूली अभियान रहा जारी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम में बड़े बकायादारों के खिलाफ वसूली अभियान जारी रखते हुए आज सार्वजनिक अवकाश के बावजूद नगरायुक्त के निर्देश पर टैक्स के चार बड़े बकायादारों की दुकानों को सील कर दिया। जबकि सील की कार्रवाई से बचने के लिए 5 बकायादारों ने मौके पर ही टैक्स जमा करा दिया।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम की राजस्व टीम कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी के नेतृत्व में कोर्ट रोड स्थित पार्श्वनाथ प्लाजा पहुँची तो टैक्स बकायादारों में हड़कंप मच गया। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि कोर्ट रोड पार्श्वनाथ प्लाजा में बकायेदार नीतिका की ओर बकाया राशि एक लाख चार हजार सात सौ उनत्तीस रुपए, बकायेदार उपजीत सिंह की ओर बकाया राशि सतत्तर हजार छह सौ बावन रुपये, बकायेदार पी.सी. पाल एण्ड सन्स की ओर बकाया राशि चवालीस हजार एक सौ तीन रुपये एवं उनकी दूसरी दुकान पर बकाया राशि एक लाख दो हजार पांच सौ तेरह रुपये जमा न कराने पर चारों दुकानों को सील कर दिया। पांच अन्य बकायादारों ने सील की कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर ही कुल एक लाख सत्ताईस हजार रुपये जमा कराये। इसके अतिरिक्त दो लाख तेरह हजार रुपये कैश काउंटर एवं अन्य वसूली से आज जमा किए गए।

कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर ली गई है। अब प्रतिदिन सभी राजस्व निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर वसूली व सीलिंग की कार्यवाही करेंगे। कार्रवाई के दौरान कर निरीक्षक सुशील गुप्ता, कर संग्रहक सागर डंग के अलावा प्रवर्तन दल से प्यार सिंह व हेमराज आदि मौजूद रहे।



# संदिग्ध परिस्थितयों मे महिला की मौत परिजनों ने लगाये गम्भीर आरोप

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के कस्बा निवासी महिला की संगदिन्ध परिस्थितियों में हुई मौत से परिवार मे कोहराम मच गया। खबर फैली तो लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर पुलिस एवं मृतका के परिजन भी पहुंच गए और मारपीट कर मारने का आरोप लगाने लगे।

दरअसल कस्बे के मोहल्ला गिन्नोरी निवासी नज़ारुल का विवाह अब से लगभग 20 वर्ष पूर्व कोतवाली संभल के चौधरी सराय के सईद की बेटी शबाना के साथ हुआ था जिसका एक बेटा है जो विदेश में नौकरी करता है बताया जाता है कि मृतका का शव मकान की पहली मंजिल पर चारपाई पर पड़ा था महिला के मरने की खबर आसपास फैल गई तब किसी ने महिला के परिजनों के साथ ही पुलिस को भी खबर कर दी सूचना मिलते ही थाना हज़रत नगर गढ़ी प्रभारी अनुज कुमार तोमर वरिष्ठ उप निरीक्षक सुनील कुमार व चौकी प्रभारी मोहम्मद शाह फैसल हमराहियों सहित घटनास्थल पहुंच गए और घटना के बारे में जानकारी की इस बीच मृतका के परिजन भी पहुंच गए और महिला के साथ मारपीट का आरोप लगाने लगे शव का पोस्टमार्टम ना कराने के लिए दोनों पक्षों के बीच चेयरमैन कौसर अब्बास व अन्य लोगों के माध्यम से समझौता की बात हुई जिस पर दोनों की सहमति से मामला बिना कार्रवाई के खत्म हो गया।



# केरला कोच्चि नगर निगम की तर्ज पर कार्य करे नगर निगम सहारनपुर टिंकू अरोड़ा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** केरला के कोच्चि नगर निगम में एजुकेशन टूर पर गए वरिष्ठ पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि कोच्चि नगर निगम द्वारा जनता हित में किए गए कार्य प्रशंसा योग्य है कोच्चि नगर निगम ने अपनी स्वयं की जमीनों पर जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए हॉस्पिटल , स्कूल ओर कॉलेजों का निर्माण करवा रखा है और जिसमें शिक्षा और इलाज की दरें भी बहुत कम है इसका सीधा लाभ कोच्चि की जनता को मिल रहा है टिंकू अरोड़ा ने बताया कि पीछे बोर्ड बैठकों ओर कार्यकारिणी बैठकों में सहारनपुर नगर की जनता के हितों के लिए निगम की जमीनों पर निगम द्वारा हॉस्पिटल, स्कूल ओर कॉलेजों का निर्माण करने का प्रस्ताव रख चुका हु और जल्द ही इस प्रस्ताव को पास करवा कर यह कार्य किया जाएगा कोच्चि नगर निगम द्वारा बहुत ही सुसज्जित तरह से पार्कों का निर्माण किया हुआ है और उसमें बैठने के लिए अच्छी व्यवस्था की हुई है और व्यायाम शाला , आर्युर्वेदिक शाला के साथ साथ तालाब का निर्माण भी किया हुआ है और एक बोतल नुमा डिजाइन का डस्टबिन जगह जगह पर लगाया हुआ है जिसमें प्लास्टिक बोतल को जनता द्वारा कूड़े में ना डालकर उस डस्टबिन में डाला जाता है और निगम की गाड़ी उसे एकत्र करके उसका डिस्पोजल करके अच्छी मात्रा में निगम की आय वृद्धि कर रही है पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा में इस एजुकेशन टूर को एक सफल टूर बताया उन्होंने कहा काफी अच्छी जानकारियां प्राप्त हुई है जिन्हें भविष्य में ऐसी योजनाओं को नगर निगम द्वारा धरातल पर लाया जाएगा



# पहला अजलास-ए-आम जोश-ओ-ख़ुरूश के साथ संपन्न, रूहानी फ़िज़ाओं में गूंजा इल्म का तराना



**उत्तम भारत संवाददाता**

**गंगोह।** क्षेत्र के गांव लखनौती स्थित मस्जिद में जोश और उत्साह के साथ पहला अजलास-ए-आम संपन्न हुआ। यह मस्जिद 'पुलिस वाली मस्जिद' के नाम से मशहूर है। रविवार को इसी मस्जिद के मकतब में तालीम हासिल करने वाले एक छात्र और तीन छात्राओं की दस्तारबंदी की गई।

दस्तारबंदी पाने वालों में छात्र मोहम्मद ज़ैद ने मुकम्मल तौर पर कुरआन पाक हिफ़्ज़ किया, जबकि छात्राओं सालेहा परवीन, हुमैरा परवीन और अर्शी जहां ने कुछ सूरतें हिफ़्ज़ करने के साथ कुरआन नाज़रा मुकम्मल किया।

कार्यक्रम का आयोजन मस्जिद हाज़ा के इमाम मौलाना उस्मान मज़ाहिरी की सरपरस्ती में किया गया। इस अवसर पर मस्जिद की इंतज़ामिया कमेटी के सदस्य और ग्रामवासियों ने विशेष सहयोग दिया। सहयोग करने वालों में मोहम्मद अख़लाक, हाजी जमील, जीशान ख़ान, मुजम्मिल, जावेद, गुलफ़ाम, ख़ालिद, क़ासिम, मोहम्मद सौरव, रिहान, नदीम, शाहबाज़ ख़ान, अब्दुल सत्तार और इस्तेख़ार नदीम प्रमुख रहे। वहीं मंच का संचालन मौलाना दानिश मज़ाहिरी ने किया।

कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शिरकत की।

मुफ्ती जावेद राणा (मज़ाहिर-उल-उलूम, सहारनपुर) ने इल्म की अहमियत पर रूहानी बयान पेश किया, वहीं मौलाना मुशर्रफ़ (मोहतमिम मदरसा कुमार हैड़ा) और मुफ्ती एहसान कासमी ने अपने दिलनशीन खिताबों से माहौल को रूहानियत से भर दिया।

अंत में सामूहिक दुआ में मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, बीमारों की शिफ़ा और सेहतमंदी के लिए ख़ास दुआएं की गईं।

पूरा कार्यक्रम रूहानियत और कामयाबी के माहौल में संपन्न हुआ।

# पूर्व चैयरमेन नुसरत इलाही के यहां जुटी तमाम राजनीतिक दलों की हस्तियां



*** सपा, बसपा, कांग्रेस और भाजपा के नेताओं दिखे एक जगह, खूब लगे ठहाके और हुई गुफ्तगू**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** पूर्व चैयरमेन के निजी कार्यक्रम मे तमाम राजनीति हस्तियों का जामवड़ा देखने को मिला। कुछ देर को तो नज़ारा ऐसा दिखाई पड़ा कि जैसे गठबंधन हो गया हो लेकिन यह कोई राजनीतिक नहीं बल्कि एक निजी खुशी का कार्यक्रम था जिसमे राजनीति रिश्तों नहीं बल्कि समाजिक रिश्तों के तौर पर शिरकत करते हुए दिखाई दिये। एक दूसरे से हाय हैल्लो व सलाम नमस्ते हुई। दरअसल मौका था पूर्व चैयरमेन और भारतीय सद्भावना मंच गौ प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक हाजी नुसरत ईलाही की बेटी की रिंग सेरेमनी के कार्यक्रम का।

जिसमे रॉयल पैलेस मे आयोजित कार्यक्रम मे विधायक एवं पूर्व मंत्री इकबाल महमूद, पूर्व मंत्री एवं विधायक अकीलुर्रहमान खां, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, भाजपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, बसपा के पूर्व प्रत्याशी हाजी रफ्त उल्ला उर्फछिद्दा नेता, बसपा नेता साजिद सैफी, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज़ खां, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफतुर्की, पूर्व वादस चैयरेन मौहम्मद याकूब गामा एडवोकेट, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आंवला साजिद अली खां, जबकि समाजसेवी व उधोग पतियों मे मौहम्मद असलम अंकलेश्वर, हाजी फहीम, मौ0 रेहान, हाजी इरफान, मौ0 गुफरान, शाहबुद्दीन, मिक्की एड0, आरिफ एडवोकेट, शाकिर कुरैशी, फरदीन इलाही, श्रजिल इलाही, साजिद, मौ0 चांद, अकरम पहलवान, मेम्बर एहसान, सुबहान डीएमआर, मेम्बर शकील, आदि मौजूद रहे। सपा, कांग्रेस, बसपा और भाजपा व अन्य राजनीति दलों की हस्तियों ने कार्यक्रम मे शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# गंगा स्नान के मेले में पहुंचे कुमर भारतेंद्र पूर्व सांसद



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडावर।** क्षेत्र के बालावाली गंगा घाट पर गंगा स्नान का मेला हर साल के भांति इस साल भी मेला भरता हुआ दिखाई दिया ।जहां दूर-दूर से श्रद्धालु और भक्त गंगा में स्नान करने के लिए और मेला घूमने के लिए श्रद्धालु की भीड़ दिखाई दी। सूत्रों से बताया जा रहा था कि मेला रद्द कर दिया गया था ।लेकिन शासन प्रशासन व कुमर भारतेंद्र पूर्व सांसद के सौजन्य से मिला आयोजित हुआ। वहीं मेले में पहुंचे कुमार भारतेंद्र पूर्व सांसद और मेले का जायजा लिया। वहीं पत्रकार टीम के साथ जितेंद्र सिंह उपाध्याय संगठन अध्यक्ष से मुलाकात की । संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह व पत्रकार टीम ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया । पूर्व सांसद कुमर भारतेंद्र ने पुलिस प्रशासन व मीडिया कर्मियों का धन्यवाद कहते हुए कहा की व्यवस्था बहुत अच्छी रही मेला हर साल की भांति इस साल भी अच्छा लगा है और आगे भी इसी तरह लगना चाहिए है क्योंकि यह मेला काफी सालों से लगता आ रहा है। कुछ लोगों में इलेक्शन समीप आने के कारण मतभेद दिखाई दे रहे हैं लेकिन इस मतभेद को सभी आपस में छोड़कर अपना-अपना मेले में सहयोग करें और गंगा मां से आशीर्वाद ले। इस शुभ अवसर पर उपस्थित रहे पूर्व सांसद कुमर भारतेंद्र ,जितेंद्र सिंह उपाध्याय संगठन अध्यक्ष ,विनीत, चौधरी ,राहुल कुमार, दिवेश राजपूत ,राजीव चौधरी, प्रमोद कश्यप ,शकील अहमद ,मनीष राजपूत , विनीत, चौधरी, संजू, सत्यपाल एडवोकेट और ग्राम प्रधान देवेंद् , विपिन मंडल अध्यक्ष किसान यूनियन मोर्चा, महावीर,लव कुश गुर्जर, अनुज ,नरेंद्र पहलवान, संजय त्यागी,अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीसरे दिन पांच स्वर्ण समेत 11 पदक फरीदाबाद के नाम

**फरीदाबाद।** लॉन टेनिस, तीरंदाजी और तलवारबाजी में बुधवार को फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। लॉन टेनिस में फरीदाबाद के खिलाड़ियों के नाम कुल 6 पदक रहे।

**सूचना**

मैं Md Tariq पुत्र Tabassum Nadim निवासी मौ सराय रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर उ प्र 247451 ने अपना नाम Md Tariq से बदलकर Mohd Tariq कर लिया है अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यो के लिए Mohd Tariq के नाम से जाना जायगा।

P-03:28 paga09_jhn.qxd 11/5/2025 9:01 PM Page 1



# संगत-पंगत परंपरा ने समाज को समानता और भाईचारे की डोर से जोड़ा : रेखा गुप्ता

**लिशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी में अरदास की। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इसके चित्र साझा करते हुए कहा कि संगत और पंगत की परंपरा ने समाज को समानता, विनम्रता और भाईचारे की डोर से जोड़ा है। श्री गुरु नानक देव जी महाराज की शिक्षाएं हमें सिखाती हैं कि धर्म का सार सेवा में है और मानवता का सत्य प्रेम में। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी में गुरु महाराज की वाणी का स्मरण करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक और दिव्य धरती पर कदम रखते ही हृदय श्रद्धा, शांति और आत्मिक आनंद से भर उठा। सिख गुरुओं की दिव्य शिक्षाएं सम्पूर्ण मानवता के लिए अमर प्रेरणा हैं। यह पावन स्थान श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज की स्मृतियों से जुड़ा है जिनका साहस, त्याग और धर्म के प्रति समर्पण युगों-युगों तक प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## पद्म भूषण से सम्मानित शारदा सिन्हा की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोक गायिका को किया नमन



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मैथिली और भोजपुरी की लोक गायिका 'पद्म भूषण' शारदा सिन्हा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। मुख्यमंत्री ने आज अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि लोक गायिका 'पद्म भूषण' शारदा सिन्हा की मधुर आवाज ने लोकगीतों को जन-जन के हृदय तक पहुंचाया। शारदा सिन्हा के गीतों ने भारतीय संस्कृति को नई ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने अपने सुरों से पर्वों, परंपराओं और मातृभूमि की मिट्टी की महक को अमर कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी आपके गीत लोक संस्कृति और पर्व की आत्मा हैं, जो यह दशार्ता है कि आपकी कला केवल संगीत नहीं, अपितु हमारी सांस्कृतिक चेतना की धुरी है।

# विश्व कप स्टार शेफाली वर्मा ने दिल्ली में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से आशीर्वाद लिया

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट की प्रसिद्ध खिलाड़ी शेफाली वर्मा, जिन्होंने 2 नवंबर, 2025 को नवी मुंबई में हुए विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की शानदार जीत में 87 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली और दो विकेट लिए। उन्हें इसके लिए ह्लप्लेयर ऑफ द मैचह्व भी चुना गया। अपने इस शानदार प्रदर्शन के बाद वो दिल्ली में अपने आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से मिलीं। विजयी भारतीय टीम जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने नई दिल्ली पहुँचीं, तो उसके बाद 21 वर्षीय शेफाली वर्मा अपने परिवार के साथ विजय नगर स्थित कृपाल आश्रम गईं, जहाँ उन्होंने सावन कृपाल रूहानी मिशन और साईंस ऑफ स्पिरिचुअलिटी के प्रमुख तथा



विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से उनका दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। शेफाली वर्मा और उनका परिवार लंबे समय से आध्यात्मिक गुरु के अनुयायी रहे हैं और हर टूनार्मेंट से पहले उनका आशीर्वाद लेते हैं। इस युवा खिलाड़ी का शुरूआत में विश्व कप टीम में चयन नहीं हुआ था, उन्हें चमत्कारिक रूप से तब टीम में शामिल किया गया जब उनकी साथी खिलाड़ी प्रतीक रावल चोट लगने के कारण टीम से बाहर हो गईं। शेफाली वर्मा ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया और फाइनल में एक निर्णायक पारी खेलकर भारत को पहली बार विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाई। शैफाली वर्मा ने अपने जीवन में ध्यान-अभ्यास और आध्यात्मिकता की भूमिका पर जोर दिया और बताया कि कैसे यह उन्हें क्रिकेट के मैदान पर स्थिर और केंद्रित रखता है। शैफाली वर्मा ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करने के पश्चात कहा कि, वे मेरे हमारे मार्गदर्शक हैं। मैं हर टूनार्मेंट से पहले उनका आशीर्वाद लेती हूँ और ध्यान-अभ्यास, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिकता की उनकी शिक्षाओं ने मेरे समग्र विकास में मदद की है। एक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी होने के नाते, इससे मुझे अच्छे प्रदर्शन करने के दबाव को बेहतर ढंग से संभालने में मदद मिलती है।

# भाई बहन के प्रेम और विश्वास का पर्व सामा चकेवा

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** भाई बहन के प्रेम और विश्वास का पर्व सामा चकेवा को लेकर मिथिला एवं बिहार समेत मिथिला के लोग जहाँ है मनाते है इस पर्व के पीछे भगवान श्री कृष्ण उनकी पुत्री सामा और पुत्र चकेवा की कहानी है शैलेन्द्र कुमार मिश्रा अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद एवं फ्हअ सेक्टर 82 नोएडा ने बताया कि इसकी शुरूआत छठ के पारण के दिन से हो जाती है। सभी अपने अपने घर में इस दिन से सामा चकेवा बनाना शुरू कर देती हैं। जो भी इस दिन बना नहीं पाती हैं वो देवउठान एकादशी के दिन बनाती हैं। जिसमें सामा, चकेवा, वृंदावन, चुगला, सतभैया, पेटी, पेटार आदि मिट्टी से बनाया जाता है। उस दिन से नियमित रात्रि के समय आंगन में बैठ कर खूब खेलती हैं, नियमित गीत गाती हैं। जिसमें भगवती गीत, ब्राम्हण गीत और अंत में बेटी विदाई का समदाउन गाती हैं। यह सिलसिला कार्तिक पूर्णिमा के दिन तक चलता है। उसके बाद कार्तिक पूर्णिमा की रात में सामा का विसर्जन किया जाता है। जिसमें महिला के संग संग घर के पुरुष वर्ग भी शामिल रहते हैं।ऐसा मान्यता है कि सामा भगवान श्री कृष्ण की पुत्री थी जो कि प्रत्येक दिन वृंदावन के जंगल में खेलने जाया करती थी। एक दिन चुगला नाम का एक व्यक्ति श्री कृष्ण को झूठा बोल



दिए कि आपकी बेटी कोई साधु से मिलने जाती है। इस पर भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बेटी यानी सामा को श्राप दे देते हैं पक्षी बनने का। अब वो सामा रूपी पक्षी वृंदावन के जंगल में ही रहती थी। एक दिन सामा के भाई चकेवा को पता चला जो मेरी बहन को चुगला ने चुगल्पन कर के श्राप दिलवा दिया तो वो भी उसी दिन तपस्या में बैठ गया और भगवान को प्रसन्न किया। फिर भगवान ने वर मांगने को कहा तो वे अपनी बहन को वापस मांग लिया। इसलिए इस पर्व को भाई बहन के प्रेम और स्नेह के रूप में मनाया जाता है। हरेक बहन अपने भाई की दीघार्यु की कामना करती हैं।सामा चकेवा का पर्व गांव में होता ही है। हमलोग शहर में भी मनाते हैं।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व और देव दीपावली की शुभकामनाएं

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** निराभारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व और देव दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सिखों के प्रथम गुरु, सत्य और मानवता के प्रकाश पुंज श्री गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर कोटि-कोटि नमन। आपने दुनिया को एक ओंकार और नाम जपो, किरत करो, वंड छको का संदेश दिया।

भेदभाव, अहंकार और अन्याय के विरोध में आपकी वाणी आज भी मार्गदर्शक है। गुरु नानक देव के उपदेश हम सभी को सेवा, प्रेम और सद्भाव के पथ पर चलने की सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। इसके साथ ही सचदेवा ने सनातन आस्था के



महापर्व कार्तिक पूर्णिमा तथा देव दीपावली की प्रदेशवासियों एवं समस्त श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह पावन दिन भगवान शिव और भगवान विष्णु की आराधना का दिव्य अवसर है। काशी में आज देवताओं के दीप प्रज्ज्वलित होते हैं और संपूर्ण ब्रह्मांड में शुभता का प्रकाश फैलता है। सभी दीपों के इस पर्व पर अपने भीतर के अज्ञान, अंधकार और कलुष को दूर कर प्रेम, भक्ति और सद्भाव के दीप प्रज्वलित करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दोनों पर्वों को भारत की आध्यात्मिक परंपरा और एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसे पावन अवसर समाज में प्रेम, सेवा और सद्भाव का संदेश लेकर आते हैं।

# कांग्रेस ने फूल वालों की सैर आयोजित न होने पर उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री को घेरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने फूल वालों की सैर आयोजित न होने पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को घेरा है। दिल्ली में फूल वालों की सैर का आयोजन दो नंवबर को किया जाता है, इस बार दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इसके आयोजन कि इजाजज नहीं दी।

देवेंद्र यादव ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि 200 वर्ष से भी ज्यादा समय से हर वर्ष आयोजित होने वाले फूल वालों की सैर त्यौहार इस वर्ष राजधानी में आयोजित नहीं हुआ। यह आयोजन डीडीए और वन विभाग के प्रशासनिक पेच के बीच फस कर रह गया और आयोजकों को इसे रद्द करना पड़ा। फूल वालों की सैर का आयोजन रद्द होने पर भाजपा नेता अथवा मुख्यमंत्री या कोई मंत्री तक कुछ कहने से बच रहे है।

देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर सदियों पुराने त्योहार फूल वालों की सैर पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब सरकार के सामने प्रदूषण और बिजली और पानी की कमी जैसी कई समस्याएं हैं, भाजपा अपनी बुनियादी जिम्मेदारी निभाने में असफल तो रही है लेकिन उनका सांस्कृतिक कार्यक्रम बंद करना बेहद निराशाजनक है। देवेंद्र यादव ने कहा कि हिन्दु-मुसलमानों के बीच एकता की मिसाल रहे फूल वालों की सैर त्योहार को बंद करने के पीछे कहीं इसका मुगलों से जुड़ा इतिहास तो नहीं, क्योंकि भाजपा शैक्षणिक पाठ्क्रम से मुगल काल के इतिहास और जानकारी को खत्म करने की कवायद कर रही है। उन्होंने कहा कि 1811 से शुरू हुई फूल वालों की सैर को इससे पहले भी अंग्रेजों ने इसे 1942 बंद कर दिया था, जिसे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु ने 1962 में इसे फिर से शुरू किया। इसका आयोजन महरौली के जहाज महल आम बाग में मनाया जाता है और ख्वाजा बख्तियार काकी की दरगाह पर फूलों की चादर और योगमाया मंदिर में फूलों का पंखा और छत्र चढ़ाया जाता है।

# एनसीआर में बढ़ी ठंड, तापमान में लगातार गिरावट; तेज हवा से सुधरे हालात, एक्यूआई ऑरेंज जोन में

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में इस हफ्ते से मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन और रात दोनों का तापमान तेजी से नीचे आने लगा है, जिससे लोगों को पहली बार नवंबर में सर्दी का स्पष्ट अहसास होने लगा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले दिनों में रात का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है, जबकि अधिकतम तापमान 27 डिग्री के आसपास बना रहेगा। 5 नवंबर से लेकर 10 नवंबर तक के पूवार्नुमान में लगातार गिरावट दर्ज होने की संभावना है। सप्ताह की शुरूआत 16 डिग्री न्यूनतम और 29 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ हुई, लेकिन 9 और 10 नवंबर को न्यूनतम तापमान 14 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। दिन में हल्की धूप रहेगी, लेकिन सुबह-शाम की ठंड पहले से ज्यादा महसूस होगी। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और दिल्ली में रविवार रात के बाद हवा की रफ्तार बढ़ी है, जिसकी वजह से वायु गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। पिछले तीन दिनों से लगातार बहुत खराब की श्रेणी में चल रहा एक्यूआई अब ह्यऑरेंज जोनह्ल यानी खराब श्रेणी में पहुँच गया है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि आने वाले दिनों में यदि हवा की गति बनी रही, तो प्रदूषण स्तर और नीचे आ सकता है, जिससे लोगों को स्मॉग से राहत मिलेगी। हालांकि मौसम विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि हवा की वजह से रातें और भी ठंडी होंगी। सुबह-सुबह बाहर निकलने वाले लोगों को सलाह दी गई है कि वे गर्म कपड़ों का उपयोग करें, क्योंकि अगले सप्ताह के बाद तापमान और नीचे जाने की संभावना बढ़ जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान से ज्यादा न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होने के चलते ठंड के असर देखने को मिल रहे हैं।

# वर्ल्ड कप स्टार दीप्ति शर्मा का घर लौटने पर द्वारका की कात्यायनी सोसाइटी में का हुआ भव्य स्वागत

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** भारत की ऐतिहासिक आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 विजय के बाद टीम इंडिया की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा जब अपने घर द्वारका लौटीं, तो कात्यायनी सोसाइटी के निवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस स्वागत का नेतृत्व दिल्ली पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष पारुल गर्ग ने किया।

भारत ने 2 नवम्बर 2025 को नवी मुंबई के डी. वाई. पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से पराजित कर अपना पहला आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीता है। इस ऐतिहासिक जीत ने पूरे देश गौरवान्वित किया है।



इस जीत के बाद दीप्ति शर्मा एक ही संस्करण में 200 से अधिक रन बनाने और 20 से अधिक विकेट झटकने वाली पहली खिलाड़ी (महिला या पुरुष) बन गई हैं। फाइनल मैच में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट भी चुना गया था।

इस मौके पर दिल्ली पैरालंपिक समिति की अध्यक्ष पारुल गर्ग, ने कहा, दीप्ति की यह उपलब्धि केवल उनका व्यक्तिगत गौरव नहीं, बल्कि हर उस भारतीय की जीत है जो मेहनत, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति में विश्वास रखता है। उन्होंने साबित किया है कि दृढ़ निश्चय और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।

दीप्ति के घर लौटने पर कात्यायनी सोसाइटी में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने उन्हें प्रेरणा का प्रतीक बताते हुए फूलों की वर्षा, तालियों और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया।

# जेएनयू की आंतरिक समिति चुनाव में वाम गठबंधन ने बाजी मारी

**नई दिल्ली।** प्रमुख संवाददाता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की आंतरिक समिति (इंटरनल कमेटी) चुनाव 2025-26 के परिणाम घोषित हो गए हैं। विश्वविद्यालय के डीन ऑफ स्टूडेंट्स कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, तीन विभिन्न श्रेणियों में छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। इसमें वाम गठबंधन ने जीत दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्नातक श्रेणी से गार्विता गांधी निर्वाचित हुई हैं, यह वाम गठबंधन में आइसा की उम्मीदवार थी। जबकि पोस्टग्रेजुएट श्रेणी से डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन (डीएसएफ) की श्रुति वर्मा ने जीत हासिल की है। वहीं, पीएचडी श्रेणी से स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के परन अमितावा ने जीत दर्ज की है। इन परिणामों की घोषणा डीन ऑफ स्टूडेंट्स कार्यालय ने आधिकारिक अधिसूचना के माध्यम से की, जिसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी जारी किया गया है। चुनाव के नतीजों के साथ ही विभिन्न छात्र संगठनों ने विजेताओं को बधाई दी है और छात्रों से विश्वविद्यालय में बेहतर प्रतिनिधित्व का आश्वासन दिया है। जेएनयू की आंतरिक समिति विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण, सुरक्षा और लैंगिक समानता जैसे मुद्दों पर सुझाव देने और नीति-निर्माण में सहयोग करने वाली महत्वपूर्ण निकाय है।

**एबीवीपी ने 23 में से 12 काउंसलर पदों पर जीत दर्ज की**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनावों की मतगणना लगातार जारी है। खबर लिखे जाने तक सेंट्रल पैनल की मतगणना शुरू हुई थी। जिसमें वाम गठबंधन ने बढ़त बनाई थी। सेंट्रल पैनल के मतगणना का परिणाम आज आने की संभावना है। बुधवार रात को आंकड़ों के अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने घोषित कुल 23 काउंसलर सीटों में से 12 सीटों पर जीत दर्ज की है। जिनमें से स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और स्पेशल सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर मेडिसिन में क्लीन स्वीप करते हुए सभी सीटें अपने नाम कर ली हैं। जबकि अन्य घोषित संकायों में एबीवीपी ने बहुमत में जेएनयूएसयू में काउंसलर की सीटें जीत ली हैं। इस वर्ष जेएनयू के विभिन्न संकायों 47 सीटों पर काउंसलर पद पर मतदान होना था जिनमे से 23 सीटों पर परिणाम घोषित हो चुके हैं, और अन्य पर मतगणना जारी है। केंदीय पैनल पर भी जेएनयूएसयू अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, एवं संयुक्त सचिव पद के लिए मतगणना शुरू हो गई है।

# डेंगू-मलेरिया-चिकनगुनिया को लेकर आआपा का आरोप भ्रामक राजनीतिक है : महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के झूठे आंकड़े प्रस्तुत कर आम आदमी पार्टी (आआपा) नागरिकों को भ्रमित और गुमराह करने का प्रयास कर रही है। करने का कार्य कर रही है। इस संबंध में पार्टी द्वारा लगाए गए आरोप पूर्णतः भ्रामक, निराधार एवं राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। पार्टी हताशा में आकर गलत तथ्यों के माध्यम से इस प्रकार की राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बातें दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को कही।

महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे निरंतर कार्यरत है। डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया के नियंत्रण हेतु निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे शहर में व्यापक फॉगिंग, एंटी-लार्वा स्प्रे एवं जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस विषय पर राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

महापौर ने कहा कि इस वर्ष अक्टूबर माह में डेंगू के केवल 377 मामले सामने आए, जबकि जब आम आदमी पार्टी दिल्ली नगर निगम एवं दिल्ली सरकार में सत्तासीन थी, अक्टूबर 2024 में डेंगू के 2,431 मामले तथा अक्टूबर 2023 में 2,003 मामले दर्ज किए गए थे। उन्होंने कहा कि इन आँकड़ों से स्पष्ट होता है कि आम आदमी पार्टी झूठे तथ्यों के आधार पर राजनीति कर रही है और नागरिकों में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।



उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के शासनकाल में केवल प्रचार-प्रसार पर धन व्यय किया गया, जबकि भाजपा लगातार जमीनी स्तर पर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए कार्य कर रही है। यही कारण है कि इस वर्ष पिछली बार की तुलना में डेंगू के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है।

महापौर ने बताया कि अब तक दिल्ली नगर निगम द्वारा 30,52,781 घरों में मच्छररोधी दवा का छिड़काव किया गया है। डीबीसी कर्मचारियों ने कुल 3,21,99,563 घरों का निरीक्षण किया है। मच्छरों की उत्पत्ति पाए जाने पर 1,43,440 कानूनी नोटिस जारी किए गए हैं और 28,028 मामलों में कार्रवाई की गई है।

उन्होंने कहा कि इन आँकड़ों से यह स्पष्ट है कि दिल्ली नगर निगम मच्छर जनित बीमारियों के विरुद्ध ठोस एवं सतत कार्रवाई कर रहा है ताकि नागरिकों को डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके।

महापौर ने यह भी बताया कि आम आदमी पार्टी ने नगर निगम के एमटीएस (पीएच) कर्मचारियों को हड़ताल के लिए उकसाने का प्रयास किया, ताकि दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के मामलों में वृद्धि हो और उसे राजनीति करने का अवसर मिल सके। किंतु एमटीएस (पीएच) कर्मचारियों ने दिल्ली नगर निगम की भाजपा सरकार पर विश्वास व्यक्त करते हुए हड़ताल समाप्त कर दी।

## समाचार

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता अब भी खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता में बुधवार को थोड़ा सुधार देखा गया, हालांकि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 273 के साथ हवा की स्थिति अब भी खराब श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के अनुसार, 27 निगरानी स्टेशनों में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई जबकि शादीपुर में 308 के आंकड़े के साथ यह बेहद खराब श्रेणी में रही। मंगलवार रात वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 291 दर्ज किया गया था। सीपीसीबी वर्गीकरण के अनुसार, 0 से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है। न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से 3.1 डिग्री अधिक है, जबकि सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 89 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

### गाजीपुर लैंडफिल साइट पर जैव खनन का तीसरा चरण शुरू होगा

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर लैंडफिल साइट में जैव खनन प्रक्रिया का तीसरा चरण शुरू किया जाएगा। निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त लीलाधर मेघवाल ने गाजीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया। इस संबंध में सत्या शर्मा ने बताया कि इस साइट पर जैव खनन का कार्य दूसरे चरण में है। दूसरे चरण के पूरा होने के बाद तीसरे चरण का कार्य शुरू करेंगे। तीसरे चरण के जैव खनन की प्रक्रिया के लिए टेंडर जारी करेंगे। इस लैंडफिल साइट पर एक नया वेस्ट टू एनर्जी संयंत्र भी स्थापित किया जाएगा, जिससे कूड़ा निस्तारण के साथ ऊर्जा उत्पादन भी होगा।

### चार नए ठोस अपशिष्ट संयंत्र स्थापित होंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि निगम चार नए ठोस अपशिष्ट संयंत्र स्थापित करेगा। इस योजना के तहत ये संयंत्र भलस्वा, सिंघोला, नरेला-बवाना और ओखला में स्थापित किए जाएंगे। भलस्वा व ओखला में लैंडफिल साइट के पास ये संयंत्र स्थापित होंगे। इसके तहत 5100 मीट्रिक टन प्रतिदिन कूड़े का निस्तारण चारों संयंत्र के जरिए किया जाएगा। इसमें 361.42 करोड़ रुपये लागत आएगी। महापौर ने कहा कि वायु और धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसमें तीनों लैंडफिल साइटों व अन्य संयंत्रों पर 20 स्थायी एंटी स्मॉग गन लगाए गए। 15 ऊंची इमारतों पर भी एंटी स्मॉग गन लगाए गए हैं। धूल कम करने के लिए 167 वॉटर स्प्रिंकलर और 28 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन का उपयोग किया जा रहा है।

### पत्थर से वार कर आंख फोड़ने वाला दोषी करार

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला अदालत ने महावीर एन्क्लेव इलाके में साल 2021 में एक राहगीर की आंख फोड़ने के मामले में आरोपी जगपाल को दोषी करार दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सौरभ गोयल की अदालत ने कहा कि पीड़ित की गवाही, चश्मदीद का बयान और मेडिकल रिपोर्ट से साबित होता है कि आरोपी ने बिना किसी उकसावे के हिंसक हमला किया और पीड़ित की एक आंख की रोशनी हमेशा के लिए चली गई। घटना 30 अक्तूबर 2021 की है। शिकायतकर्ता मोहम्मद सलीम अपने काम से लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि आरोपी एक मछली दुकान पर दुकानदार से बहस कर रहा है। सलीम ने उसे शांत रहने को कहा और वहां से चले गए। थोड़ी दूरी पर आरोपी ने सलीम को रोककर गाली-गलौच की और सड़क से पत्थर उठाकर उनकी आंख पर जोरदार वार कर दिया।

### युवक जानलेवा हमले का दोषी करार

**नई दिल्ली।** रोहिणी जिला अदालत ने वर्ष 2018 में एक व्यक्ति पर ईंट और चाकू से हमला करने वाले मोहम्मद सलीम को हत्या के प्रयास का दोषी करार दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में सफल रहा कि आरोपी ने शिकायतकर्ता जग्गी की हत्या के इरादे से ही हमला किया था। यह मामला 25 नवंबर 2018 का है। शिकायत के मुताबिक, जग्गी अपने ऑफिस से लौट रहे थे। रास्ते में डाबड़ी एक्सटेंशन के पास सलीम ने उन पर हमला कर दिया। घटना में जग्गी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, दो बदमाश दबोचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में यूपी के बागपत निवासी हथियार सप्लायर गुरमीत सिंह और ग्रेटर नोएडा निवासी रिसीवर सुमित शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से दो पिस्तौल, पांच तमंचे और 11 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि आरोपी गुरमीत बागपत के सरूरपुर गांव में अपने ठिकाने पर है। टीम ने तकनीकी निगरानी के जरिये उसकी लोकेशन ट्रेस कर खेतों में बने ट्यूबवेल के पास से उसे दबोच लिया। वहां वह हथियारों की टेस्टिंग सुविधा चला रहा था। पूछताछ में गुरमीत ने खुलासा किया कि वह एनसीआर और राजस्थान के कई गैंगस्टरों को अवैध हथियार सप्लाई करता था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रिसीवर सुमित को द्वारका में राधा स्वामी सत्संग के सामने से गिरफ्तार किया। सुमित पर राजस्थान पुलिस ने दस हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। जांच में उसके पास से मिली कार साउथ कैंपस इलाके से चोरी की निकली। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी है।

### जानलेवा हमला करने वाला बदमाश पकड़ा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने वजीराबाद में कहासुनी के बाद युवक पर जानलेवा हमला कर फरार हुए बदमाश को द्वारका से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गाजियाबाद के लोनी निवासी समीर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। पुलिस को सूचना मिली थी कि समीर द्वारका इलाके में छिपा है। टीम ने छापेमारी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में समीर ने बताया कि झगड़े के दौरान उसने युवक पर हमला किया था। वह 10वीं तक पढ़ा है और ज्वेलरी बॉक्स बनाने का काम करता था।


उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस सं. 93256119 दिनांक 04.11.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110055 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं. | विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 93256119 | संलग्न तकनीकी विनिर्देशों के अनुसार गैर संपर्क लेजर स्कैनिंग आधारित व्हील प्रोफाइल माप प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। | 6 नग | 04.12.2025 |

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

3438/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गुरुग्राम महानगर किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का गठन

- जिला अध्यक्ष अमित भारद्वाज ने की घोषणा
- सैकड़ों लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्य



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू ।** तावडू मानेसर सेक्टर-1 स्थित कार्यालय पर किसान मोर्चा के गुरूग्राम महानगर जिला अध्यक्ष अमित भारद्वाज द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए अमित भारद्वाज ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष प. मोहनलाल बड़ौली, जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी से विचार-विमर्श उपरांत किसान मोर्चा की जिला टीम का गठन किया गया है। जिला प्रभारी राजकुमार बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक नवम्बर से संगठन स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। इसी कड़ी में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा भी कई बड़े कार्यक्रमों को आयोजन किया जाना है। इसी के मद्देनजर जिला स्तर पर एक मजबूत टीम की घोषणा की गई है। वहीं, गुरुग्राम महानगर के भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता हर समय एक्टिव मोड में रहता है। उन्हाने आशा व्यक्त की कि किसान मोर्चा की नई टीम पूरे उत्साह एवं समर्पण भाव के साथ धरातल पर सक्रियता से कार्य करेगी। अमित भारद्वाज ने विश्वास दिलाया कि गुरुग्राम महानगर जिला में भाजपा किसान मोर्चा सबसे मजबूत होगा। केंद्र और प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों एवं योजनाओं की जानकारी जिला के हर घर-हर किसान तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। इस दौरान किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। जिला प्रभारी राजकुमार बोहरा और जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने पटका पहनाकर सभी का भाजपा परिवार में आने पर स्वागत किया। इस मौके पर किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला महामंत्री धर्मेंद्र तंवर सोहना और धर्मेंद्र यादव पटौदी, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप सैनी व मुकेश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी नरेश सैनी, समेत किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वोट चोरी कर भाजपा ने किया बादशाहपुर की जनता के साथ विश्वासघात: वर्धन यादव

- संविधान को तार-तार कर हरियाणा में भाजपा ने बनाई सरकार, बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में की गई 74 हजार 62 वोटों की चोरी : वर्धन यादव
- राहुल गांधी ने तथ्यों के साथ किया हरियाणा में सत्ता चोरी का पदार्फाशः वर्धन यादव





**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम ।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी द्वारा भाजपा द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव में षडड्ंत्र के तहत की गई वोट चोरी को तथ्यों के आधार पर उजागर किया जिसके समर्थन में जिला कांग्रेस ने भारी संख्या में कार्यकताओं की उपस्थिति में कैंडल मार्च भी निकाला।

लोकतंत्र की रक्षा के इस जनआंदोलन में हर एक कांग्रेसी में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बादशाहपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष वर्धन यादव ने राहुल गांधी द्वारा किए गए खुलासे का पुरजोर समर्थन किया और कहा कि भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में षडड्ंत्र के तहत वोट चोरी कर सरकार बनाई है। संविधान को तार-तार करने का काम किया है। वर्धन यादव का कहना है कि बादशाहपुर विधानसभा की जनता के साथ भाजपा ने 74 हजार 62 वोटों की चोरी कर बड़ा विश्वासघात किया है। भाजपा द्वारा 5 प्रकार से वोट चोरी को अंजाम दिया गया। जैसे 11 हजार 744 फर्जी मतदाता, 7 हजार 437 फर्जी व अमान्य पते, बड़ी संख्या में एक ही पते पर 59 हजार 44 मतदाता, 1234 अमान्य फोटो व 353 गलत आयु के मतदाता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे तथ्यों के साथ अपनी बात रखी और भाजपा द्वारा किए गए षडयंत्र को सामने रखा कि हरियाणा में 25 लाख से अधिक वोटों में गड़बड़ी कर चुनाव परिणामों को प्रभावित किया गया।

बादशाहपुर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे वर्धन यादव का कहना है कि चुनाव में उन्हें अपार समर्थन मिलने एवं जनता द्वारा मिल रहे सहयोग से वो परिणाम के प्रति पूरे आश्वस्थ थे की बादशाहपुर से कांग्रेस विजयी होगी, लेकिन जब भारी मार्जिन से भाजपा का विधायक जीता तो ये बात वर्धन यादव एवं उनके कार्यकताओं को समझ नहीं आई जिसके बाद से ही उन्होंने निरंतर 8 महीने की मेहनत से एक-एक बूथ को खंगालना शुरू किया। जिसके परिणामस्वरूप उन्हें बादशाहपुर विधानसभा में 74,062 फजी वोट मिले, जिसकी जानकारी उन्होंने राहुल गांधी को दी। उसके बाद राहुल गांधी की टीम ने धरातल पर सर्वेक्षण किया तो सभी सबूत सही पाए गए फिर राहुल गांधी ने हरियाणा में वोट चोरी को लेकर प्रेस कांफ्रेंस का फैसला लिया। ग्रामीण जिलाध्यक्ष वर्धन यादव का कहना है कि राहुल गांधी जी ने भाजपा द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान जो षडयंत्र रचकर जनता के साथ धोखाधड़ी की थी, उसको उजागर करने का काम किया है। भाजपा एक लोकतंत्र विरोधी पार्टी है, जो संविधान में बिल्कुल विश्वास नहीं रखती। जब मौका मिलता है तब संविधान को तार-तार करने काम भाजपा करती है। हरियाणा में जो सरकार बनी है, वह फर्जी वोटों के आधार पर जीतकर बनी है। उनका कहना है कि राहुल गांधी ने अपने प्रजेंटेशन में हरियाणा की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि ब्राजील की एक मॉडल ने हरियाणा चुनाव के दौरान 10 बूथ पर 22 बार वोट डाला। इस तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में 25 लाख वोटों की चोरी हुई। उन्होंने सबसे पहले हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का वीडियो भी दिखाया। वर्ष 2024 चुनाव परिणाम के 2 दिन पहले मुख्यमंत्री ने एक बाइट दी, जिसमें उन्होंने व्यवस्था का जिक्र किया। अब यह व्यवस्था क्या है। इसके बाद जो परिणाम आया हरियाणा में कांग्रेस चुनाव हार गई। उनका कहना है कि कांग्रेस इस फजीर्वाड़े पर चुप बैठने वाली नहीं है। सडक से संसद तक जनता के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी। संविधान को तार-तार नहीं होने दिया जाएगा।

# गुरुग्राम : लिव इन में रह रही युवती की हत्या कर शव को बेड के नीचे छिपाया

**गुरुग्राम।** लिव इन में रह रही एक युवती की हत्या कर दी गई। बुधवार को शव से बदबू फैलने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बंद घर को खुलवाकर शव को बेड के नीचे से बाहर निकाला। मृतक युवती की पहचान अंगूरी निवासी कापसहेड़ा के रूप में हुई है। पुलिस युवती के हत्यारे की तलाश में जुट गई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में युवती का गला घोंट कर हत्या करने का पहलु सामने आया है, हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार करीब डेढ़ साल पहले से अनुज नाम के युवक के साथ अंगूरी लिव इन में रहती थी। 20 दिन पहले ही डूंडाहेड़ा में अनुज के साथ रहने के लिए आई थी। आरोप है कि अनुज सप्ताह भर पहले युवती की हत्या कर मकान को बाहर से बंद कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार अंगूरी का शव काफी गल चुका था और बदबू आ रही थी। पुलिस ने मौके पर ही एफएसएल टीम को बुलाया और जांच पड़ताल शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में भेज दिया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि अंगूरी नाम की यह युवती 9 बजे ड्यूटी जाती थी और शाम को 7 बजे वापस आती थी। स्थनीय लोगों के अनुसार युवती को आखिरी बार पिछले शुक्रवार को देखा गया था इसके बाद वह दिखाई नहीं दी। लोगों के अनुसार आज बुधवार को युवती के घर से बदबू आने लगी तब इसकी सूचना पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ठगी के आरोप में बैंक कर्मचारी समेत पांच गिरफ्तार

**नूंह ।** साइबर अपराध थाना पुलिस ने साइबर ठगी के आरोप में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी फर्जी सिम कार्डों का इस्तेमाल कर आम लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार बना रहे थे। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किया है। इस बारे में आयुष यादव सहायक पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये गिरफ्तारियां पुलिस द्वारा गुप्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर की गई है। पहले मामले में फर्जी सिम पर साड़ी बेचने के नाम पर ठगी करने वाले आरिफ अली और रहीस की गिरफ्तारी की गई है। आरोपी आरिफ अली और रहीस दोनों निवासी पचगांव ने फर्जी सिम कार्डों पर अपनी पहचान छिपाकर साड़ी के थोक विक्रेता बनकर ऑनलाइन साड़ियां बेचने के नाम पर आम जनता को झांसा देकर धोखाधड़ी की। आरिफ अली की तलाशी में एक मोबाइल फोन और एक जियो सिमकार्ड बरामद हुई है। वहीं रहीस से एक मोबाइल और दो सिम कार्ड बरामद की गईं हैं । दूसरे मामले में आरोपी नदीम निवासी जैतलाका को गिरफ्तार किया गया। आरोपी साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न मामलों में संलिप्त पाया गयाहै। जबकि आरोपी राकेश कुमार निवासी महिपालपुर, दक्षिण दिल्ली को गिरफ्तार किया गया। आरोपी जियो केयर पीओएस एजेंट के रूप में काम करता था और सिम होल्डर की जानकारी के बिना दो जियो सिम जारी कर साइबर अपराधियों को प्रदान करता था। पुलिस ने इसके पास से एक मोबाइल फोन और एक जियो सिम बरामद किया। उन्होंने बताया गया कि साइबर अपराध टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की जानकारी के आधार पर आरोपी को पकड़ा है। इसके साथ ही चौथे मामलें में आरोपी आशीष कुमार निवासी टावर 14 कोस्मोस सोसाइटी भिवाड़ी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी फर्जी अकाउंट खोलकर साइबर अपराधियों को प्रदान करता था और वह पूर्व में एचडीएफसी बैंक भिवाड़ी ब्रांच का कर्मचारी था।

# हरियाणा में बीजेपी की वोट चोरी पकड़े जाने पर बिफरे कांग्रेसी, गुडगांव में निकाला कैंडल मार्च

- हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी से बीजेपी का चोर चेहरा देश के सामने आया: पंकज डावर
- बीजेपी ने संविधान को तार-तार करने का काम किया: वर्धन यादव
- बिहार की जनता तय करे उसे वोट चोर सरकार चाहिए या ईमानदार महागठबंधन सरकार
- बीजेपी ने लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया, चुनाव आयोग बराबर का दोषी
- गुडगांव जिला कांग्रेस ने बीजेपी द्वारा वोट चोरी के विरोध में निकाला गया कैंडल मार्च




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम ।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बीजेपी की वोट चोरी की हरकत को देश के सामने रखे जाने के बाद गुडगांव जिला कांग्रेस की ओर से विरोध स्वरूप कैंडल मार्च निकाला गया। इसकी नेतृत्व जिला शहरी अध्यक्ष पंकज डावर व ग्रामीण अध्यक्ष वर्धन यादव ने किया। इस दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और हजारों कार्यकताओं ने कैंडल व मशाल थामी और बीजेपी के खिलाफ मजबूती से विरोध जताया। कैंडल मार्च में कांग्रेसी नेताओं और कार्यकताओं में बीजेपी के खिलाफ काफी रोष रहा।

इस अवसर पर कांग्रेस के गुडगांव जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बीजेपी की वोट चोरी की हरकत पर खुलासा करके देश के सामने उसका चोर चेहरा उजागर कर दिया है। पंकज डावर ने कहा कि हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी करने वाली भाजपा ने लोकतंत्र की गला घोंटकर हत्या करने का काम किया है। सांसद राहुल गांधी द्वारा यह खुलासा किए जाने के बाद पूरी बीजेपी तिलमिला गई है। उल-जलूल बयान देकर मामले को बीजेपी दबाने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने खुलासा किया है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी द्वारा 25 लाख वोटों की चोरी की गई। उन्होंने कहा कि 3.5 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट के काटे गए। फॉर्म 6, फॉर्म 7 के आधार पर भी वोट चोरी की गई। पंकज डावर के मुताबिक राहुल गांधी के खुलासे में यह सामने आया है कि हरियाणा में एक फोटो वाले दो बूथों पर एक ही व्यक्ति के 223 वोट थे। हरियाणा की मतदाता सूची में 1.24 लाख फर्जी मतदाता हैं। हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी में से 5.21 लाख डुप्लीकेट मतदाता, 93174 अवैध मतदाता और 19.26 लाख थोक मतदाता शामिल हैं। बीजेपी ने इस तरह का फजीर्वाड़ा करके लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करने का काम किया है। यह भारत की जनता विशेषकर युवाओं के साथ छलावा है और उनका भविष्य खराब किया जा रहा है। बीजेपी का यह कृत्य किसी भी सूरत में माफ करने के लायक नहीं है। पंकज डावर ने मांग की है कि देश की सर्वोच्च अदालत को इसमें स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। क्योंकि चुनाव आयोग से न्याय की कोई उम्मीद नहीं है। वह तो खुद इस चोरी में शामिल है। पंकज डावर ने कहा कि शुरूआती रुझानों में हरियाणा विधानसभा के चुनाव के वोटों की गिनती में पूरा मीडिया कांग्रेस को बहुमत की ओर बता रहा था। अचानक कांग्रेस का ग्राफ घटा दिया गया। यह अपने आप में बहुत बड़ी साजिश रही। कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की ओर अग्रसर थी, लेकिन बीजेपी की चोरी की रणनीति के आगे ऐसा संभव नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पत्रकारों के समक्ष सरकार बनाने का दावा और एक पत्रकार के सवाल के जवाब में यह कह देना कि हमने सब व्यवस्था कर रखी है, यह बीजेपी की वोट चोरी को साबित करता है। उन्होंने देश के युवाओं से आह्वान किया है कि अगर वे अब नहीं जागे भी उनका भविष्य अंधकारमय होगा। एक समय ऐसा आएगा जब बीजेपी चुनावी प्रक्रिया को खत्म करके तानाशाही तरीके से देश पर राज करेगी। पंकज डावर ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा बिहार चुनाव से एक दिन पहले बीजेपी की वोट चोरी को सार्वजनिक करने से पूरी बीजेपी तिलमिला गई है। बीजेपी को कुछ कांग्रेस के खिलाफ बयान देने के अलावा कुछ सूझ ही नहीं रहा। बीजेपी वोट चोरी के आंकड़ों पर कुछ बोलने की स्थिति में ही नहीं है। बादशाहपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष वर्धन यादव ने राहुल गांधी द्वारा किए गए खुलासे का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में षडयंत्र के तहत वोट चोरी कर सरकार बनाई है। संविधान को तार-तार करने का काम किया है। वर्धन यादव का कहना है कि बादशाहपुर विधानसभा की जनता के साथ भाजपा ने 74 हजार 62 वोटों की चोरी कर बड़ा विश्वासघात किया है। भाजपा द्वारा 5 प्रकार से वोट चोरी को अंजाम दिया गया। जैसे 11 हजार 744 फर्जी मतदाता, 7 हजार 437 फर्जी व अमान्य पते, बड़ी संख्या में एक ही पते पर 59 हजार 44 मतदाता, 1234 अमान्य फोटो व 353 गलत आयु के मतदाता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे तथ्यों के साथ अपनी बात रखी और भाजपा द्वारा किए गए षडयंत्र को सामने रखा कि हरियाणा में 25 लाख से अधिक वोटों में गड़बड़ी कर चुनाव परिणामों को प्रभावित किया गया।

# किरायेदार-नौकरों की वैरिफिकेशन का अभियान शुरू

**नूंह ।** नूंह पुलिस ने नौकर और किराएदारों की वैरिफिकेशन (सत्यापन) का अभियान शुरू किया है। इसका मकसद आपराधिक तत्वों की पहचान करना है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने लोगों से अपने-अपने नौकर और किराएदारों की वैरिफकेशन करवाने का आग्रह किया है। यदि कोई लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए किरायदारों और नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी है। इसमें लोगों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कुछ आपराधिक किस्म के व्यक्ति जो बाहर से आकर किराए पर रहकर अपराध को अंजाम देकर भाग जाते हैं । उनका रिकार्ड न तो मकान मालिक के पास होता ना पुलिस के पास होता है। इसे देखते हुए किरायेदारों की सत्यापन रिपोर्ट करवाकर संबधित पुलिस थाना में रिकार्ड जमा करवाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा किरायदारों व नौकरों की वेरीफिकेशन हेतु समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाता रहा है। अभियान के तहत जितना जल्दी संभव हो लोग अपने किरादारों व नौकरों का पुलिस वेरिफिकेशन करा लें। उन्होंने कहा कि वेरीफिकेशन करवाने से यह पता चल जाएगा कि किरायेदार या नौकर किसी अपराधिक मामलें का आरोपी यहां किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति तो नहीं है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि जिला के सभी व्यापारिक संस्थान, औद्योगिक संस्थान, फैक्ट्रियां, ढाबा व रेस्टोरेंट एवं व ठेकेदारों के पास जितने भी बाहरी राज्यों के कर्मचारी हैं, उनकी पुलिस वेरिफिकेशन करवा कर ही काम पर रखें। इसका रिकॉर्ड संबंधित थाना चौकी में भी जमा करवाएं तथा जो लोकल लोग काम कर रहे हैं उनका आधार कार्ड भी मालिक के पास होना चाहिए। जिसने भी इस कार्य में लापरवाही बरती उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में सत्यापन के लिए एक रजिस्टर है, जिसमें थाना क्षेत्र के नौकरों और किरायेदारों की तस्वीर के साथ उनका परिचय होता है। सत्यापन से अपराध पर भी अंकुश लगता है। सत्यापन नहीं कराने का परिणाम बड़ी-बड़ी घटनाओं के रूप में सामने आता है। जबकी वैरिफिकेशन होने उपरांत असल आरोपी पर शीघ्र ही शिकंजा कसने में कामयाबी मिलती है।

# दो दिन में निगम ने किए 431 चालान

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रदूषण और ग्रैप के नियमों का उल्लंघन पर निगम ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम ने दो दिन में 431 चालान करके पौने चार लाख रुपये का जुमार्ना वसूल किया है। इसके अलावा पांच वाहनों को भी जब्त करने की कार्रवाई की है। निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से स्वच्छता अभियान और ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वच्छता से संबंधित कार्यों की गति बढ़ाएं और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बैठक में बताया गया कि निगम क्षेत्र में कचरा फैलाने, प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने, सार्वजनिक स्थलों पर कचरा या मलबा डंप करने जैसी गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई जारी है। पिछले दो दिनों में निगम की सहायक सफाई निरीक्षक टीमों द्वारा 423 चालान जारी किए गए हैं, जिन पर कुल 2,56,600 रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा सेनिटेशन सिक्योरिटी फोर्स ने अवैध कचरा व मलबा डंप करने वालों पर भी कार्रवाई की है। उनके द्वारा 5 वाहनों को जब्त किया गया है और 6 चालान करते हुए 70 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया है। साथ ही, कचरे में आग लगाने वालों पर भी निगरानी बढ़ाई गई है। पिछले दो दिनों में 3 लोगों के चालान करते हुए उनसे 15 हजार रुपए का जुमार्ना वसूल किया गया है। धूल-मिट्टी व खरपतवार हटाने का कार्य तेज गति से जारी मिशन प्रदूषण मुक्त स्वच्छ गुरुग्राम अभियान के तहत निगम क्षेत्र की प्रमुख सड़कों से धूल-मिट्टी, खरपतवार और सीएंडडी वेस्ट हटाने का कार्य चल रहा है। जोन-1 में हीरो होंडा चौक से सुभाष चौक होते हुए बख्तावर चौक तक सड़क की सफाई तेजी से चल रही है। जोन-2 में श्याम बाबा चौक से शोभा सिटी रोड तक, जोन-3 में ओल्ड और न्यू रेलवे रोड व एमजी रोड पर, जोन-4 में अतुल कटारिया चौक से हुडा सिटी सेंटर रोड तक सफाई कार्य जारी है। निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि इन सभी सड़कों पर चल रहे कार्य 15 नवंबर तक पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी विभागों के ठेकेदार अपने निर्माण कार्यों के दौरान उत्पन्न मलबा और मिट्टी का तुरंत उठान सुनिश्चित करें। इसके अलावा, बस क्यू शेल्टर को नियमित रूप से साफ रखने और सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंट से कचरा उठान तेज करने के भी निर्देश दिए।

## गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे पर कार-ऑटो की टक्कर में दो की मौत

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह लगभग पांच बजे तेज रफ्तार कार ने आईएमटी एग्जिट के पास ऑटो में पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो में सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को नजदीक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया तथा मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। एक्सप्रेस-वे पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फरार कार चालक की पहचान की जा सके।

## समाचार

# लावारिस कुत्तों को खाना देने पर महिला को धमकाने का आरोप

**गुरुग्राम।** साउथ सिटी दो के जी ब्लॉक में लावारिस कुत्तों को खाना खिलाने पर एक महिला के घर के बाहर मंगलवार रात को काफी संख्या में लोग जुट हो गए। महिला का आरोप है कि लोगों ने धमकी दी। इस सिलसिले में सेक्टर-50 पुलिस थाना में शिकायत दी गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साउथ सिटी दो के जी ब्लॉक निवासी अल्का त्यागी ने बताया कि उनके ब्लॉक में रहने वाले तीन लावारिस कुत्तों को वह खाना खिलाती हैं। इसके विरोध में मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे उनके घर के बाहर काफी संख्या में लोग जुट गए। उन लोगों ने धमकी दी कि यदि कुत्तों को खाना खिलाना बंद नहीं किया तो उसके लिए ठीक नहीं होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के इस तरह के व्यवहार को देखकर वह काफी डरी हुई हैं। उन्हें मानसिक रूप से परेशानी हुई है। उन्होंने कहा कि लावारिस कुत्तों को खाना खिलाकर वह ई कानून नहीं तोड़ रही है। आरोप लगाया कि अभी तक आरडब्ल्यूए ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कुत्तों को खाना खिलाने के लिए जगह का चयन नहीं किया है। उन्होंने पुलिस से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इस महिला ने उनके घर के बाहर लोगों की भीड़ की सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराई है।

# दुकानदारों ने मिट्टी और सिलेंडरों से बुझाई ट्रांसफार्मर के नीचे लगी आग

**सोहना।** सोहना शहर के अंबेडकर बाईपास चौक पर बुधवार की सुबह दुकानदारों की बहादुरी और सूझबूझ से बिजली के ट्रांसफार्मर में लगने वाली एक बड़ी आग की घटना टल गई। आसपास से दौड़कर आए दुकानदारों ने मिट्टी और सुरक्षा सिलेंडरों का इस्तेमाल करते हुए आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। अंबेडकर बाईपास चौक से गुरुग्राम की तरफ जाने वाले मार्ग पर सर्विस रोड के किनारे लगा बिजली निगम का ट्रांसफार्मर। ट्रांसफार्मर जमीन से मात्र 5 फीट की ऊंचाई पर एच पोल पर लगा हुआ था। बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे यह घटना हुई। बताया गया कि ट्रांसफार्मर के नीचे पड़े कचरे और सूखी घास में अचानक आग लग गई। आग की ऊंची लपटों ने जल्द ही ट्रांसफार्मर से नीचे की ओर लटक रहे केबलों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया, जिससे आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने दिखाया हौसला आग को बेकाबू होते देख, दुकानदारों ने तुरंत एक्शन लिया। उन्होंने सबसे पहले अपनी दुकानों में रखे सुरक्षा सिलेंडरों (अग्निशमन यंत्रों) से आग बुझाने की कोशिश की। जब आग काबू में नहीं आई, तो वह घटना स्थल से दूर पड़ी मिट्टी को बाल्टी और तसलों में भरकर लाए और जलती हुई आग पर फेंकना शुरू कर दिया। दुकानदारों द्वारा दिखाए गए इस हौसले के कारण, लगभग 10 मिनट के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। दुकानदारों की त्वरित कार्रवाई से ट्रांसफार्मर और बिजली की केबलों को बड़ा नुकसान होने से बचा लिया गया, जिससे इलाके में संभावित बिजली कटौती और बड़ी दुर्घटना टल गई।

# निरीक्षण में 34 घरों में मिला डेंगू का लार्वा

**गुरुग्राम।** स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को जिले में डेंगू के 3,362 घरों में निरीक्षण किया। इस दौरान एंटी लार्वा टीम को 34 घरों में डेंगू का लार्वा मिला लेकिन टीम ने किसी को भी नोटिस नहीं भेजा। जिले में अब तक डेंगू के कुल मरीजों की संख्या 61 हो गई है। अब तक कुल 25 मरीजों का इलाज अस्पताल में किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को 13 लोगों की डेंगू की जांच के लिए सैंपल लिए। अब तक कुल 6,424 लोगों की डेंगू की जांच के लिए सैंपल लिए जा चुके हैं। इसके अलावा शहर में आठ मलेरिया के मामले सामने आ चुके हैं। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि इन दिनों मौसम बदल रहा है। इस वजह से वायरल बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। ऐसे में कोशिश करें कि बाहर निकलने समय पर मास्क का इस्तेमाल करें।

# पटौदी में बंदर पकड़ने का काम शुरू

**पटौदी।** नगरपरिषद पटौदी जाटौली मंडी में बंदरों को पकड़ने का काम शुरू किया गया। पिछले कई वर्षों से बंदरों के उत्पात से लोग परेशान थे। जाटौली निवासी सुरेंद्र चौहान के अनुसार, विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा कई बार बंदरों को पकड़ने के लिए अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं। नगरपरिषद चेयरमैन प्रवीण ठाकरिया ने परिषद के चुनाव के बाद पहली ही हाउस की मीटिंग में सभी पार्षदों की सहमति से बंदरों को पकड़ने के लिए प्रस्ताव पास किया था। परिषद के वार्ड नंबर एक के पार्षद रवि चौहान ने बताया कि बंदरों को पकड़ने के लिए ठेका दिया गया है। एजेंसी द्वारा बुधवार से अभियान चला गया। राजकीय महाविद्यालय जाटौली से इस अभियान की शुरूआत की। कॉलेज से लगभग आधा दर्जन बंदरों को पकड़ा गया है और आने वाले में 1200 बंदरों को पकड़ कर दूरदराज जंगलों में छोड़ा जाएगा। राजकीय महाविद्यालय जाटौली बंदरों ने अपना मुख्य ठिकाना बनाया हुआ है। नगरपरिषद के चेयरमैन प्रवीण ठाकरिया ने बताया कि बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया था।

# जीयू ने पीएचडी कोर्स वर्क के परीक्षा परिणाम किए घोषित

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने जुलाई 2025 में आयोजित पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार गणित और विधि विभाग के विद्यार्थियों के परिणाम अधिसूचित किए गए हैं। गणित विभाग में आयोजित परीक्षाओं में सभी विषयों में संतोषजनक परिणाम रहे। विद्यार्थियों ने फ्रैक्शनल कैलकुलस और इट्स एप्लिकेशन, रिसर्च और पब्लिकेशन एथिक्स, रिसर्च मेथडोलॉजी, रोबोटिक्स और कंट्रोल थ्योरी और रिव्यू ऑफ लिटरेचर जैसे विषयों में अच्छे अंक प्राप्त किए। वहीं, विधि विभाग में भी रिसर्च एंड पब्लिकेशन एथिक्स, रिसर्च मेथोडोलॉजी और कॉन्स्टिट्यूशनल लॉ विषयों में विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि पीएचडी कोर्स वर्क शोधार्थियों के लिए शैक्षणिक यात्रा का एक अहम चरण है और इस परीक्षा में सफल होने वाले सभी विद्यार्थियों को आगे के शोध कार्य के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं। यह परिणाम शोध के क्षेत्र में गुणवत्ता और समर्पण की दिशा में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# श्रद्धभाव व उल्लास के साथ मनाया गया गुरुनानक देव का जन्मोत्सव

**फिरोजपुर झिरका।** शहर के गढ़ अंदर स्थित श्री गुरुनानक देव जी का 556 वां जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के नूंह, तावडू, नगीना और पुन्हाना सहित फिरोजपुर झिरका में प्रकाश उत्सव के मौके पर प्रभात फेरी के साथ गुरुद्वारों में हजारों लोगों ने माथा टेक गुरु घर का आशीर्वाद लिया। इस दौरान गुरु घरों में विशाल लंगरों का आयोजन भी किया गया। जिसमें हजारों की संगत ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस मौके पर फिरोजपुर झिरका स्थित गुरुद्वारा समिति के ज्ञानी जी हरविंद्र सिंह ने बताया कि गुरुनानक जी ने कई मुख्य उपदेश दिए हैं। उन्होंने कहा ईश्वर एक है व सर्वत्र विद्यमान है। आज की इस भाग दौड़ की जिंदगी में तनामुक्त रहकर अपने कर्म को निरंतर करते रहना चाहिए। इस मौके पर प्रमुख समाजसेवी रमेश कामरा, पार्षद संजय बत्रा, शशीभूषण गांधी, अंकुर अरोडा , निक्कू खुराना, गुलशन गुलाटी, नितिन चावला, प्रदीप खुराना, नीरज मेहता, सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक तिगरी धाम गंगा मेले में वेंकटेश्वरा द्वारा बॉलीवुड म्युजिकल नाइट व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** ऐतिहासिक तिगरी धाम गंगा मेला-2025 में श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय की ओर से मुख्य स्नान की पूर्व संध्या पर शानदार बॉलीवुड म्युजिकल नाइट एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने आमजन का मन मोह लिया और हजारों की संख्या में पहुँचे श्रद्धालुओं व मेले में शामिल दर्शकों ने देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया। शाम 6 बजे से शुरू हुए बॉलीवुड म्युजिकल नाइट में मुंबई की मशहूर प्लेबैक सिंगर निष्ठा शर्मा ने 'सैयारे सैयारे', 'मैं घणी बावली हो गई', 'बीडी जलाई ले जिगर से' सहित एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।उनकी दमदार प्रस्तुति के दौरान पूरा सांस्कृतिक मंच तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। रात्रि 10 बजे आरम्भ हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर से आए ख्यातिप्राप्त कवियों



ने देशभक्ति, श्रृंगार, प्रेम, मातृत्व व और हास्य से ओतप्रोत काव्यपाठ कर श्रोताओं को सुबह 4 बजे तक बांधे रखा। सम्मेलन का संयोजन अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ0 दिनेश रघुवंशी द्वारा किया गया। दिल्ली की कवयित्री खुशबू शर्मा ने 'प्रेम ही प्रेम है ना दंगा है...आप कितने नसीब वाले हो, आपके पास पुण्य गंगा है।' कविता सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। चंदौसी की डॉ0 अंजू सिंह ने 'अपनी तकदीर कुछ इस तरह से बदल आयी...' की पंक्तियों से श्रोताओं की तालियाँ बटोरीं। जयपुर की सपना सोनी, बरेली के ओज कवि डॉ0 राहुल अवस्थी, लुधियाना के युवा कवि वरुण आनंद सहित ख्यातिप्राप्त कवियों ने अपने अंदाज में मंच पर रस, उत्साह और उमंग का संचार किया। सम्मेलन का संचालन डॉ0 दिनेश रघुवंशी ने करते हुए अपनी पंक्तियों–

'जो अपने प्राण देते हैं वो बेटे हैं किसानों के' से जनसमूह में जोश भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, सीडीओ अश्विनी मिश्र, एडीएम गरिमा सिंह व धीरेन्द्र प्रताप, एसडीएम विभा श्रीवास्तव तथा नगर पालिका अमरोहा के अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ0 पीयूष कुमार पाण्डेय, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# कार्तिक पूर्णिमा : स्नान करने को गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**उत्तम भारत संवाददाता**

**गजरौला।** बुधवार तड़के से कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान का मुख्य स्नान पर्व शुरू हो गया। 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने तिगरी व बृजघाट गंगा में गोता लगाकर पुण्यलाभ कमाया। गंगा स्नान के बाद तिगरी में पड़ाव डालकर रहने वाले श्रद्धालुओं ने अपने डेरे उखाड़े व घर वापसी की। मंगलवार शाम दीपदान के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ तिगरी व बृजघाट गंगा पर जमा हुई। वहीं कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने ही रात से ही तिगरी व बृजघाट गंगा पर पहुंचना शुरू कर दिया। जिसका असर बुधवार को गंगाघाटों पर दिखाई दिया। गंगा स्नान को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। घाट खाचखच भरा दिखाई दिए। पैर रखने तक की जगह नहीं बची। बुधवार तड़के से ही शुरू हुआ गंगास्नान शाम तक चलता रहा। वहीं तट पर बैठे पुरोहितों ने भगवान सत्यनारायण की कथा के साथ स्नान पूरा कराने के लिए श्रद्धालुओं को बैठाना शुरू कर दिया। यज्ञ और मंत्रों से गंगा के दोनों तटों पर श्रद्धा की बयार बह गई। नवजात बच्चों का ढोलक की



थाप पर मुंडन हुआ तो गंगा पूजन को लेकर महिलाओं के नाच गाने चलने लगे। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान समेत कई राज्यों व आसपास जिलों से भी आए श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया व सूर्य देव को अर्घ्य देकर घर में सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में देवी-देवताओं के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों को भोजन कराया। बहुत से श्रद्धालुओं ने गंगा किनारे अनुष्ठान भी करवाए। वहीं जिला प्रशासन ने कार्तिक पूर्णिमा पर लगभग 30 लाख श्रद्धालुओं के गंगा स्नान किए जाने का अनुमान जताया है।

# तेज रफ्तार टैंकर से कुचलकर छह वर्षीय मासूम की मौत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नौगावां सादात।** परिवार के लोगों के साथ शादी समारोह से घर लौट रहे छह वर्षीय नोमान की तेज रफ्तार टैंकर से कुचलकर मौत हो गई। पीलाकुंड गांव के पास यह हादसा मंगलवार देर शाम में हुआ। टैंकर छोड़ चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, टैंकर को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कस्बे के मोहल्ला बुध बाजार में इमरान का परिवार रहता है। वह बेंगलुरु में एक सैलून में काम करता है। परिवार में पत्नी फौजिया के अलावा दो बेटे हैं। बड़े बेटे अहसान की उम्र 10 साल है जबकि छोटा बेटा नोमान छह साल का था।

वह क्षेत्र में ही स्थित नूर पब्लिक स्कूल में नर्सरी में पढ़ रहा था। बहन की शादी के लिए इमरान घर आया हुआ था। मंगलवार दोपहर में परिवार के लोग गांव पीलाकुंड स्थित उत्सव मैरिज हॉल में एक शादी समारोह में गए थे। वहां से लौटते समय तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर नोमान भी सवार था।

टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गया और टैंकर से कुचलकर उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके पर टैंकर को फरार हो गया। हादसे के बाद परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जांच-पड़ताल करते हुए टैंकर को कब्जे में ले लिया तथा शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने परिवार को उचित मुआवजा देने और फरार चालक की जल्दी गिरफ्तारी की मांग की है।

# अमरोहा शहर को ट्रैफ़िक जाम से राहत, कई सड़कों का निर्माण कार्य मंजूर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** शहरवासियों को जल्द ही ट्रैफ़िक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। सदर विधायक अमरोहा एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री महबूब अली ने शहर की व्यस्त और जर्जर सड़कों के निर्माण को मंजूरी दिला दी है। निर्माण योजना के तहत नोगावां-अमरोहा मार्ग से रोज़ा अब्बास अली होते हुए इकरार नगर, चुपशाह मजार आबादी मार्ग सहित धनौरा-अमरोहा-ठाकुरद्वारा संपर्क मार्ग तथा ईदगाह से फाजलपुर संपर्क



मार्ग का नवीनीकरण कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि ये सड़कें काफी समय से टूट-फूट का शिकार थीं, जिसके चलते राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था और आए दिन जाम की स्थिति बनती रहती थी। विधायक महबूब अली ने कहा कि इन सड़कों के बन जाने से शहर के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और जाम की समस्या से निजात मिलेगी। शहरवासियों ने इस निर्णय पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से इन मार्गों के सुधारीकरण की मांग की जा रही थी, अब निर्माण कार्य शुरू होने से आम जनता को बड़ा लाभ मिलेगा।

# फरहान खान 11 की धमाकेदार जीत, APL-18 नफ़ीस अब्बासी कप 2025 के सेमीफ़ाइनल में प्रवेश

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** अमरोहा प्रीमियर लीग (APL-18) नफ़ीस अब्बासी कप 2025 में आज का मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। अब्बासी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान एवं अध्यक्ष फ़िरोज़ कमाल अब्बासी के नेतृत्व में खेली जा रही लीग के तहत फरहान खान 11 ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफ़ाइनल में जगह बना ली। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए आईफोन मिनी स्टोर अरशद मोबाइल ने मजबूत प्रदर्शन किया और निर्धारित ओवरों में 186 रन बनाए। टीम की ओर से अली मोहम्मद ने 60 तथा फैज़ान पाशा ने 61 रनों की शानदार पारियाँ खेलीं। गेंदबाज़ी में फरहान खान 11 के शावेज़ सिद्दीकी ने घातक प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फरहान खान 11 की टीम ने बेहतरीन टीमवर्क का परिचय दिया और लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम किया। टीम की जीत में सलीम खान की तूफानी 95 रन की पारी तथा अनस अंसारी के 33 रन निर्णायक रहे। अरशद कुरैशी और हमज़ा फारूकी ने अरशद मोबाइल की तरफ से दो-दो विकेट लिए। शानदार गेंदबाज़ी के लिए शहवेज़




सिद्दीकी को 'मैन ऑफ द मैच' तथा सलीम खान को 'सुपर स्टार ऑफ द मैच' पुरस्कार काशिफ खान द्वारा प्रदान किया गया। इस जीत के साथ ही फरहान खान 11 ने सेमीफ़ाइनल में प्रवेश सुनिश्चित किया। टूर्नामेंट का पहला सेमीफ़ाइनल 06 नवंबर 2025 को दोपहर 1:00 बजे हिंद एग्रीकल्चर और फरहान खान 11 के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट का संचालन अकादमी के कोच असलम सिद्दीकी की देखरेख में किया जा रहा है।

अब्बासी क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष फ़िरोज़ कमाल अब्बासी ने कहा कि अकादमी का उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को सशक्त मंच प्रदान कर भविष्य की प्रतिभाओं को निखारना है।मैच में अंपायर की भूमिका जमाल खान और निश्चल चौधरी ने निभाई, जबकि कमेंट्री तैय्यब सलमानी, अदनान मसरूर और तैय्यब सुल्तान ने की।

आयोजन समिति में क़ासिम अशरफ़, आरिफ मसूद, शादमान जैदी, फ़ैजुद्दीन सिद्दीकी, काशिफ मंसूरी, अनस जैदी, अमीन रायनी, मोनू सागर, मयंक शर्मा, तैय्यब सुल्तान, अजहर अब्बासी, गुफ़रान आबिद, फैज़ी ख़ान सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।मैदान में सैकड़ों क्रिकेट प्रेमियों ने मैच का आनंद लिया। प्रमुख रूप से सेफ़ एडवोकेट, मोहम्मद अहमद जैदी, शाहनवाज़ अंसारी, शानू खान, अदनान मसरूर, तंजील अहमद, आमिर मंसूरी, अमजद नौशाद, अरशद कुरैशी, फैज़ान, बिलाल अब्बासी, फैज़ खान, तारिक चीना, करण यादव, अभिषेक गिल, ज़करिया मंसूरी, क़ासिम आमिर मंसूरी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# 7 नवंबर को लगेगा ब्लड डोनेट कैंप

**किरतपुर।** किरतपुर ब्लॉक के ग्राम भोजपुर में बिजनौर क्लिनिक पर 7 नवंबर दिन शुक्रवार को एक ब्लड कैंप संजीवनी चैरिटेबल ब्लड सेंटर नजीबाबाद के सहयोग से लगाया जा रहा है। कैंप सुबह 9 बजे से 2 बजे तक लगाया जाएगा। कैंप में ज्यादा से ज्यादा लोग ब्लड डोनेट करके कैंप को सफल बनाएं।

# वंदे मातरम स्मरण उत्सव के आयोजन की तैयारियां तेज

*** उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियां समय पर पूरी करने के दिए निर्देश**

**फरीदाबाद।** जिला प्रशासन की ओर से शहर में वंदे मातरम स्मरण उत्सव आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने बुधवार को कैंप ऑफिस से अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को राष्ट्रगीत वंदे मातरम के महत्व को समझाना और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना है।

बैठक से पूर्व हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय बैठक में वंदे मातरम स्मरण उत्सव के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सात नवंबर के उनके कार्यक्रम राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुरूप हों और उच्च स्तर पर वंदे मातरम का सामूहिक गायन हो। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि भारत की अस्मिता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक राष्ट्र गीत वंदे मातरम प्रसिद्ध बंगाली लेखक और महान कवि बंकिम चंद्र चटर्जी की सुप्रसिद्ध रचना है। यह गीत इतना प्रसिद्ध हुआ कि भारत के लगभग सभी क्रांतिकारियों, देशभक्तों ने इसे खुले मन से स्वीकार किया और लगभग आधी शताब्दी तक भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का प्रेरणा स्रोत रहा।

उपायुक्त सिंह ने कहा कि बताया कि राज्य स्तरीय मुख्य समारोह सात नवंबर को अंबाला में किया जाएगा जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तर और उपमंडल स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, कॉलेजों, अस्पतालों व पुलिस थानों में वंदे मातरम 150 एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम होंगे। प्रभात फेरी, रैली, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं के साथ-साथ शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# नारनौल में स्वास्थ्य विभाग की टीम का छापा, भ्रूण जांच करते रंगे हाथों दबोचा

**नारनौल।** भ्रूण लिंग जांच जैसे घिनौने धंधे पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार रात को ढाणी ठाकरान निवासी भवानी को रंगे हाथों पकड़ लिया, जबकि कालबा निवासी धर्मपाल अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। टीम ने आरोपी के कब्जे से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, जेली और अन्य उपकरण बरामद किए हैं।

हैरानी की बात यह रही कि आरोपी यह मशीन बाइक की डिग्गी में छिपाकर घूमता था। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार उनको गुप्त सूचना मिली थी कि नांगल चौधरी क्षेत्र में भ्रूण के लिंग की अवैध जांच की जा रही है। सूचना की पुष्टि के बाद पीसी एंड पीएनडीटी टीम ने एक योजनाबद्ध जाल बिछाया। इसके लिए एक बिचौलिया और डिकॉय पेशेंट तैयार किए गए, जिन्होंने आरोपियों से संपर्क साधा। ऑपरेशन के दौरान कालबा निवासी धर्मपाल ने डिकॉय पेशेंट से संपर्क किया और भ्रूण लिंग जांच की एवज में 50 हजार रुपये की मांग की। सौदा तय होने के बाद धर्मपाल ने रात 11 बजे मिलने का समय दिया। तय समय पर डिकॉय पेशेंट और बिचौलिया बताए स्थान पर पहुंचे, जहां से धर्मपाल उन्हें कालबा से ढाणी ठाकरान लेकर गया। वहां धर्मपाल ने अपने साथी भवानी को बुलाया, जो बाइक पर अल्ट्रासाउंड मशीन और उपकरण लेकर पहुंचा। भवानी ने मौके पर भ्रूण का लिंग जांच किया।

इसी दौरान पास में ही पीसी एंड पीएनडीटी इंचार्ज डॉ विजय, डॉ नरेंद्र कुमार, लिपिक अश्विनी तथा पुलिस टीम में लेडी कांस्टेबल रेणु, हेड कांस्टेबल पवन और एसपीओ सुरेंद्र जाल बिछाकर तैयार थे। संकेत मिलते ही टीम ने फौरन कार्रवाई की। जैसे ही भवानी बाइक से लौटने लगा तो टीम ने उसे रोक लिया। तलाशी में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, जेली और अन्य उपकरण बरामद हुए। मौके पर भवानी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि धर्मपाल मौके का फायदा उठाकर भाग गया। पलिस धर्मपाल की तलाश में जुटी हुई है।

# गौठान में 14 मवेशियों की मौत, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

**कोरबा/जांजगीर-चांपा।** ग्राम सलखन के गौठान में मवेशियों की मौत के मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे (आईपीएस) के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।

थाना शिवरीनारायण पुलिस से बुधवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 अक्टूबर 2025 को सूचना मिली थी कि ग्राम सलखन के गौठान में कई मवेशी मृत अवस्था में पड़े हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच के दौरान कुल 14 मवेशियों, जिनमें 7 गाय और 7 बैल शामिल थे के शव बरामद किए। इसके अलावा 5 मवेशियों के कंकाल तथा 3 घायल मवेशी भी मिले। घायल पशुओं का इलाज कराया गया जबकि मृत पशुओं का पंचनामा गवाहों की उपस्थिति में किया गया।

घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, पशु चिकित्सक, हल्का पटवारी और पुलिस स्टाफ मौजूद थे। मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम उप संचालक एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सक जांजगीर द्वारा कराया गया। बाद में ग्राम पंचायत के सदस्यों, सरपंच और ग्रामीणों की मौजूदगी में मवेशियों का अंतिम संस्कार किया गया।

जांच में यह पाया गया कि गौठान के भीतर बने नवा तालाब के चारों ओर तार से घेरा गया था। उसी क्षेत्र में कई मवेशियों के शव और कंकाल पड़े थे। प्रथम दृष्टया जांच में यह प्रतीत हुआ कि गौठान संरक्षक की लापरवाही के कारण मवेशियों की मृत्यु हुई है। इस मामले में थाना शिवरीनारायण पुलिस ने अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 325 भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 11(1)(क) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई प्रारंभ की है।

इस पूरे मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में की जा रही है। पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी रामप्रसाद बघेल को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरुनानक देव का प्रकाशोत्सव

**हरिद्वार।** कार्तिक पूर्णिमा पर गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव गुरुद्वारों में पूरी श्रद्धा का साथ धूमधाम से मनाया गया। 556 वें प्रकाशोत्सव पर श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे पहुंचकर श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के आगे माथा टेककर आशीर्वाद लिया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। भेल स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही लंबी कतार लगी रही। प्रधान सुदीप सिंह सलूजा ने बताया कि प्रबंधक कमेटी द्वारा पिछले 20 दिनों से लगातार प्रभात फेरियां निकाली गई। सोमवार को श्री अखंड पाठ प्रारंभ और प्रकाश पर्व पर समाप्ति हुई। प्रकाश पर्व पर भाई इंदरजीत सिंह, भाई गुरप्रीत सिंह, बजाई ओमवीर सिंह ने शब्द कीर्तन से श्रद्धालुओं को निहाल किया।

इसके अतिरिक्त तीर्थनगरी के सभी गुरुद्वारों गुरुद्वारा तीसरी पातशाही, गोल गुरुद्वारा, गुरुद्वारा श्री सिंह सभा आदि में भी आयोजन हुए व अटूट लंगर बरता। इस अवसर पर सचिव बलदेव सिंह, उप प्रधान उज्जल सिंह सेठी, अमरदीप सिंह अरोरा, अमरपाल सिंह ओबेरॉय, महेश प्रताप राणा, भेल टर्बाइन महाप्रबंधक सुनील कुमार सुमानी, जगदीप सिंह सोनी, जसविंदर सिंह, हरभजन सिंह, सरबजीत सिंह, आदि उपस्थित थे।

# लापता युवक के मामले मे दो आरोपित गिरफ्तार

**पौड़ी गढ़वाल।** सतपुली थाना क्षेत्र निवासी एक युवक के लापता होने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 23 सितंबर को अरूण कुमार बडोला, निवासी- असवालस्यूं, पौड़ी द्वारा थाना सतपुली पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा आरोप लगाया गया कि गणेश शंकर बलूनी एवं सुधीर चन्द बडोला ने उसके भाई विमल चन्द्र बडोला को फोन पर डराकर, धमकाकर व बहला-फुसलाकर सतपुली बुलाया। जिसके बाद से वह लापता हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

इस दौरान मामले की तह तक पहुंचने हेतु लगातार साक्ष्य संकलन, मोबाइल लोकेशन विश्लेषण, तकनीकी सर्विलांस एवं स्थानीय सूचनाओं का बारीकी से विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान बीते 27 अक्तूबर को सतपुली क्षेत्र के उखलेत से लापता विमल बडोला का नर कंकाल बरामद हुआ।

पंचायतनामा की कार्यवाही के बाद अवशेषों को आवश्यक फोरेंसिक परीक्षण के लिए भेजा गया। गहन विवेचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों सुधीर चंद्र बडोला एवं गणेश शंकर बलूनी की संलिप्तता प्रकाश में आई। जिसके बाद पुलिस ने बीते रोज फरार दोनों आरोपियों को सतपुली क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

एसएसपी सर्वेश पंवार ने बताया कि आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट सतपुली के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रकाश पर्व के उपलक्ष मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**किरतपुर।** नार स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मे प्रकाश पर्व के उपलक्ष मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पूरे पंजाबी समाज व अन्य समाज के लोगो ने भी हिस्सा लिया। बुधवार को नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मे प्रकाश पर्व ( गुरु नानक देव जी प्रकट दिवस ) के उपलक्ष मे गुरुद्वारा कमेटी कि ओर से सुखमन्नी साहिब व लंगर का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओ व पुरषों सहित बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गुरूद्वारे के ज्ञानी हरदेव सिंह ने सुखमन्नी साहिब के पश्चात् अरदास कराकर कार्यक्रम. मे आये सभी भगतो तो लंगर के लिए प्रस्थान कराया। कार्यक्रम मे आये सभी भगतो ने लंगर ग्रहण किया।



कार्यक्रम मे पंजाबी समाज मनोज अरोड़ा मदन लाल अरोड़ा दीपक अरोड़ा हरीश दुआ विपिन अरोड़ा हिमांशु अरोरा मदनलाल दुआ जुगल किशोर कालरा कस्तूरी लाल कालरा सतीश मेहरा साहिल मेहरा पंकज कालरा सचिन कालरा विपिन अरोड़ा हर्षित अरोड़ा दिव्यम अरोड़ा राकेश साहनी शिखर साहनी श्याम तनेजा कमल खन्ना नरेंद्र अरोड़ा व अन्य समाज के लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे पूरे पंजाबी समाज का पूर्ण योगजान रहा।

# सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत, एक अन्य घायल

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में ब्यावर-पिंडवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह एक एसयूवी और मिनी ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार हादसे में एसयूवी में आग लग गई जिससे उसका चालक जिंदा जल गया वहीं मिनी ट्रक चालक घायल हो गया।

यह हादसा गुड़ा एंदला क्षेत्र के किरवा गांव के पास हुआ। पाली से सुमेरपुर की ओर जा रही एसयूवी डिवाइडर तोड़कर मिनी ट्रक से टकरा गई।

पुलिस ने बताया कि अचानक सामने आए जानवर से बचने की कोशिश में एसयूवी अनियंत्रित हो गई। टक्कर के कारण एसयूवी में आग लग गई, जिससे उसमें सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

मिनी ट्रक का चालक रवि जाट (40) घायल हो गया जिन्हें पाली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राजस्थान में कई जगह बारिश, तापमान में गिरावट का अनुमान

**जयपुर।** राजस्थान में एक मौसमी तंत्र के असर से बीते चौबीस घंटे में कई जगह हल्की बारिश हुई। राज्य में बुधवार से मौसम शुष्क रहने व तापमान में गिरावट आने का अनुमान है।

जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार सुबह तक के 24 घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी भाग में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई।

पश्चिमी राजस्थान में भी कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। सर्वाधिक बारिश छबड़ा (बारां) में 40 मिलीमीटर दर्ज की गई इस दौरान अधिकतम तापमान जैसलमेर में 34.1 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान चूरू में 14.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम केंद्र के अनुसार पांच नवंबर से आगामी एक सप्ताह राज्य के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने तथा उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की पूरी संभावना है।

# टीवीके की आम परिषद ने विजय को गठबंधन पर फैसला लेने का अधिकार दिया

**चेन्नई।** अभिनेता विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की विशेष आम परिषद की बैठक में उन्हें (विजय) अगले साल होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के गठबंधन पर फैसला लेने के लिए अधिकृत किया गया है। टीवीके की विशेष बैठक अभिनेता विजय के नेतृत्व में बुधवार को यहां महाबलीपुरम के एक निजी होटल में आयोजित की गई।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि विधानसभा चुनावों के मद्देनजर गठबंधन पर निर्णय लेने के लिए टीवीके संस्थापक को अधिकृत करने वाला प्रस्ताव आम परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया।

अभिनेता से राजनीतिक नेता बने विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम की करूर में 27 सितंबर को रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी। टीवीके की आम परिषद की बैठक में सदस्यों ने घटना में मारे गए लोगों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा। अन्य मांगों के अलावा टीवीके ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रोकने की भी मांग की। विजय ने पार्टी के संबंध में भविष्य के निर्णय लेने के लिए यह बैठक बुलाई थी। टीवीके ने तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

# दरभंगा के बाल पर्यवेक्षण गृह से फरार हुए एक दर्जन बाल कैदी, पांच पकड़े गए

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले में मंगलवार देर रात लहेरियासराय थाना क्षेत्र स्थित बाल पर्यवेक्षण गृह से एक दर्जन बाल कैदी गार्ड पर हमला कर फरार हो गए जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक पांच बच्चों को पकड़ लिया है, जबकि सात अब भी फरार हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना देर रात करीब 11 बजे की है जब बाल पर्यवेक्षण गृह में रह रहे कुछ बाल कैदियों ने एक सुरक्षाकर्मी पर अचानक हमला कर दिया।

पुलिस ने बताया कि बच्चों ने डंडों और ईंटों से वार कर गार्ड को घायल कर दिया और दीवार फांदकर भाग निकले।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जगन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी ने बताया, ''कुल 12 बच्चे फरार हुए थे, जिनमें से पांच को पुलिस ने पकड़ लिया है। बाकी फरार बच्चों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है। सभी थानों को सतर्क कर दिया गया है।''

पुलिस ने पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि बाल पर्यवेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था लंबे समय से कमजोर बताई जा रही थी। सूत्रों ने बताया कि पर्यवेक्षण गृह में कई बार अनुशासनहीनता और कर्मियों की लापरवाही की शिकायतें सामने आई हैं साथ ही पिछले सात महीनों में यहां तीन किशोरों की मौत हो चुकी है।

घटना के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा शुरू कर दी है।

# जातिसूचक टिप्पणी मामले में पंजाब कांग्रेस प्रमुख राजा वड़िंग पर एफआईआर दर्ज

**चंडीगढ़।** भारत के पूर्व गृहमंत्री के संबंध में बयान देकर विवादों में फंसे पंजाब कांग्रेस प्रधान एवं लुधियाना के सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के खिलाफ कपूरथला में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। राजा के खिलाफ स्व. बूटा सिंह के बेटे सरबजोत सिंह सिद्धू ने पुलिस को शिकायत दी थी।

दरअसल, राजा वड़िंग ने तरनतारन में चल रहे उपचुनाव के दौरान एक जनसभा में स्व. बूटा सिंह को लेकर विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था- नाम सुणेया बूटा सिंह दा, काला रंग हुंदा सी, जमा काला, पठ्ठे पाउंदा सी पठ्ठे, कांग्रेस ने देश दा गृहमंत्री बणाया। हालांकि इस भाषण के दौरान वड़िंग ने रंघरेटे गुरु के बेटे का उदाहरण भी दिया था। इसके बावजूद विपक्षी दलों ने वड़िंग को पिछले कई दिनों से घेरा हुआ है। हालांकि, राजा वड़िंग माफी मांग चुके हैं, लेकिन तब भी मामला शांत नहीं हो रहा। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने वड़िंग पर कार्रवाई को लेकर तरनतारन के जिला उपायुक्त और एसएसपी से 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है।

# सम्पादकीय

## नेताओं का धर्म-अपराध और जाति का संरक्षण

सुबह हल्की ठंड थी। माथे में हल्का दर्द महसूस हुआ। रोजमर्रे का काम कर भवदेव पांडेय की आलोचना पुस्तक आचार्य रामचंद्र शुक्ल आलोचना के नये मानदंड पढ़ने लगा। चार-पांच लेख रामचंद्र शुक्ल पर लिख चुका हूं और मुझे लगता है कि हिंदी आलोचना की दूसरी परंपरा की तलाश होनी चाहिए। एक परंपरा शास्त्रोक्त, कट्टर सनातनधर्मी और तमाम नाना पुराण के आधार पर या उसकी छाया में समृद्ध होती रही, दूसरी परंपरा लोक आधारित, श्रमण और कमिया लोगों की है। समाज, राजनीति और सत्ता भी ऐसी ही परंपराओं के आधार पर संचालित हो रही है। एक साथी ने कई किताबें भी लिखी हैं और आंदोलन में भी सक्रिय रहे। उनसे जब यह पूछा गया कि किसे वोट देंगे? तो उन्होंने साफ साफ कहा कि वह अपनी जाति के उम्मीदवार को वोट देंगे। मजा यह था कि ऐसा कहने में उन्हें कोई संकोच नहीं था। मुझे एक घटना याद आ रही है। उन दिनों में गांव में था। बिहार का चुनाव हो रहा था। सूर्यगढ़ा विधानसभा में भागवत मेहता सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार थे। उनका चुनाव चिह्न था-झोपड़ी। इसी तरह अन्य उम्मीदवारों के भी चुनाव चिह्न थे। एक निर्दलीय उम्मीदवार का चुनाव चिह्न था चांद छाप। गांव में एक गोरखिया (गाय चराने वाला) था। वह एकदम अनपढ़ था। गांव की गायें ही चराता था। मैंने उससे पूछा -बाबा, केकरा वोट देभो। उसने कहा- चांद छाप। दरअसल चांद छाप को कोई जानता नहीं था, न उसकी कोई चर्चा थी। मैंने पता लगाया कि चांद छाप किस उम्मीदवार का चुनाव चिह्न है तो पता चला कि गोरखिया की जाति का है। जाति बिहारियों की नस नस में है। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कुख्यात क्रिमिनल अनंत सिंह के चुनाव प्रचार का जिम्मा ले लिया है और ब्रह्म ऋषियों की भी बैठक हो रही है। आज अनंत सिंह और ललन सिंह भूमिहारों के आदर्श हैं। कभी सहजानंद सरस्वती, लंगट सिंह, श्रीकृष्ण सिंह, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर आदि हुआ करते थे। यह नग्न जातिवाद है। हर दल में जातिवाद है। मगर जातिवाद और अपराधवाद की नंगई अभिव्यक्त हो रही है। दानापुर में भी जेल में बंद रीतलाल यादव के लिए लालू प्रसाद यादव ने लंबा रोड शो किया। रीतलाल यादव आपराधिक छवि के हैं। उन पर दसियों मुकदमे दर्ज हैं जिनमें हत्या और रंगदारी मांगने के भी मुकदमे दर्ज हैं। राजनीतिक पार्टियों को क्या अच्छे उम्मीदवार नहीं मिलते? तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि मुख्यमंत्री बनते ही दो महीने के अंदर सभी क्रिमिनल जेल में होंगे। सवाल है कि अपनी पार्टी में मौजूद क्रिमिनल भी जेल में होंगे या केवल दूसरी पार्टियों के क्रिमिनल ही जेल की हवा खायेंगे? प्रधानमंत्री कहते थे, न खाऊंगा, न खाने दूंगा। अब खाते भी हैं, खिलाते भी हैं। एक गरीब मुल्क में प्रधानमंत्री ने अपने लिए जितनी सुख सुविधाएं बटोरी हैं और अपने दोस्तों पर देश अरबों लुटाया है, वह उनके वादे से मेल नहीं खाता। उनकी पार्टी के अनेक नेता हैं, जिन्हें खाने का ठिकाना नहीं था, वे करोड़ों करोड़ में खेल रहे हैं। नेताओं की बात बोली का कोई ठिकाना नहीं है।

## विशेष

## आंध्रप्रदेश के व्यंकटेशवर मंदिर में भगदड मचने से श्रद्धालुओं की मौत

-कांतिलाल मांडोत-

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। कासीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ मचने से कम से कम 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। हादसा उस समय हुआ जब एकादशी की मौके पर हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। हिन्दू पर्व पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ घटना होती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौते होती है। यह पहली और आखिरी घटना नही है। हिन्दुओ के त्योहार पर मंदिर में भगदड़ मचने की घटना एक इतेफाक समझकर विस्मृत की जाती है। लेकिन ऐसी घटनाओं का जख्म दशकों तक नही भुलाया जा सकता। आंध्रप्रदेश के राज्य सरकार के मंत्री आनम रमणारायण जवाबदारी से मुंह मोड़ते नजर आए। उन्होंने कहा कि यह मंदिर निजी स्वामित्व वाला है और सरकार के एंडोमेंट्स विभाग के अधीन नहीं आता। उन्होंने बताया कि मंदिर की क्षमता बहुत सीमित थी, लेकिन करीब 25 हजार श्रद्धालु एक साथ पहुंच गए। मंदिर प्रशासन ने न तो कोई विशेष व्यवस्था की और न ही सरकार को सूचना दी। गृह मंत्री अनिता ने कहा कि इस बार एकादशी और कार्तिक मास का शनिवार होने से भीड़ सामान्य से कहीं ज्यादा थी। इस तरह के जवाब तथा सरकार अपनी जवाबदेही से मुंह मोड़ती नजर आ रही है। दरअसल, ऐसी घटनाओं पर राज्य और जिला प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिए है। ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी है। 2024 में हाथरस में हुई भगदड़ सबसे घातक थी, इसमे 121 श्रद्धालुओ की मौत हो गई। तिरुपति मंदिर उत्सव के दौरान छह लोगों की मौत हो गई। मुम्बई में बांद्रा टर्मिनल रेलवे स्टेशन में भगदड़ में करीब नौ लोगो की मौत हो गई। हरिद्वार मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई 2025 को भयंकर भीड़ जमा होने के बाद भगदड़ मची, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हो गए। किसी ने करंट फैलने की अफवाह फैलाई थी, जिसके चलते ये हादसा हुआ। गोवा के शिरगांव गांव में श्री लाईराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान अचानक भगदड़ मच गई, इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान देर रात धक्का मुक्की शुरू हुई और भगदड़ मच गई. इस दौरान नीचे सोए लोगों को भीड़ ने कुचल दियाआधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए। इंदौर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक हवन का आयोजन किया गया था, इस दौरान भारी भीड़ जुटी थी और एक प्राचीन बावड़ी (कुएं) के ऊपर बना स्लैब नीचे गिर गया। इस हादसे में करीब 36 लोगों की मौत हो गई। आंध्र प्रदेश के राजामंड्री शहर में गोदावरी नदी के किनारे पुष्करम उत्सव के दौरान भारी भीड़ जुट गई और भगदड़ में 27 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में नैना देवी मंदिर में भी एक अफवाह फैली, जिसने 162 लोगों की जान ले ली। कुछ लोगों ने अचानक चट्टान खिसकने की अफवाह फैला दी, जिससे भगदड़ मच गई। 25 जनवरी, 2005 में महाराष्ट्र के सतारा में मंधारदेवी मंदिर में नारियल फोड़ने के चक्कर में लोग सीढियों से फिसलने लगे, जिसके चलते भगदड़ मच गई और 340 लोगों की मौत हो गई। हरिद्वार में गंगा नदी में स्नान के दौरान प्रसिद्ध हर-की-पौड़ी घाट पर अचानक भगदड़ हुई और इसमें 20 लोगों की मौत हो गई. 14 जनवरी, 2011 में केरल के इडुक्की जिले में कई तीर्थयात्री जुटे थे। तभी अचानक एक कार भीड़ में घुस गई, जिसके चलते भगदड़ मची और सबरीमाला के 104 भक्तों की मौत हो गई। पिछले सालों में कई मंदिरों में हुई आंध्र प्रदेश जैसी भगदड़ से लोगो की मौत और घायल भी हुए है। जब किसी धार्मिक आयोजन या स्थल पर हजारों लोग एक साथ जुटे थे और भगदड़ होने के चलते कई लोगों की जान चली गई. जब भीड़ बहुत अधिक होती है, तो शारीरिक बल एक अप्रत्याशित श्रृंखला बना लेते हैं। यदि कोई व्यक्ति गिर जाता है, तो उसके आसपास एक शून्य उत्पन्न होता है। इसके कारण अन्य लोग संतुलन खोकर गिर जाते हैं, जिससे भगदड़ और हताहतों की स्थिति बढ़ जाती है। कतारों में बैरियर और रेलिंग लगाना, आभासी कतार और अनुमानित प्रतीक्षा समय की व्यवस्था करना, बाहर की ओर खुलने वाले चौड़े निकासों के साथ सुरक्षित प्रवेश और निकास बिंदु सुनिश्चित करना तथा भीड़ को प्रबंधित करने के लिये प्रभावी संचार प्रणाली और मोबाइल कनेक्टिविटी बनाए रखना।

# नीतीश कुमार -बिहार के गरीबों का मसीहा

-संजय गोस्वामी-

आज बिहार के अगले मुख्यमंत्री के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं, लेकिन मेरी भविष्यवाणी के अनुसार नीतीश कुमार बिहार के अगले मुख्यमंत्री बनने की सबसे अधिक संभावना है, या तो उन्हें एनडीए का समर्थन प्राप्त होगा या फिर अन्य पार्टियों का। क्योंकि वह जानते हैं कि कब क्या और क्या होना चाहिए, और बिहार में एक बड़ा समुदाय समर्थन कर रहा है, जिसमें ज्यादातर महिलाएं हैं नीतीश कुमार बिहार के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री हैं और यह उनका नौवां कार्यकाल भी है। वे जनता दल (यूनाइटेड) के नेता हैं। इससे पहले, नीतीश समता पार्टी के सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। वे 2005 तक समता पार्टी और 1989 से 1994 तक जनता दल के सदस्य रहे। नीतीश ने पहली बार जनता दल के सदस्य के रूप में राजनीति में प्रवेश किया और 1985 में विधायक बने। एक समाजवादी, नीतीश ने 1994 में जॉर्ज फर्नांडीस के साथ मिलकर समता पार्टी की स्थापना की। 1996 में वे लोकसभा के लिए चुने गए और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया। उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हो गई। 2003 में उनकी पार्टी का जनता दल (यूनाइटेड) में विलय हो गया और नीतीश उसके नेता बन गए। 2005 में, एनडीए ने बिहार विधानसभा में बहुमत हासिल किया और नीतीश भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन का नेतृत्व करते हुए मुख्यमंत्री बने। 2010 के राज्य चुनावों में, सत्तारूढ़ गठबंधन ने भारी जीत हासिल की। जून 2013 में, नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद, नीतीश ने भाजपा से नाता तोड़ लिया और राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ महागठबंधन बनाया और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन में शामिल हो गए। 2014 के आम चुनावों में पार्टी को भारी हार का सामना करने के बाद, 17 मई 2014 को नीतीश ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह जीतन राम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया गया। हालाँकि, उन्होंने फरवरी 2015 में मुख्यमंत्री के रूप में वापसी का प्रयास किया, जिससे एक राजनीतिक संकट पैदा हो गया और अंततः मांझी को इस्तीफा देना पड़ा और कुमार फिर से मुख्यमंत्री बन गए। उसी वर्ष बाद में, महागठबंधन ने राज्य चुनावों में भारी बहुमत हासिल किया। 2017 में, भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते नीतीश ने राजद से नाता तोड़ लिया और एनडीए में वापस आ गए, और भाजपा के साथ एक और गठबंधन का नेतृत्व किया; 2020 के राज्य चुनावों में उनकी सरकार बहुत कम अंतर से दोबारा चुनी गई। अगस्त 2022 में, नीतीश ने एनडीए छोड़ दिया और महागठबंधन (महागठबंधन) और यूपीए में फिर से शामिल हो गए। जनवरी 2024 में, नीतीश ने एक बार फिर महागठबंधन छोड़ दिया और एनडीए में शामिल हो गए। नीतीश समाजवादी राजनीतिज्ञों के वर्ग से आते हैं। अपने शुरूआती वर्षों में, एक राजनेता के रूप में वे राम मनोहर लोहिया, एस. एन. सिन्हा, कपूर्री ठाकुर और वी. पी. सिंह के साथ जुड़े रहे। नीतीश ने 1974 और 1977 के बीच जयप्रकाश नारायण के आंदोलन में भाग लिया और सत्येंद्र नारायण सिन्हा के नेतृत्व वाली जनता पार्टी में शामिल हो गए। लालू प्रसाद यादव, जिन्हें वाला माना जाता है, के विपरीत, नीतीश एक कुशल संचारक माने जाते हैं नीतीश ने 1985 में हरनौत से राज्य विधानसभा का चुनाव लड़ा और पहली बार जीत हासिल की। शुरूआती वर्षों में, 1989 में बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में लालू प्रसाद यादव को नीतीश का समर्थन प्राप्त था, लेकिन बाद में 1996 में बाढ़ से अपनी पहली लोकसभा सीट जीतने के बाद, नीतीश भाजपा में शामिल हो गए। जनता दल पहले भी विभाजन से बच गया था जब 1994 में नीतीश और जॉर्ज फर्नांडीस जैसे नेताओं ने दलबदल कर समता पार्टी बनाई थी, लेकिन 1997 में लालू प्रसाद द्वारा राष्ट्रीय जनता दल बनाने के निर्णय के बाद यह एक आधारहीन पार्टी बनी रही। दूसरा विभाजन राबड़ी देवी के सत्ता में आने से पहले हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप जनता दल में केवल दो ही महत्वपूर्ण नेता बचे, अर्थात शरद यादव और रामविलास पासवान। पासवान को दलितों का उभरता हुआ नेता माना जाता था और उन्हें अभूतपूर्व अंतर से चुनाव जीतने का श्रेय दिया जाता था। उनकी लोकप्रियता राष्ट्रीय स्तर पर तब पहुँची जब 1996 में संयुक्त मोर्चा सरकार में उन्हें रेल मंत्री का पद दिया गया और बाद में उन्हें लोकसभा का नेता बनाया गया। उनकी पहुँच पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी देखी गई, जब उनके अनुयायियों ने दलित पैंथर्स नामक एक नए संगठन के आह्वान पर एक प्रभावशाली रैली का आयोजन किया। 1999 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनता दल को भाजपा+जद(यू) गठबंधन के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। नया गठबंधन 324 विधानसभा क्षेत्रों में से 199 पर आगे चल रहा था और यह व्यापक रूप से माना जा रहा था कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में लालू-राबड़ी शासन का अंत हो जाएगा। राजद ने कांग्रेस के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था, लेकिन यह गठबंधन कारगर नहीं रहा और कांग्रेस के राज्य नेतृत्व को यह विश्वास हो गया कि चारा घोटाले में नाम आने के बाद लालू प्रसाद की बदनाम छवि ने उनके जनाधार को कम कर दिया है। परिणामस्वरूप, कांग्रेस ने 2000 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया। राजद को गठबंधन सहयोगी के रूप में कम्युनिस्ट पार्टियों से संतुष्ट होना पड़ा, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजद) में सीटों के बंटवारे की उलझन के कारण नीतीश ने अपनी समता पार्टी को जनता दल के शरद यादव और रामविलास पासवान गुट से अलग कर लिया। भाजपा और नीतीश कुमार के बीच मतभेद भी पैदा हो गए क्योंकि नीतीश कुमार खुद को बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में पेश करना चाहते थे, लेकिन नीतीश इसके पक्ष में नहीं थे। यहाँ तक कि पासवान भी मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनना चाहते थे। मुसलमानों और पिछड़ी जातियों की राय भी बंटी हुई थी। मुसलमानों का एक वर्ग, जिसमें पसमांदा जैसे गरीब समुदाय शामिल थे, का मानना था कि लालू ने शेख, सैयद और पठान जैसे उच्च मुसलमानों को ही मजबूत किया है और वे नए विकल्पों की तलाश में थे। मुसलमानों के मसीहा के रूप में अपनी छवि बनाने के बाद से लालू ने कोइरी और कुर्मी जैसी अन्य प्रमुख पिछड़ी जातियों को भी अलग-थलग कर दिया। संजय कुमार का तर्क है कि इस धारणा ने कि, कोइरी-कुर्मी जैसी प्रमुख पिछड़ी जातियाँ, अगर नीतीश कुमार उनका समर्थन माँगेंगे तो सत्ता में हिस्सेदारी माँगेंगी, जबकि मुसलमान केवल सांप्रदायिक दंगों के दौरान सुरक्षा से ही संतुष्ट रहेंगे, लालू को उनकी उपेक्षा करने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा, दोनों खेमों में विभाजन ने राज्य के राजनीतिक माहौल को एक तनावपूर्ण बना दिया, जिसमें कई पार्टियाँ बिना किसी स्पष्ट सीमा के एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही थीं। कुछ सीटों पर जेडी(यू) और बीजेपी और समता पार्टी आमने-सामने थीं। यह नतीजा बीजेपी के लिए करारा झटका था, जो मीडिया अभियानों में भारी जीत के साथ उभर रही थी। आरजेडी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और लालू यादव की राजनीतिक चालबाज़ियों से राबड़ी देवी ने फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मीडिया बिहार में जमीनी स्तर के ध्रुवीकरण को भांपने में काफी हद तक नाकाम रहा। शरद यादव भी एक वरिष्ठ समाजवादी नेता थे, लेकिन उनका कोई व्यापक जनाधार नहीं था। 1998 के संसदीय चुनावों में, समता पार्टी और जनता दल, जो राजद के गठन के बाद काफी कमजोर स्थिति में थे, एक-दूसरे के वोट बैंक में सेंध लगाने लगे। इस वजह से नीतीश ने दोनों दलों का विलय कर दिया और जनता दल (यूनाइटेड)। एक बात में कोई शक नहीं कि सवर्ण मीडिया हमेशा से लालू विरोधी रहा है और उसे या तो बिहार में जमीनी स्तर के ध्रुवीकरण की जानकारी नहीं थी, या उसने जानबूझकर उसे नजरअंदाज किया। अगर चुनाव नतीजे आरजेडी के लिए करारा झटका नहीं लगे, तो इसकी मुख्य वजह मीडिया द्वारा पेश की गई निराशाजनक तस्वीर थी। इस पृष्ठभूमि में, आरजेडी की हार एक जीत जैसी लग रही थी। 1997 के घोटाले के सिलसिले में जेल की सजा काटने के बाद भी, लालू निचली जाति के विदूषक की अपनी भूमिका का आनंद लेते दिखे। उन्होंने तर्क दिया कि उनके और उनके परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप उच्च-जाति की नौकरशाही और मीडिया के अभिजात वर्ग की साजिश थे, जो किसान कृषक जातियों के उदय से भयभीत थे।

# तेजस्वी के खिलाफ धारणा की लड़ाई हार रहे हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

-कल्याणी शंकर-

नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन वायदे किए हैं। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक कल्याण लाभों में वृद्धि, साथ ही सरकारी रोजगार अभियानों और छोटे व्यवसायों को समर्थन के माध्यम से रोजगार सृजन पहल शामिल हैं।

आगामी 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है, जिसका सभी संबंधित दलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। जनमत सर्वेक्षण सत्तारूढ़ एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के पक्ष में हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ सत्ता-विरोधी भावनाएं भी प्रबल हैं।

भाजपा नेता पहले से ही जीत का दावा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर घोषणा की है कि भाजपा-एनडीए बिहार में व्यापक जीत दर्ज करेगी। राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि ये सर्वेक्षण पार्टियों और उनके नेताओं को प्रभावित करते हैं। ये नेतृत्व, जातिगत गतिशीलता और मतदाताओं की धारणाओं पर भी निर्भर करते हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाला और कांग्रेस, वाम दलों और छोटे दलों के साथ गठबंधन करने वाला इंडिया ब्लॉक, दो दशकों के एनडीए शासन को समाप्त करना चाहता है। मजबूत नेतृत्व और संगठन के साथ, मतदाताओं का मूड आगे एक उतार-चढ़ाव भरा चुनाव होने का संकेत देता है।

स्थानीय विधायकों में असंतोष, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और रोजगार सृजन की कमी के साथ, सत्तारूढ़ गठबंधन के समर्थन को कमजोर कर रहा है। हालांकि एनडीए को उच्च जातियों और वृद्ध मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है, लेकिन युवाओं और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समूहों को जोड़ने में इसकी असमर्थता पार्टी के लिए चुनौतियां पेश करती है।

चुनाव के नतीजे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के स्टार प्रचारक नेताओं से काफी प्रभावित होते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मतदाताओं, खासकर महिलाओं का भरपूर समर्थन प्राप्त है, जो मुफ्त बिजली, स्वच्छ पानी और एक करोड़ रोजगार सृजित करने की योजना जैसी उनकी पहलों की सराहना करती हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 25 लाख महिलाओं की सहायता के लिए एक महिला कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक को 10, 000 रुपये आवंटित किए हैं। सी वोटर सर्वेक्षण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में उतार-चढ़ाव देखा गया, परन्तु उत्तरदाताओं ने उन्हें अपना पसंदीदा मुख्यमंत्री चुना। एक आश्चर्यजनक दावेदार जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर थे, जो 16 प्रतिशत वोटों के साथ एक पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में उभरे।

एनडीए का बिहार भर में एक मजबूत नेटवर्क है, जिसमें भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) और जनता दल (यूनाइटेड) जद(यू) दोनों के कार्यकर्ता शामिल हैं, साथ ही आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) समूहों का भी समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित हालिया विकास परियोजनाओं ने एनडीए के अभियान को मजबूत करने में मदद की है। भाजपा ने जद(यू) का समर्थन किया और भाजपा के शीर्ष नेता एनडीए के लिए प्रचार कर रहे हैं, और वित्तपोषण कोई समस्या नहीं है। हालांकि, एनडीए स्थानीय स्तर पर संघर्ष कर रहा है, जहां उसे अपने विरोधियों जितनी विश्वसनीयता और जमीनी समर्थन का अभाव है।

राजद के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जबकि उनके पास लगभग 30प्रतिशत मुस्लिम-यादव मतदाता हैं। नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन वायदे किए हैं। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक कल्याण लाभों में वृद्धि, साथ ही सरकारी रोजगार अभियानों और छोटे व्यवसायों को समर्थन के माध्यम से रोजगार सृजन पहल शामिल हैं। तेजस्वी राजद का नेतृत्व करते हैं, लेकिन उनके पिता लालू प्रसाद यादव और परिवार के अन्य सदस्यों का अभी भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। पारिवारिक विवाद अक्सर तेजस्वी को पार्टी की रणनीति के बजाय आंतरिक कलह को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर करते हैं। परिवार के कुछ सदस्य कानूनी मुद्दों का सामना कर रहे हैं, जिनमें जमीन के बदले नौकरी घोटाले की ईडी जांच भी शामिल है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी राजद के साथ गठबंधन उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं। अब वह कांग्रेस के वफादारों का समर्थन जुटाने के लिए रैलियां और रोड शो करने की योजना बना रहे हैं।

उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी राज्य में सक्रिय रूप से प्रचार कर रही हैं। हालांकि, पार्टी को मजबूत स्थानीय नेताओं की कमी के कारण संघर्ष करना पड़ रहा है। कांग्रेस के लगातार खराब प्रदर्शन को गठबंधन में एक कमजोर कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। 1995 के बिहार विधानसभा चुनावों के बाद से, कांग्रेस किसी भी चुनाव में 30 से ज्यादा सीटें जीतने में कामयाब नहीं हुई है। इस बार, कांग्रेस ने 61 उम्मीदवार उतारे हैं, जिनमें से 56 सीटों पर भाजपा और जद(यू) से उसका बीच सीधा मुकाबला है- ये सीटें मुख्यतः एनडीए के नियंत्रण में हैं। भाजपा मुख्यतः शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सक्रिय है, जहां जनसंख्या लगभग 30प्रतिशत है। ऐतिहासिक और सामाजिक कारकों के कारण, उच्च जातियों का प्रभुत्व पिछड़े और हाशिए पर पड़े समुदायों तक उसकी पहुंच को सीमित करता है, जो बिहार जैसे राज्य में एक बड़ी ओबीसी और दलित आबादी के लिए एक चुनौती हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के कई नेता बिहार में प्रचार कर रहे हैं। एनडीए नीतीश कुमार के कल्याणकारी अनुभवों पर जोर देता है, जबकि इंडिया ब्लॉक युवा नेतृत्व और मतदाता भागीदारी बढ़ाने पर जोर देता है। युवा वोट और कुल मतदान प्रतिशत बिहार के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वोटवाइब के नवीनतम सर्वेक्षण में कड़ी टक्कर दिखाई दे रही है, जिसमें महागठबंधन को 34.7प्रतिशत और एनडीए को 34.4प्रतिशत समर्थन प्राप्त है। जन सुराज को 12.3प्रतिशत समर्थन प्राप्त है, जबकि 8.4प्रतिशत लोगों को त्रिशंकु विधानसभा की आशंका है। यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके परिणाम का स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई नेताओं के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। अगर एनडीए 2025 के बिहार चुनावों में फिर से जीतता है, तो इससे भाजपा को 2026 के कई विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त बल मिलेगा। इस समय नीतीश कुमार की हार उनके राजनीतिक करियर का अंत हो सकती है।

राहुल और प्रियंका गांधी को भी इस बार इंडिया ब्लॉक की जीत की अत्यंत आवश्यकता है। ये नतीजे चिराग पासवान, प्रशांत किशोर और अन्य छोटी पार्टियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

# मोकामा: गैंगस्टर बनाम गैंगस्टर की लड़ाई

-कुमार कृष्णन-

नरेंद्र मोदी बिहार में लालू-राबड़ी के जंगल राज की यादें ताजा करते हुए घूम रहे हैं, वहीं मोकामा में एनडीए के बैनरों पर उनकी तस्वीर एक अप्रत्याशित साथी के साथ दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर काले चश्मे के पीछे छिपा सख्त, मूंछों वाला चेहरा डॉन से राजनेता बने अनंत सिंह का है। वे पटना से 90 किलोमीटर पूर्व में स्थित उस निर्वाचन क्षेत्र से जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार हैं, जहाँ हाल ही में एक प्रमुख प्रचारक और पूर्व गैंगस्टर की दुलारचंद यादव की नृशंस हत्या हुई है। काफी हो हंगामे के बाद अनंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। कारण महागठबंधन की ओर से बिहार में चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका गांधी, तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग के साथ साथ सत्तारूढ़ दल को निशाने पर लिया। चुनाव आयोग और उसके निर्देश को अमल लानेवाले तंत्र पर सवाल उठना जरुरी है। कारण जब चुनाव के पूर्व प्रशासन लाइसेंसी हथियार जमा करवा देता है तो पचास गाड़ियों के काफिले के साथ हथियार लेकर चुनाव में कैसे घूम रहे थे। चार बार विधायक रहे अनंत सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है, जिसमें हत्या, जबरन वसूली और आगजनी के आरोप शामिल हैं।

बिहार विधानसभा 2025 चुनाव से ठीक पहले मोकामा और अन्य क्षेत्रों में उठे कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर किरकिरी के बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने स्पष्ट रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि जो भी अपराध या उपद्रवी गतिविधियां होंगी, उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की ढील नहीं बरती जाएगी। मोकामा हत्याकांड और अन्य मामलों में दर्ज विभिन्न कांडों के आधार पर अब तक 80 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शनिवार को इनमें जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की छापामारी और गिरफ्तारियां जारी रहेंगी। विनय कुमार ने कहा, जो घटना की प्रथम दृष्टया जानकारी मिली, उसी आधार पर यह गिरफ्तारी की गई है। चुनाव आयोग की तरफ से भी पूरी पैनी नजर रखी जा रही है। जो अधिकारी लापरवाह पाए गए हैं, उनके खिलाफ निलंबन और स्थानांतरण की कार्रवाई की गई है।

चुनाव आयोग, राज्य सरकार और बिहार पुलिस किसी भी उपद्रवी तत्व को बख्शने के मूड में नहीं हैं। उन्होंने कहा, जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। जो भी कानून को हाथ में लेंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। युवा भावावेश में आकर इस तरह की गतिविधियों में शामिल न हों, वरना उनका भविष्य बर्बाद हो सकता है। विनय कुमार ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी शांतिपूर्ण और बुद्धि-विवेक के साथ मतदान करें। किसी भी तरह का हस्तक्षेप कानून के दायरे में आएगा और कार्रवाई की जाएगी।

पिछले साल अगस्त में ही उन्हें चुनाव लड़ने की पात्रता मिली, जब पटना उच्च न्यायालय ने शस्त्र अधिनियम के तहत उनकी दोषसिद्धि को रद्द कर दिया।

दो वर्ष या उससे अधिक की जेल की सजा पाए अपराधी को अपनी सजा पूरी करने के बाद अगले छह वर्षों तक चुनाव लड़ने से रोक दिया जाता है। चार बार विधायक रहे अनंत का आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है, जिसमें हत्या, जबरन वसूली और आगजनी के आरोप शामिल हैं। पिछले साल अगस्त में ही उन्हें चुनाव लड़ने की पात्रता मिली, जब पटना उच्च न्यायालय ने शस्त्र अधिनियम के तहत उनकी दोषसिद्धि को रद्द कर दिया। मोकामा में गैंगस्टर-राजनेता के चुनाव कार्यालय के प्रवेश द्वार पर जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरों वाला एक अस्थायी गेट लगाया गया है।। मोकामा में गैंगस्टर-राजनेता के चुनाव कार्यालय के प्रवेश द्वार पर शनिवार को जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरों वाला एक अस्थायी गेट लगाया गया है। मोकामा में अनंत के प्रचार कार्यालय में बैठे कन्हैया कुमार ने कहा, आप जैसे लोगों के लिए वह एक गैंगस्टर हो सकता है, लेकिन हमारे लिए वह हमारा रक्षक है। उन्होंने कहा, सूरजभान और उसके गिरोह द्वारा वर्षों तक फैलाई गई हिंसा के बाद उन्होंने यहां शांति सुनिश्चित की। कुमार ने बताया कि 2000 के दशक के प्रारंभ में उन्होंने गिरोह हिंसा में अपने परिवार के तीन सदस्यों को खो दिया था।

राजनीति और गैंगलैंड अर्थव्यवस्था दोनों में अनंत के लंबे समय से प्रतिद्वंद्वी सूरजभान सिंह एक और डॉन से राजनेता बने हैं। हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व विधायक ने अब अपनी पत्नी वीणा देवी के लिए राजद का टिकट हासिल कर लिया है, जो अनंत के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं, जिससे मोकामा में मुकाबला एक उच्च-दांव वाली गैंगस्टर बनाम गैंगस्टर लड़ाई में बदल गया है।

अनंत और सूरजभान दोनों ही प्रभावशाली भूमिहार जाति से हैं और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने पार्टी में नामांकन और संरक्षण प्राप्त करने के लिए राजनीतिक निष्ठाएं बदली हैं। अनंत ने 2005 और 2010 में जदयू उम्मीदवार के रूप में, 2015 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में और 2020 में राजद उम्मीदवार के रूप में मोकामा सीट जीती थी, लेकिन बाद में उन्हें दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया। उनकी पत्नी नीलम देवी ने राजद के टिकट पर उपचुनाव जीता। विडंबना यह है कि अनंत अब राजद के प्रतिद्वंद्वी जदयू का प्रतिनिधित्व करते हैं। सूरजभान ने 2000 में निर्दलीय के रूप में सीट जीती और बाद में लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर बलिया से सांसद बने। मोकामा का औद्योगिक क्षेत्र, जो बरौनी रिफाइनरी, बरौनी थर्मल पावर स्टेशन, ग्रेफाइट इंडिया और अब बंद हो चुकी भारत वैगन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड जैसी फैक्ट्रियों से भरा हुआ है, लंबे समय से इस क्षेत्र के राजनीतिक-आपराधिक गठजोड़ का आर्थिक आधार रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये गिरोह 1990 के दशक और 2000 के दशक के आरंभ में, प्रसिद्ध लालू-राबड़ी ह्लजंगल राजह्न के दौरान, अपहरण और जबरन वसूली करते हुए आकर्षक सरकारी और औद्योगिक ठेकों के लिए प्रतिस्पर्धा करते थे। मोकामा रेलवे स्टेशन के पास चाय की दुकान चलाने वाले सुशील कुशवाहा ने कहा, हाल के वर्षों में गैंगवार में कमी आई है। कई विकास परियोजनाएं आने से दोनों पक्षों को ठेका मिल रहे हैं-अब झगड़ा कम हो गया है। यह असहज शांति गुरुवार को तब भंग हो गई जब मोकामा में इस चुनावी मौसम में पहली हाई-प्रोफाइल राजनीतिक हत्या दर्ज की गई। 75 वर्षीय दुलार चंद यादव, जो डॉन से सामाजिक कार्यकर्ता बने थे और जिन्होंने 1990 के दशक में राजद के संरक्षण में इस क्षेत्र को आतंकित किया था, की उस समय हत्या कर दी गई जब वे प्रशांत किशोर की नई पार्टी जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार प्रियदर्शी पीयूष के लिए वोट मांग रहे थे। एफआईआर के अनुसार, यादव के पैर में गोली मारी गई और फिर थार के पहिये के नीचे कुचलकर उसकी हत्या कर दी गई। एफआईआर में अनंत और उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। अनंत के गुर्गों ने पीयूष के खिलाफ जवाबी एफआईआर दर्ज कराई है, जो अब छिप गया है। हालांकि, पत्रकारों से बात करते हुए अनंत ने सूरजभान पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस के मुताबिक, यादव के काफिले की मुलाकात अनंत के काफिले से ताल इलाके में हुई झ जो मोकामा की पहचान है। इसके तुरंत बाद गोलीबारी शुरू हो गई। अनंत ने पत्रकारों से कहा, मैं अपना अभियान चला रहा था जब सूरजभान के आदमियों ने मेरे पीछे वाली गाड़ियों पर हमला किया।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 11/5/2025 6:08 PM Page 1



## महिला की गला घोंटकर हत्या, पति गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** शहर की साकेत कॉलोनी में सोमवार की रात घर में सो रही रितू (28) की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मायके वालों ने पति अंकित सहित अन्य ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। सीओ गौतम राय ने बताया कि मृतका के पति अंकित, ननद वंदना, सलोनी और आशा और अंकित के बहनोई सचिन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।



हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव खारी निवासी अंकित पिछले पंद्रह सालों से शहर की साकेत कॉलोनी में किराए पर रहता है। अंकित की शादी चार साल पहले बढ़ापुर क्षेत्र के गांव रहमापुर निवासी तेजपाल की बेटी रितू से हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच झगड़ा रहने लगा। बीमार होने पर चार दिन पहले रितू अपने मायके चली गई। रितू के पिता तेजपाल ने बताया कि सोमवार की शाम अंकित उसे घर ले आया। घर आने के बाद दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ।

आरोप है कि रात में किसी समय अंकित ने पत्नी रितू की दुपट्टे से गला घोंट कर हत्या कर दी। मंगलवार की सुबह उसका शव बिस्तर पर पड़ा मिला। मौत की खबर मिलते ही मायके वाले बिजनौर पहुंचे।

मृतका के पिता ने शहर कोतवाली पहुंचकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने उसकी बेटी रितू की हत्या कर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर आरोपी पति अंकित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## यूपी उत्तराखंड बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप का आयोजन

*** नईम खान व नहटौर मोहित पाल ने चैंपियनशिप जीती**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** एचएमआई इंटर कॉलेज में यूपी उत्तराखंड बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें मुरादाबाद के नईम खान यूपी उत्तराखंड व नहटौर क्षेत्र के गांव ढकौली के मोहित पाल ने मिस्टर बिजनौर के रूप में चैंपियनशिप जीती।

प्राप्त समाचार के अनुसार दा मैक्स फिटनेस जिम की ओर से नहटौर के एचएमआई इंटर कॉलेज में यूपी उत्तराखंड बॉडी बिल्डर शो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी हाजी अब्दुल कादिर व मुस्लिम फंड के मैनेजर हाजी शमीम ख्वाजा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं का उत्साह बढ़ता है। उन्होंने जिम के माध्यम से सेहतमंद रहने और खासकर युवाओं से नशे की आदतों से दूर रहने का आह्वान किया। शो में मेरठ, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, देहरादून, ऋषिकेश व बिजनौर आदि के प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुरादाबाद के नईम खान यूपी उत्तराखंड चैंपियन बने। जबकि नहटौर क्षेत्र के गांव ढकौली के मोहित पाल मिस्टर बिजनौर के रूप में चैंपियन चुने गए। मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर समाजसेवी हाजी अब्दुल कादिर, हाजी शमीम ख्वाजा, हाजी अनवर अंसारी, अकरम अंसारी, फारूक फौजी, इस्लामुद्दीन, शकील कुरैशी, अवैस जकी, नादिर जकी, असलम सैफी, नईम शेख, वहीद मंसूरी, जहांगीर जैदी आदि मौजूद रहे। आयोजक मोहम्मद जर्रार और मोहम्मद अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## दो बाईक सवार झपटा मारकर मोबाइल छीनकर फरार हो गए

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जा रहे कैंटीन संचालक के पुत्र से दो बाईक सवार झपटा मारकर मोबाइल छीनकर फरार हो गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मोबाईल छीनने की घटना को लेकर स्वास्थ्य कर्मीयों में दहशत व्याप्त है। पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर कैंटीन चलने वाले संचालक ग्राम मच्छमार निवासी बलवंत सिंह का पुत्र मोहित कुमार कोतवाली देहात मार्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से हो होते हुए कैंटीन पर जा रहा था। मोहित के मुताबिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गेट से कुछ ही दूरी पर दो बाईक सवार आए और मोहित के हाथ से मोबाइल छीन कर फरार हो गए। मोहित ने उनका पीछा भी किया, लेकिन वह मौके से भाग गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज आदि खंगाले हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मोबाईल छीनने की घटना पर स्वास्थ्य कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हुई घटना से स्वास्थ्य कर्मीयो में दहशत वयाप्त हैं।

## गंगा जी में दूध की धार प्रवाहित कर किया गया कार्तिक मेले का उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**भागूवाला।** नजीबाबाद ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के द्वारा नांगल सोती में गंगा घाट पर लोक संस्कृति के इस गंगा स्नान मेले का शुभारंभ मां गंगा जी की पूजा अर्चना करके कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले का शुभारंभ किया गया। गंगा जी के प्रवेश द्वार पर लोक आस्था का केंद्र नांगल सोती में गंगा जी घाट है इस पर सदियों पुराना यह मेला सदियों से लगता चला आ रहा है ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह ने कहा कि गंगा स्नान का मेला भारतीय संस्कृति की धरोहर है।मेले में पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी क्षेत्रवासियों की जिम्मेदारी है मेले में मुख्य द्वार से आधा किलोमीटर की दूरी तक प्रकाश व्यवस्था कराई गई है साथ ही ग्राम पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस,



फायर ब्रिगेड, इंटर कॉलेज एवं समाजसेवियों द्वारा अपने-अपने शिविर लगाए हुए हैं। जिला प्रशासन ने अतिरिक्त गोताखोर, नाव, सहित मेले में पेयजल के लिए हैंडपंप आदि की व्यवस्था की है पुलिस प्रशासन, स्वयंसेवी संस्थाएं अनेक राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सेवा की दृष्टि से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है ग्राम प्रधान फरमान अहमद, सत्यपाल सिंह सहरावत, आर्य वीरेंद्र शर्मा, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, राहुल चौधरी, गार्विन चौधरी, सुशील शुक्ला, रामपाल सिंह, अर्पण कुमार, गौतम सिंह, प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष प्रशांत चौधरी, अतुल भारती, आचार्य विक्रम सिंह,अमित अग्रवाल, मनोज जाट, आदि उपस्थित रहे।

## चित्रकला प्रदर्शनी मे छात्राओं ने प्रतिभा के हुनर दिखाये

*** छात्राओं की रचनात्मकता देख सराहे गए प्रयास**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**धामपुर।** एसबीडी कॉलेज के चित्रकला विभाग की ओर से चित्रकला एवं हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की व्यवस्थापक रेणु गोयल, प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान तथा बीएड विभागाध्यक्ष प्रो. विमला सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

प्रदर्शनी में छात्राओं ने हस्तकला एवं पेंटिंग के विविध आयामों को प्रस्तुत किया। पारूल, नैना, सुमायला, मरियम, अक्शा, मानसी, नाजिया, अतूफा, अदीबा, समरीन, इफ्त, नूर फात्मा आदि छात्राओं ने अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री तैयार की। पेंटिंग्स में प्राकृतिक सौंदर्य, आधुनिक कला और पारंपरिक जीवनशैली को दर्शाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कला के माध्यम से स्वरोजगार एवं डिजिटल मार्केटिंग की दिशा में प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम का संचालन चित्रकला विभाग की शिक्षिका ऋतु कौशिक ने किया। आयोजन में डा. ललिता शर्मा, डा. अल्पना सिंह, नीलम पाल, रंजू सिंह, डा. रेणुका सिंह, सीमा कौशिक आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी में रूमाल प्रतियोगिता भी कराई गई। निर्णायक मंडल में डा. अल्पना सिंह, रंजू सिंह, डा. रेणुका सिंह और सीमा कौशिक शामिल थीं।

प्रतियोगिता में कु. अक्शा परवीन प्रथम, कु. मरियम द्वितीय, कु. समरीन तृतीय और कु. खुशनुमा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन को छत्तीसगढ़ राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर

**रायपुर।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन को छत्तीसगढ़ राज्य के अपने प्रथम दौरे के अवसर पर बुधवार को रायपुर स्थित राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

राज्य पुलिस बल की टुकड़ी ने सम्मान समारोह के दौरान पूर्ण अनुशासन और औपचारिकता के साथ गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका तथा अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया और छत्तीसगढ़ की जनता एवं शासन के



प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज्य के विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं हैं और केंद्र सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर सहयोग करती रहेगी।

## बलराम कुंवर मे गुरु नानक जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मे गुरु नानक जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य सभी आचार्य और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा व सभी आचार्यों द्वारा गुरु नानक के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने मंच पर आकर गुरु नानक जी के जीवन दर्शन और शिक्षाओं के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य शैलेंद्र एवं टीकम ने गुरु नानक जी के जीवन




काल और उनके महान कार्यों को विस्तार से समझाया।

उन्होंने बताया कि गुरु नानक जी ने किस प्रकार समाज को एकता, सेवा और सच्ची भक्ति का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में गुरु नानक जी के जीवन पर प्रकाश डाला और गुरु की महत्ता को विस्तार से समझाया। उन्होंने गुरु नानक जी के उपदेशों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'सद्गुरु की भक्ति ही सच्ची भक्ति है' और 'मन का स्नान ही सच्चा स्नान है। प्रधानाचार्य ने सभी उपस्थित लोगों को गुरु नानक जयंती की हार्दिक बधाई दी और उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बुखार से पीड़ित व्यक्ति की मौत, परिजनों में कोहराम

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** बुखार से पीड़ित एक व्यक्ति की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल बना है।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला जोशियान पश्चिमी निवासी 45 वर्षीय हिरदेश जोशी पुत्र गिरीश चंद्र को पिछले कई दिनों से बुखार आ रहा था। बताया जाता है कि सोमवार की अपराह्न अचानक उसकी तबीयत



खराब होने पर उसकी पत्नी दिव्या ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग भी सीएचसी में पहुंचे। हिरदेश जोशी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उनका रो-रो कर बुरा हाल बना है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची है। मृतक पत्नी और तीन बेटियों व एक बेटे को रोता बिलखता छोड़ गया है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष आर्य का कहना है कि मृतक सीएचसी में गंभीर हालत में आया था। उसे बचाने के प्रयास किए गए। इसी दौरान उसकी मौत हो गई।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत, कोहराम

*** चार घंटे बाद नाले में मिला शव**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**धामपुर।** मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें मॉर्निंग वॉक पर निकले 62 वर्षीय व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

ग्राम जैतरा निवासी सत्येंद्र प्रताप सिंह पुत्र घासीराम रोजाना की तरह अपने पालतू कुत्ते के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। तड़के धुंध और अंधेरे के बीच अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज़ थी कि सत्येंद्र प्रताप सिंह पास ही बने नाले में जा गिरे। दुर्घटना के बाद कुत्ता घर पहुंच



गया, लेकिन मालिक के वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई। काफी देर तक खोजबीन के बाद, करीब चार घंटे बाद उनका शव पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पास से बरामद हुआ। सूचना के बाद कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में वाहन चालक का पता नहीं चल सका है, उसकी तलाश की जा रही है। राहगीरों के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब छह बजे के बाद कोहरा बढ़ गया था, जिससे दृश्यता बहुत कम हो गई थी। पुलिस का मानना है कि धुंध और तेज़ रफ़्तार के कारण यह हादसा हुआ। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कुत्ते से बाइक टकराने पर एक युवक की मौत

*** जबकि पीछे बैठा गांव का ही दूसरा युवक घायल हो गया। ओर बाइक से टकराए कुत्ते की भी मौके पर ही मौत हो गई।**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार को गांव ताहरपुर सैद उर्फ तरकौला निवासी सुऐब पुत्र याकूब गांव के ही साकिब पुत्र नौशाद को साथ लेकर किसी काम से नहटौर आया था। शाम के वक्त घर लौटते समय नूरपुर रोड पर गांव चक गोवर्धन में उनकी बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया। उससे टकराकर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना में



सुऐब व साकिब दोनो घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने सुऐब को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। सूचना पर सीएचसी पहुंची पुलिस ने परिजनों से घटना के विषय में जानकारी ली। परिजनों के पोस्टमार्टम कराने व कोई कानूनी कार्रवाई करने से इंकार करने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं चिकित्सकों का कहना है कि दूसरे घायल साकिब को मामूली चोटे थी उसे उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। बताया जाता है कि बाइक जिस कुत्ते से टकराई थी, वह कुत्ता भी टक्कर से वही मर गया।

## मुंबई में जल्द दौड़ेगी हाइटेक मोनोरेल, सीबीटीसी सिग्नलिंग परीक्षण से पहचानी गई खामियां

**मुंबई।** महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमएमओसीएल) मुंबई मोनोरेल को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए बड़े स्तर पर काम कर रहा है। इसके तहत नई संचार-आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) सिग्नलिंग तकनीक का परीक्षण चल रहा है।

यह काम नामित ठेकेदार मेधा एसएमएच रेल प्राइवेट लिमिटेड कर रही है। इस नई प्रणाली से ट्रेनों की सुरक्षा और गति में जबरदस्त सुधार आने की उम्मीद है। बुधवार को एक नियमित सिग्नलिंग टेस्ट के दौरान छोटी-सी तकनीकी घटना हुई। एमएमएमओसीएल ने तुरंत स्थिति को संभाल लिया। मौके पर मौजूद दो तकनीकी कर्मचारी और मोनोरेल ऑपरेटर पूरी तरह सुरक्षित रहे। किसी को खरोंच तक नहीं आई। परीक्षण बंद लाइन पर सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए किया जा रहा था।

ये परीक्षण खासतौर पर सबसे खराब परिस्थिति (वर्स्ट केस सिनेरियो) को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं। इससे सिस्टम की मजबूती का आकलन होता है और असल सेवा शुरू होने से पहले हर कमजोरी दूर कर ली जाती है। इसलिए ऐसी नियंत्रित घटनाएं परीक्षण प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा हैं। एमएमएमओसीएल ने स्पष्ट किया कि यह कोई परिचालन विफलता नहीं है, बल्कि आंतरिक टेस्टिंग का हिस्सा है।



आम यात्रियों की सेवा पर कोई असर नहीं पड़ा। लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं। मेधा एसएमएच रेल द्वारा किए जा रहे सभी परीक्षण निर्बाध जारी रहेंगे।

परियोजना को समय पर पूरा करने और यात्रियों को न्यूनतम परेशानी हो, इसके लिए कई परीक्षण रात के समय या छुट्टियों में भी किए जा रहे हैं। एमएमएमओसीएल की टीम दिन-रात जुटी हुई है ताकि मुंबई को विश्वस्तरीय, सुरक्षित और हाई-टेक मोनोरेल सेवा मिल सके।

नई सीबीटीसी तकनीक से ट्रेन चालक आपस में सीधे संवाद करेंगे, जिससे दुर्घटना का जोखिम लगभग शून्य हो जाएगा। साथ ही, अधिक ट्रेनें कम समय में चल सकेंगी, जिससे भीड़भाड़ कम होगी और यात्रा तेज और सुलभ होगी। एमएमएमओसीएल ने वादा किया है कि सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। हर कदम पर अंतरराष्ट्रीय मानक अपनाए जा रहे हैं। जल्द ही मुंबईकर एक नई, स्मार्ट और सुरक्षित मोनोरेल का आनंद लेंगे।

## वीडियो से छेड़छाड़ की गई, मेरे खिलाफ दर्ज प्राथमिकी निराधार: ललन सिंह

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने बुधवार को आरोप लगाया कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान 'छेड़छाड़ किए गए' वीडियो के आधार पर उनके खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है।

जद(यू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ मंगलवार को बक्सर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला मोकामा में की गई उनकी टिप्पणी के संबंध में दर्ज किया गया है।

सिंह ने कहा, 'मैं निर्वाचन आयोग की ओर से की गई कार्रवाई का सम्मान करता हूं। आयोग एक संवैधानिक व निष्पक्ष संस्था है। लेकिन जो वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, वह पूरी तरह छेड़छाड़ किया हुआ है।'

उन्होंने दावा किया कि मोकामा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकर्ता गरीब मतदाताओं को जद(यू) उम्मीदवार के पक्ष में वोट डालने से रोकने के लिए धमका रहे थे। सिंह ने कहा, 'एक राजनीतिक दल के रूप में हमारा कर्तव्य है कि हम ऐसे कमजोर और भयभीत मतदाताओं का मनोबल बढ़ाएं। मैंने सिर्फ यही करने की कोशिश की थी। पूरा वीडियो देखने पर यह बात स्पष्ट हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि जांच के दौरान आयोग पूरा वीडियो फुटेज देखेगा और सत्य सामने आएगा।

## राहुल गांधी के आरोपों के बीच हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साझा किए महत्वपूर्ण तथ्य

**चंडीगढ़।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हरियाणा विधानसभा चुनाव, 2024 में वोट चोरी के आरोप लगाए। इसी बीच हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने चुनाव से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में बताया।

हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट कर चुनाव के महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में बताया गया। पोस्ट में लिखा, 'मसौदा मतदाता सूचियां 2 अगस्त, 2024 को प्रकाशित और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की गईं। एसएसआर (स्पेशल समरी रीविजन) के दौरान 4,16,408 दावें और आपत्तियां प्राप्त हुईं। 20,629 कुल बीएलओ की संख्या थी।'

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया, 'अंतिम मतदाता सूचियां 27.8.2024 को प्रकाशित और सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की गईं। जिलाधिकारियों के पास ईआरओ के विरुद्ध शून्य दायर अपील रही। जिलाधिकारियों के आदेशों के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास दायर दूसरी अपीलों की संख्या भी शून्य रही। नाम वापसी की अंतिम तिथि तक मतदाता सूचियों को अंतिम रूप दे दिया गया और 16 सितंबर, 2024 को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के साथ साझा की गई।'

हरियाणा सीईओ ने बताया, 'हरियाणा में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 20,632 थी। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 1,031 थी। सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त मतदान एजेंटों की कुल संख्या 86,790 थी। मतदान के अगले दिन जांच के दौरान उम्मीदवारों द्वारा शून्य आपत्ति दर्ज कराई गई। मतगणना के लिए सभी उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त मतगणना एजेंटों की संख्या 10,180 थी। मतगणना के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा पांच शिकायतें/आपत्तियां प्राप्त हुईं। 8 अक्टूबर को रिजल्ट घोषित किए गए। चुनावों को चुनौती देने के लिए 23 चुनाव याचिका दायर की गई।' बता दें कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हरियाणा चुनाव के नतीजों पर कथित तौर पर गड़बड़ी करने का आरोप दोहराया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तर पर हो रही है। हरियाणा में कांग्रेस की जीत को हार में बदला गया।

## बिहार में दो-तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगा राजग : राजनाथ सिंह

**बांका (बिहार)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में दो-तिहाई बहुमत के साथ अगली सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि लोग राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के शासनकाल की तुलना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 वर्ष के कार्यकाल से कर रहे हैं।

बांका जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, 'नीतीश कुमार पर आज तक भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा, जबकि राजद के कई नेता भ्रष्टाचार के मामलों का सामना कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि राजद के शासनकाल में लोगों को डराया-धमकाया जाता था, जबकि राजग सरकार ने जनता के हित में काम किया है।

रक्षा मंत्री ने कहा, 'राजद शासन के दौरान बिहार का स्वास्थ्य बजट मात्र 700 करोड़ रुपये था, जो अब राजग



सरकार में बढ़कर 20,000 करोड़ रुपये हो गया है। यह इस बात का प्रमाण है कि सरकार जनता के स्वास्थ्य को लेकर कितनी गंभीर है।'

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, 'कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीमावर्ती इलाकों में सड़कें बेहतर हों। राजद भी नहीं चाहता था कि बिहार में विकास हो। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की राजनीति में विकास विरोधी सोच को खत्म कर दिया है।' उन्होंने कहा, 'जब मोदी ने सत्ता संभाली, तब भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान पर थी। आज यह पांचवें स्थान पर है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगी।'

सिंह ने आतंकवाद के मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पड़ोसी देश में आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, 'अगर आतंकवादी ऐसी हरकत दोबारा करेंगे, तो हम और भी कड़ा जवाब देंगे। ऑपरेशन सिंदूर रुका है, समाप्त नहीं हुआ।'

रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह सशस्त्र बलों का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, 'राजग कभी भी जाति, मजहब या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। हमने जो वादे अपने घोषणापत्र में किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। बिहार को विकसित राज्य बनाने का काम केवल राजग ही कर सकता है।'

## माथेरान की टॉय ट्रेन छह नवंबर से फिर शुरू होगी

**मुंबई।** मुंबई के पास रायगढ़ जिले में स्थित लोकप्रिय हिल स्टेशन माथेरान और नेरल कस्बे के बीच संचालित होने वाली लोकप्रिय नैरो गेज ट्रेन सेवा बृहस्तपिवार छह नवंबर से फिर से शुरू होने वाली है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि एहतियाती उपाय के तौर पर नेरल और माथेरान के बीच रेल सेवाएं जून से अक्टूबर तक स्थगित कर दी गई थीं, हालांकि हिल स्टेशन के प्रवेश द्वार के पास अमन लॉज और दस्तूरी प्वाइंट के बीच शटल सेवाएं जारी रहीं।

मुंबई के पास स्थित हिल स्टेशन माथेरान में मानसून के दौरान भारी बारिश होती है और बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। चूंकि इस क्षेत्र में पिछले मानसून के दौरान भूस्खलन, पटरियों को नुकसान और तटबंधों के बह जाने की घटनाएं हुई थीं, इसलिए एहतियात के तौर पर नैरो-गेज रेल सेवाएं स्थगित कर दी गई थीं।

इस वर्ष 21 किलोमीटर लंबी नेरल-माथेरान नैरो गेज लाइन पर



सेवाएं जून के पहले सप्ताह से निलंबित कर दी गई थीं।

मध्य रेलवे ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि नेरल-माथेरान नैरो गेज कॉरिडोर पर सेवाएं छह नवंबर से फिर से शुरू होंगी। चार सेवाएं - नेरल और माथेरान से दो-दो - प्रतिदिन संचालित की जाएंगी।

नेरल से माथेरान के लिए पहली ट्रेन सुबह 8:50 बजे रवाना होगी और 11:30 बजे अपने गंतव्य पर पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन सुबह 10:25 बजे रवाना होगी और दोपहर 1:05 बजे माथेरान पहुंचेगी। माथेरान से ये ट्रेन क्रमशः दोपहर 2:45 बजे और शाम चार बजे रवाना होंगी और शाम साढ़े पांच बजे और शाम 6:40 बजे नेरल पहुंचेंगी।

मध्य रेलवे ने बताया कि चारों सेवाएं कुल छह डिब्बों के साथ संचालित की जाएंगी, जिनमें तीन द्वितीय श्रेणी और दो द्वितीय श्रेणी-सह-सामान वैन शामिल हैं। दोनों ओर से पहली सेवाएं एक विस्टाडोम कोच और दूसरी सेवाएं एक प्रथम श्रेणी कोच के साथ संचालित की जाएंगी।

विज्ञप्ति के अनुसार, सोमवार से शुक्रवार तक माथेरान और अमन लॉज के बीच दोनों दिशाओं में छह शटल सेवाएं संचालित होंगी, तथा शनिवार और रविवार को आठ सेवाएं संचालित होंगी।

## आंध्र समूह ने लंदन में पुरस्कार जीतने पर नारा भुवनेश्वरी को बधाई दी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने बुधवार को मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी को लंदन में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स के वैश्विक सम्मेलन में प्रतिष्ठित विशिष्ट फैलोशिप पुरस्कार प्राप्त करने पर बधाई दी।

हेरिटेज फूड्स लिमिटेड की प्रबंध निदेशक और एनटीआर मेमोरियल न्यास की प्रबंध न्यासी भुवनेश्वरी को सार्वजनिक सेवा, सामाजिक सशक्तिकरण और प्रभावशाली नेतृत्व में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राजभवन की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, 'नजीर ने सार्वजनिक और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में उनकी (नारा भुवनेश्वरी) अनुकरणीय सेवा के लिए लंदन में इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आईओडी) के वैश्विक सम्मेलन में प्रतिष्ठित फेलोशिप पुरस्कार-2025 से सम्मानित होने पर भुवनेश्वरी को बधाई दी।' राज्यपाल ने 'फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स' (एफएमसीजी) श्रेणी के अंतर्गत 'कॉर्पोरेट गवर्नेंस' में उत्कृष्टता के लिए 'गोल्डन पीकॉक पुरस्कार' प्राप्त करने पर भी उन्हें बधाई दी। बिड़ला और सन फार्मा के प्रबंध निदेशक दिलीप सांघवी ने यह पुरस्कार जीता था।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 11/5/2025 9:46 PM Page 1



# संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने किया आगरा के होटल में शैक्षिक भ्रमण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों का एक दल ने ग्रांड मरक्योर(एकोर होटल्स) आगरा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य आतिथ्य क्षेत्र के छात्रों को पाँच सितारा होटलों में अपनाई जाने वाले संचालन, सेवाओं और प्रबंधन पद्धतियों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस भ्रमण के दौरान संस्कृति के विद्यार्थियों ने होटल विभागों, अतिथि प्रबंधन प्रक्रियाओं और आतिथ्य उद्योग में अपनाए जाने वाले पेशेवर मानकों के बारे में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया।




इस दल में संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के 66 छात्र, तीन संकाय सदस्य गगन शर्मा, शुभांगी सक्सेना, और कपिल शर्मा शामिल थे। बीएचएम प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) का एक औद्योगिक दौरा आयोजित किया गया, जिसमें कुल 34 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरे का समन्वय और संचालन श्री गगन शर्मा, सहायक प्रोफेसर द्वारा, विभागाध्यक्ष श्री रतीश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) पहुँचने पर विद्यार्थियों के इस दल का होटल के एचआर मैनेजर सचिन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सत्र की शुरुआत ग्रैंड मर्क्योर (एकोर होटल्स) के इतिहास, ब्रांड विरासत और सुविधाओं पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति के साथ हुई। प्रस्तुति के बाद, सुश्री लवीना जैन (एल एंड डी प्रबंधक) और विशाल सिंह ने छात्रों को होटल के विभिन्न विभागों के बारे में बारीकी से जानकारियां दीं। छात्रों ने एक संवादात्मक सत्र में भी भाग लिया जिसमें होटल के अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने पेशेवर अनुभव और परिचालन संबंधी जानकारी विद्यार्थियों से साझा की। छात्रों ने उत्साह के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण में में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे उन्हें होटल संचालन और उद्योग मानकों के बारे में बहुमूल्य व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। इस यात्रा का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें एकॉर होटल्स के प्रबंधन और कर्मचारियों के प्रति उनके उत्साही आतिथ्य और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

संस्कृति स्कूल आफ टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के डीन डा. रतिश शर्मा ने बताया कि इस यात्रा ने छात्रों की वास्तविक दुनिया के होटल संचालन और प्रबंधन प्रथाओं की समझ को समृद्ध किया। इसने उन्हें सैद्धांतिक अवधारणाओं को व्यावहारिक अनुप्रयोगों से जोड़ने में भी मदद की, जिससे पेशेवर विकास और भविष्य के उद्योग अनुभव के लिए तत्परता को बढ़ावा मिला। होटल के सचिन, मानव संसाधन प्रबंधक, सुश्री लवीना जैन (प्रबंधन एवं विकास प्रबंधक) और विशाल सिंह को संस्कृति विवि के दल की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## नमामि गंगे कार्यक्रम में शामिल हुए स्कूली छात्र छात्राएं



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** बुधवार को देव दीपावली एवं गुरु नानक जयंती के उपलक्ष में तहसील क्षेत्र के ग्राम मदारपुर स्थित संगम तट पर मौजूद मढ़ी मंदिर पर नमामि गंगे का भव्य आयोजन हुआ जिसमें नगर के मनोरमा इंग्लिश मीडियम स्कूल और ग्राम धुरियाई के श्री डालचंद शर्मा इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर वहां की रौनक बढ़ाई साथी स्कूल के प्रबंधक रवि गुप्ता प्रधानाचार्या नेहा गुप्ता, प्रवीण कुमार शर्मा , प्रियंका रावत स्निग्धा वशिष्ठ, कृष्ण पाल सिंह मौजूद रहे वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल दर्ज राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश भी शामिल रहे।

## सहकर्मियों पर परेशान करने का आरोप, खुदकुशी का प्रयास किया

**गाजियाबाद।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला सफाई कर्मचारी के साथ छेड़छाड़ और जबरन संबंध बनाने के दबाव का मामला सामने आया है। मानसिक उत्पीड़न से परेशान महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया। फिलहाल महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। महिला के पति ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थानाक्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति पुलिस में दी शिकायत में कहा है कि उनकी पत्नी नोएडा में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत है। बीते 28 अक्तूबर ड्यूटी के दौरान उसके साथ काम करने वाले चिंटू और सुमित ने उसके साथ छेड़छाड़ और बदतमीजी की।

आरोप है कि दोनों ने उनकी पत्नी पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला, लेकिन उसने विरोध कर किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनकी पत्नी ने घटना की शिकायत अपने सुपरवाइजर बबलू पार्चा और राधे पार्चा से की तो उन्होंने कार्रवाई करने के बजाय आरोपियों का ही साथ दिया। इतना ही नहीं, सुपरवाइजरों ने उनकी पत्नी से कहा कि या तो वह चिंटू और सुमित की बात मान ले या फिर एक लाख रुपये देकर अपनी नौकरी बचाए। बात न मानने पर उसे काम से निकाल दिया जाएगा। आरोप है कि लगातार मानसिक शोषण से परेशान होकर उनकी पत्नी ने एक नवंबर की दोपहर करीब ढाई बजे जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों ने तत्काल उसे नजदीकी गाजियाबाद में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई गई है। पीड़ित पति ने दो नवंबर को सिहानी गेट थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय का कहना है कि शिकायत के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## कुख्यात अपराधी लाखन की 97.43 लाख रुपए की अवैध संम्पत्ति पर हुई कुर्की की कार्रवाई

*** क्षेत्राधिकारी और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर ने गेस्ट हाउस की कुर्की**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** वृन्दावन पुलिस ने मंगलवार रात एक कुख्यात अपराधी मुकेश उर्फ लाखन की 97.43 लाख रुपए मूल्य की अवैध संपत्ति कुर्क की। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत जिला प्रशासन के आदेश पर की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि वृन्दावन थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में नामजद अभियुक्त मुकेश उर्फ लाखन, निवासी गौरा नगर कॉलोनी वृन्दावन, लंबे समय से संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। अभियुक्त ने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित कर पानीघाट चौराहा परिक्रमा मार्ग पर अपनी मां शिवदेवी के नाम पर 167.22 वर्गमीटर क्षेत्रफल में तीन मंजिला 'वैष्णवी गेस्ट हाउस' का निर्माण कराया था। इस गेस्ट हाउस की बाजार कीमत 97 लाख 43 हजार रुपए आंकी गई है। क्षेत्राधिकारी सदर संदीप संदीप सिंह और ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर अनुभव जे जैन के निर्देशन में पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने गेस्ट हाउस पर कुर्की का बोर्ड लगाया, मुनादी कराई और संपत्ति पर सरकारी कब्जा दर्ज किया। मुकेश का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। उसके खिलाफ डकैती, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार, मारपीट, धमकी और गैंगस्टर एक्ट सहित 10 से अधिक मुकदमे वृन्दावन, जमुनापार और अन्य थानों में दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वह क्षेत्र में आतंक फैलाकर अवैध रूप से आर्थिक लाभ कमाता रहा है। सीओ संदीप सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों में कानून का भय पैदा करती है और उनकी अवैध कमाई पर रोक लगाने में सहायक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध से अर्जित कोई भी संपत्ति सुरक्षित नहीं रहेगी, चाहे वह किसी के भी नाम पर खरीदी गई हो, और ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।



## 25 लाख के जेवरात चोरी मामले में आरोपियों का नार्को टेस्ट होगा

**मोदीनगर।** भगवान गंज मंडी कॉलोनी में दो माह पूर्व हुई चोरी के खुलासे के लिए पुलिस तीन आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने की तैयारी कर रही। जल्द ही पुलिस कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया है। वहीं, घरेलू सहायिका ने भी छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। भगवान गंज मंडी कॉलोनी निवासी कपड़ा व्यापारी प्रिंस सिघंल के घर से 25 लाख रुपये के जेवरात चोरी हुए थे। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं, घरेलू सहायिका ने भी छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कई बार थाने पर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने घरेलू सहायिका से पूछताछ की, लेकिन कोई साक्ष्य नहीं मिला। घरेलू सहायिका भी बार-बार अपने बयान बदल रही है। एक सप्ताह पहले व्यापारियों ने डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी को ज्ञापन दिया था। डीसीपी ने जल्द घटना के खुलासे का आश्वासन दिया था। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपी हैं। घटना के खुलासे के लिए नार्को टेस्ट कराने की तैयारी की जा रही। इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## कहासुनी के बाद युवक से मारपीट

**लोनी।** अंकुर विहार थानाक्षेत्र में युवक से मारपीट का मामला सामने आया है।

रेल विहार में रहने वाले कुलदीप ने बताया कि तीन नवंबर की रात को राज मोहन साहू, पंकज व कुछ अज्ञात लोगों ने घर के बाहर उनसे मारपीट की। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों से पूर्व में कहासुनी हुई थी। इसी कारण उन पर हमला किया गया, जिसमें उन्हें गंभीर चोट आई हैं। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है।

## शीशे की दुकान में दबने से मासूम की मौत, एक घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कवि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनडीआरएफ रोड पर स्थित एक शीशे की दुकान में बड़ा हादसा हो गया। दुकान में रखे भारी-भरकम शीशे अचानक गिरने से दुकान मालिक और एक मासूम बच्चा उनके नीचे दब गए। इस हादसे में 12 वर्षीय कैफ की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दुकान मालिक घायल हो गए। घटना देर रात लगभग 8:30 बजे एनडीआरएफ रोड पर एके नाम की शीशे और अल्युमिनियम की दुकान पर हुई। यह दुकान कादिर नामक शख्स की है। हादसे के वक्त दुकान में मालिक कादिर के साथ 12 साल का मासूम कैफ भी मौजूद था। तभी अचानक से दुकान में रखे शीशे ताबड़तोड़ दोनों के ऊपर गिर पड़े। शीशे की अनगिनत परतें, जो करीब 5 फीट तक ऊंची थीं, के नीचे दोनों दब गए। हादसे की जगह एनडीआरएफ बटालियन के पास होने के कारण राहत कार्य तत्काल शुरू हो गया। सबसे पहले स्थानीय लोग बचाव के लिए दौड़े और उन्होंने शीशे तोड़ने शुरू किए। घटना की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ के जवान भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर मोर्चा संभाला। पुलिस को सूचना दिए जाने पर तत्काल एंबुलेंस भी बुलाई गई। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दबे हुए लोगों को शीशे तोड़कर बाहर निकाला जा सका। एसीपी कवि नगर, सूर्य बली मौर्य ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि रात लगभग 8:30 बजे यह घटना हुई। मौके पर पहुंची पुलिस टीमों ने तत्काल शीशे हटाए और दोनों घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में उपचार के दौरान 12 वर्षीय कैफ की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। वहीं, जख्मी हुए दुकान मालिक कादिर की हालत अब स्थिर और खतरे से बाहर है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## देव दीपावली पर असंख्य दीपकों से जगमगाई यमुना मईया

*** भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति एवं श्री वामन भगवान महोत्सव समिति द्वारा किए गए लाइटिंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां**

*** वेद ध्वनि से गुंजायमान हुआ स्वामी घाट**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** देव दीपावली महोत्सव समिति द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर यमुना के सभी घाटों पर असंख्य दीपक प्रज्वलित कर भव्य आयोजन किया गया। वहीं भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति एवं श्री वामन भगवान महोत्सव समिति द्वारा मुख्य आयोजन स्वामी घाट स्थित यमुना मंदिर पर किया गया। जिसका शुभारंभ भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक पंडित श्याम शर्मा, यमुना भक्त पंकज चतुर्वेदी महाराज, ने वेद ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर आचार्य आचार्य लंबू पंडित के नेतृत्व में स्वस्तिवाचन एवं वैदिक मंगलाचरण किया।



वहीं श्री भगवान परशुराम समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम गोपाल शर्मा ने बताया आज का यह अवसर अत्यंत पावन है देव दीपावली का। जब काशी की भाँति सम्पूर्ण भारतवर्ष में दीपों की ज्योति से आकाश आलोकित होता है, तब यह दीप केवल प्रकाश का नहीं, बल्कि धर्म, संस्कार और एकता का प्रतीक बनता है। इसी शुभ समय में, श्री बागेश्वर जनसेवा समिति द्वारा पूज्य बागेश्वर धाम सरकार कृ पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के सान्निध्य में दिल्ली से वृंदावन तक एक भव्य एवं ऐतिहासिक पदयात्रा निकाली जा रही है। वहीं उन्होंने बताया यह यात्रा केवल पांवों की गति नहीं, बल्कि यह राष्ट्र और धर्म की चेतना का प्रवाह है। 7 नवम्बर से 16 नवम्बर तक चलने वाली यह यात्रा, दिल्ली की धरती से आरम्भ होकर वृंदावन धाम की पवित्र भूमी तक पहुंचेगी, जहाँ श्रीकृष्ण की नगरी में यह सनातन जागरण का दीप प्रज्वलित करेगी। वहीं यमुना भक्त पंकज चतुर्वेदी ने बताया यमुना शुद्धिकरण और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर प्रभावशाली संबोधन दिया। यमुना तट पर दीपों की रौशनी के बीच उन्होंने कहा कि यमुना केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धारा हैं।उन्होंने कहा कि माँ यमुना आज हम सबको पुकार रही हैं। यह पुकार केवल जल की सफाई की नहीं, बल्कि मन की शुद्धि की भी है। जब तक हमारी नदियाँ निर्मल नहीं होंगी, तब तक हमारी संस्कृति भी पूर्ण नहीं हो सकती।भक्त चतुर्वेदी ने जनमानस से आह्वान किया कि हर श्रद्धालु यमुना की सेवा को धर्म का हिस्सा माने और अपने स्तर पर नदी संरक्षण का संकल्प ले। इस अवसर पर कुशल पाल शर्मा गौरव शर्मा केके शर्मा अर्जुन पंडित आशीष शर्मा ललित स्वामी संजय हरियाणा कन्हैया लाल शर्मा लब्बू पंडित के अभिषेक शर्मा अनिल शर्मा हरिशंकर विजय शर्मा कुलदीप शर्मा कुलदीप शास्त्री आदि पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों को शाल दुपट्टा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक श्याम शर्मा ने बताया महोत्सव में कृष्णगंगा घाट से विश्राम,राजा घाट सहित ध्रुव घाट तक एवं यमुना पार के सभी घाटों पर भव्य लाइटिंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांधा श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर दीप प्रज्वलित किए और यमुना में प्रवाहित किए। नावों में मनोहारी राधा कृष्ण की झांकियां सजाई गई। घाट घाट पर भजन संध्या व रासलीला का आयोजन किया गया।

## मामूली विवाद में महिला को पीटा

**नोएडा।** सर्फाबाद गांव में मामूली विवाद में सात लोगों ने महिला को पीट दिया। इस मामले में महिला की शिकायत पर सेक्टर-113 पुलिस ने तीन महिलाओं समेत कुल सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाने में दी शिकायत में सर्फाबाद गांव निवासी महिला ने बताया कि 30 अक्तूबर को शाम करीब पांच बजे उसके घर के सामने वाली इमारत में रहने वाली महिला से उसका विवाद हो गया। उसके साथ तीन महिलाओं समेत सात लोगों ने गाली-गलौज और मारपीट की। आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ने का भी प्रयास किया गया। गुस्से में आकर शिकायतकर्ता महिला ने अपने हाथ की नस काटने की कोशिश की। हालांकि, गाजियाबाद में रहने वाले शिकायतकर्ता के भाई ने बहन को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुत्ते को बिस्किट खिलाने को लेकर विवाद हुआ था। पीड़िता अधिवक्ता बताई जा रही है।

## गंदगी फैलाने पर मोदी मॉल प्रबंधन पर 25 लाख का जुर्माना

**नोएडा।** नोएडा विकास प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को सेक्टर-25ए स्थित मोदी मॉल का निरीक्षण किया। प्राधिकरण ने वहां गंदगी मिलने और नियमों का उल्लंघन करने पर प्रबंधन पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एसपी सिंह ने बताया कि मोदी मॉल प्रबंधन के निरीक्षण में सामने आया कि यहां पर बल्क वेस्ट जनरेटर अपशिष्ट पृथक्करण, भंडारण एवं अपशिष्ट प्रसंस्करण के संदर्भ में सॉलिड वेसट मैनेजमेंट के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। मॉल में कचरे का पृथक्कीकरण नहीं किया जा रहा था। यहां कचरा अनाधिकृत कबाड़ियों को दिया जा रहा था, जो कचरे को सड़क पर फेंक रहे थे।

महाप्रबंधक ने कहा कि निरीक्षण के दौरान मॉल प्रबंधन और कर्मचारियों ने कोई सहयोग नहीं किया। कई कमियां मिलने पर मोदी मॉल प्रबंधन पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक सप्ताह के अंदर जुर्माना जमा नहीं कराने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। आने वाले समय में और भी मॉल की जांच की जाएगी। जो मॉल प्रबंधन सफाई के मामले में लापरवाही बरतेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण करने गई टीम में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इंदु प्रकाश व गौरव बंसल भी मौजूद थे।

## इधर नौकरी गई, उधर मोबाइल फोन छीन ले गए बदमाश

**नोएडा।** सेक्टर-63 स्थित प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने वाले युवक को अचानक नौकरी से निकाल दिया गया। वह कंपनी से निकलकर परिचित से बात कर रहा था, तभी बाइक सवार दो बदमाश उसका मोबाइल फोन छीनकर ले गए। पुलिस जांच में जुटी है। सेक्टर-93 स्थित गेझा गांव में रहने वाले मृत्युंजय राय ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-63 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। इसी माह एक नवंबर को उन्हें कंपनी से निकाल दिया गया। वह कंपनी से बाहर निकलकर करीब 20 कदम चले तो परिचित की कॉल आ गई। वह उससे बात करते हुए पैदल सड़क किनारे चल रहे थे, तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और उनका मोबाइल फोन छीनकर ले गए। पीड़ित का कहना है कि शुरुआत में जब वह पुलिस चौकी पर गए थे, उनसे मोबाइल छिनैती के बजाय गुम होने की शिकायत करने के लिए कहा गया। पीड़ित का कहना है कि बदमाश कंपनी के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रास्ते में अकेली खड़ी महिला के साथ छेड़छाड़

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर क्षेत्र के दयानतपुर गांव के समीप मंगलवार की रात एक युवक ने रास्ते में अकेली खड़ी महिला से छेड़छाड़ की। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फलैदा गांव निवासी युवक मंगलवार की देर शाम अपनी पत्नी को बाइक पर लेकर जेवर के बाजार जा रहा था। वह दयानतपुर गांव के समीप पहुंचे तो उनकी बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया। वह रास्ते में अपनी पत्नी को बाइक के पास अकेली छोड़कर गांव में पेट्रोल लेने चला गया। दयानतपुर गांव निवासी युवक ने रात के अंधेरे में महिला को अकेली खड़ी देखकर छेड़छाड़ की।

इसके बाद आरोपी जंगल की तरफ भाग गया। कुछ देर बाद युवक पहुंचा तो महिला ने आरोपी की हरकत के बारे में बताया। युवक अपनी पत्नी को लेकर जंगल की तरफ गया। यहां एक खेत में ट्यूबवेल पर कई लोग बैठे थे, जिनमें से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को महिला ने पहचान लिया। महिला के पति ने आरोपी की हरकत का विरोध किया तो उसने गाली-गलौज की और धमकी देकर वहां से चला गया। इस मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि एक आरोपी दीपक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## देव दीपावली आरती और भजन-कीर्तन

नोएडा,। सेक्टर-34 स्थित बी-तीन अरावली अपार्टमेंट में बुधवार को देव दीपावली का पर्व मनाया गया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरडब्ल्यू अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि सोसाइटी के सेंट्रल पार्क में बने कुंड में चारों धाम के मिश्रित जल की व्यवस्था की गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने दीपदान, आरती और भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान को नमन किया। कार्यक्रम में देव दीपावली, कार्तिक पूर्णिमा, बोइटा बंदना और गुरु पर्व को एक साथ मनाया गया। इससे उत्सव का धार्मिक महत्व और बढ़ गया।

## प्रदूषण बढ़ने पर एयर प्यूरीफायर का सहारा

**ग्रेटर नोएडा।** शहर में प्रदूषण की वजह से लोगों सांस की दिक्कत और एलर्जी सहित अन्य परेशानियां हो रही हैं। इससे बचाव के लिए घरों में एयर प्यूरीफायर लगाया जा रहा है। ग्रेनो वेस्ट निवासी आशीष दुबे ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण एयर प्यूरीफायर का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रदूषण से बचाव के पौधे भी लोग घरों में लगा रहे हैं। सोसाइटी के पास लगातार धूल उड़ती है। इससे लोग बीमार भी हो रहे हैं। वहीं, ऐस डिवीनो सोसाइटी के निवासी अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि आरएमसी प्लांट से निकलने वाले धुएं के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। प्रदूषण विभाग से सभी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। प्रदूषण की रोकथाम के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव भी नहीं हो रहा है। आरएमसी प्लांट से प्रदूषण बढ़ रहा ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ऐस डिवीनो, अरिहंत सहित अन्य जगह पर आरएमसी प्लांट संचालित हैं। इन प्लांट के पास ग्रुप हाउसिंग सोसायटी बनी हुई है। इनमें हजारों लोग रहते हैं। लोगों का आरोप है कि लगातार आरएमसी प्लांट से निकलने वाले धुएं ने उनका जीना मुश्किल कर दिया है। बुजुर्गों और बच्चों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। प्रदूषण विभाग और प्राधिकरण से शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही।

## कार्तिक पूर्णिमा पर गोवर्धन धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब

*** मानसी गंगा और राधाकुण्ड में स्नानार्थियों की रही भीड़**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** आज कार्तिक पूर्णिमा को लेकर गिरिराज दानघाटी मंदिर, मुखारबिन्द, चकलेश्वर और जतीपुरा मुखारबिंद पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे जिससे कई बार व्यवस्थाएं गड़बड़ाती नजर आयीं। परिक्रमार्थियों की भारी भीड़ और गिरिराज महाराज के जयकारों गोवर्धन नगरी गूंज उठी।



बुधवार कार्तिक मास के समापन और पूर्णिमा होने के कारण गोवर्धन में जाम की स्थिति देखी गई। बसस्टैण्ड सेलेकर दानघाटी तक और आगे के बाजारों में भी परिक्रमार्थियों के रेले नजर आए। सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में भारी भीड़ देखी गई। पवित्र मानसी गंगा में स्नान करते महिला पुरूष आज कार्तिक पूर्णिमा पर्व मना रहे थे। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में कार्तिक पूर्णिमा के कारण आज दिन में भारी भीड़ रही। सर्दी का मौसम होने के कारण धूप में महिला पुरूष और बच्चों ने गिरिराज प्रभु की परिक्रमा की। परिक्रमा मार्ग में गाती बजाती महिलाएं गिरिराज महाराज के जयकारों के साथ श्रद्धाभाव में नजर आयीं। मंदिरों के दर्शन पवित्र मानसी गंगा, कुसुम सरोबर, राधाकुण्ड में लोगों ने डुबकी लगायी। राधाकुण्ड में भी मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन हुए। प्रातः काल से ही लोगों की संख्या बढ़ती नजर आयी।

## महिला डॉक्टर का गहनों से भरा बैग चोरी

**नोएडा।** बुलंदशहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात महिला डॉक्टर का गहनों से भरा बैग नोएडा में गायब हो गया। ई-रिक्शा में सवारी बनकर बैठी महिलाओं ने बातों में उलझाकर घटना को अंजाम दिया। सेक्टर-24 थाना पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। अर्चना सिंह ने पुलिस को बताया कि वह बुलंदशहर के पहासू ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर हैं। उनका मायका सेक्टर-12 नोएडा में है। वह 27 अक्तूबर की दोपहर करीब 1.30 बजे बस से नोएडा पहुंचीं। मोरना डिपो पर बस से उतरने के बाद वह ई-रिक्शा में बैठकर सेक्टर-12 जा रही थीं। चालक ने ई-रिक्शा में उनके बैठने के बाद नौ और लोगों को बैठा लिया। इनमें कुछ महिलाएं और कुछ बच्चे थे। पीड़िता ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोबाइल से उन लोगों का वीडियो बना लिया। मोरना अंडरपास के निकट जब ई-रिक्शा पहुंचा तो उन महिलाओं ने उन्हें बातों में उलझा लिया। महिलाओं के साथ, जो बच्चे थे, वे शरारत करके उनका ध्यान भटका रहे थे। इसी बीच उनका ट्रॉली बैग खोलकर झुमका, और अंगूठी से भरा बैग निकाल लिया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन विवाद, बेंगलुरु में शांति बैठक का दूसरा चरण आज

**बैंगलोर।** कर्नाटक के कलबुर्गी ज़िले के चित्तपुर में आरएसएस और भीम आर्मी के बीच हालिया तनाव के मद्देनज़र कलबुर्गी उच्च न्यायालय की पीठ के निर्देशानुसार बुधवार शाम बेंगलुरु में शांति बैठक का दूसरा चरण आयोजित किया जाएगा। यह बैठक विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह पथ संचलन की अनुमति पर फैसला देने के महत्वपूर्ण होगी।

उच्च न्यायालय के आदेशानुसार, बैठक की अध्यक्षता राज्य के महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी करेंगे। चित्तपुर घटना के मद्देनजर आरएसएस की ओर से आवेदन दायर करने वाले अशोक पाटिल सहित केवल पाँच लोगों को जिला प्रशासन ने बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। बैठक में आरएसएस याचिकाकर्ता अशोक पाटिल, कृष्णा जोशी, प्रह्लाद विश्वकर्मा, आरएसएस वकील अरुण श्याम और वदिराज कडलूर भाग लेंगे।बताया जा रहा है कि भीम आर्मी समेत 9 अन्य संगठनों को शांति भंग होने की आशंका के चलते बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था और अन्य संगठनों ने हाई कोर्ट में आवेदन भी नहीं किया था।

बैठक में एजी और जिला प्रशासन आरएसएस समर्थक नेताओं और वकीलों से लिखित बयान प्राप्त करेंगे। इस शांति बैठक की रिपोर्ट के आधार पर 7 नवंबर को कलबुर्गी उच्च न्यायालय की पीठ में अंतिम सुनवाई होगी और पथ संचलन की अनुमति देने पर निर्णय लिया जाएगा।

# राहुल गांधी ने देश के जवानों को अपमानित करने का काम किया: चिराग पासवान

**पटना।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश की 10% आबादी के नियंत्रण में है। चिराग ने कहा कि राहुल गांधी ने देश के जवानों का अपमान किया है।

मीडिया से बातचीत के दौरान चिराग पासवान ने कहा कि मुझे लगता है कि राहुल गांधी का यह बयान न केवल शर्मनाक है, बल्कि बेहद दुखदायी भी है। अगर लोकसभा में विपक्ष के नेता खुद ऐसा सोचते हैं और हमारे सशस्त्र बलों को जाति, धर्म या समुदाय के आधार पर सीमित कर देते हैं तो लोकतंत्र के लिए इससे ज्यादा दुखद कुछ नहीं हो सकता।



चिराग पासवान ने कहा कि जैसा मैंने कहा, यह बयान शर्मनाक है और इससे भावनाओं को ठेस पहुंची है। आज देश का जवान सोच रहा होगा कि उसकी जाति-धर्म क्या है, जबकि देशवासियों को बचाने के लिए उसने जाति-धर्म नहीं देखा। उन्होंने सवाल उठाया कि कांग्रेस परिवार लंबे समय तक सत्ता में रहा, अगर जाति के आधार पर विभाजन कराना था तो करा देते। आज आपको चुनावी हार की हताशा में यह याद आ रहा है। पहले भी कई बार ऐसी बातें बोलते हैं कि ध्रुवीकरण हो, लेकिन राजनीति में किसी भी तरह ध्रुवीकरण नहीं लाना चाहिए। मैं फिर कह रहा हूं कि राहुल गांधी ने अपने बयानों से मौजूदा जवानों का अपमान किया है।

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग 6 नवंबर को होगी। चिराग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, 'बिहार की शान हेलिकॉप्टर का निशान। साथियों, आप सभी से आग्रह है कि 6 नवंबर को अपने विधानसभा क्षेत्र को अव्वल और सशक्त बनाने के लिए आत्मनिर्भर बिहार की नींव रखने के लिए अपने नजदीकी मतदान केंद्रों पर जाकर जरूर वोट दें। आपका एक बहुमूल्य वोट बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट की सोच रखने वाली सरकार बनाएगा। वहीं प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व वाली सरकार बनाएगा। आइए, हम सब मिलकर समृद्ध बिहार बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। समृद्ध बिहार-विकसित बिहार, आ रही चिराग संग एनडीए सरकार। '

# बिहार के पूर्णिया में जद(यू) नेता के भाई, भाभी और भतीजी मृत पाए गए

**पूर्णिया (बिहार)।** बिहार के पूर्णिया जिले में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के एक नेता के बड़े भाई, भाभी और भतीजी घर में मृत पाए गए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतकों के शव मंगलवार रात केहट थाना क्षेत्र के यूरोपियन कॉलोनी में स्थित उनके आवास से बरामद किए गए।

पूर्णिया सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) ज्योति शंकर ने बताया कि मृतकों की पहचान नवीन कुशवाहा (52), उनकी पत्नी माला देवी (48) और बेटी तनु प्रिया (23) के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक नवीन कुशवाहा जद (यू) के स्थानीय नेता निरंजन कुशवाहा के बड़े भाई थे।

एसडीपीओ ने कहा, 'घर में तीन शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। '

उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं और मामले की जांच जारी है।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि स्थानीय लोगों के मुताबिक नवीन कुशवाहा इलाके में काफी लोकप्रिय थे और उन्होंने लोकसभा व विधानसभा चुनाव भी लड़ा था।

# बर्फ की सफेद चादर में लिपटा बद्रीनाथ धाम, उमड़ा भक्तों का हुजूम

**बद्रीनाथ।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध चार धामों में से एक बद्रीनाथ धाम में अचानक से मौसम ने करवट बदल ली है। बुधवार सुबह से लगातार तेज बर्फबारी हो रही है और चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है।

बर्फबारी होने की वजह से तापमान काफी गिर गया है, लेकिन श्रद्धालुओं की भक्ति में कमी नहीं है, बर्फबारी के बीच भी भक्त दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। पर्यटक भी बर्फबारी का मजा ले रहे हैं।

उत्तराखंड में बर्फबारी के साथ-साथ बारिश की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कई दिनों में बर्फबारी के साथ-साथ बारिश भी हो सकती है और मौसम ज्यादा बिगड़ सकता है। वहीं प्रशासन ने ठंड से बचने के लिए जगह-जगह पर अलाव की व्यवस्था की है, जिससे पर्यटक और भक्त दोनों ही बर्फबारी का मजा ले सकें। 7 से लेकर 10 नवंबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।



उत्तराखंड के कुछ जिलों में भारी बारिश और घना कोहरा छाया रहेगा। चमोली, टिहरी, पिथौरागढ़, देहरादून, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी में बारिश होने की संभावना है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन पर्यटकों को पर्वतीय क्षेत्रों में नहीं जाने की सलाह दे रहा है।

बर्फबारी के बीच बद्रीनाथ की यात्रा चल रही है और भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर के कपाट 4 मई 2025 को खुले थे, जो नवंबर के महीने में बंद होंगे, जिसके बाद बाबा की पूजा-अर्चना के साथ उनकी विग्रह डोली को पांडुकेश्वर स्थित योग बदरी में विराजमान किया जाएगा।

इसे बाबा का शीतकालीन दूसरा घर भी कहा जाता है, जहां बाबा मंदिर के कपाट बंद होने तक विराजेंगे। शीतकाल के कुछ महीनों तक बाबा बद्रीनाथ की पूजा यहीं होगी।

बद्रीनाथ में मौसम बहुत ठंडा हो चुका है और बीते दिन का अधिकतम तापमान -1ए सेल्सियस और न्यूनतम तापमान -12ए सेल्सियस तक रहा था। आने वाले कुछ दिनों में रुक-रुक कर बारिश हो सकती है।

# ठाणे के पंढरपुर में बस दुर्घटना में कई यात्री घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में बुधवार सुबह ठाणे-बेलापुर रोड पर एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार कई यात्री घायल हो गये। यह बस कोपरखैराने से पंढरपुर जा रही थी।

प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार हादसे में कई यात्री घायल हुए हैं और उन्हें तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। घायलों की सही संख्या की पुष्टि अभी बाकी है। अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना के बाद बस सड़क किनारे रुक गयी। बस के बम्पर को क्षति पहुंची। उन्होंने कहा कि बस सामने से टकराई थी।

पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी बचाव कार्यों में समन्वय स्थापित करने और प्रभावित क्षेत्र में यातायात को नियंत्रित करने के लिए तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। दुर्घटना के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गयी है और अधिकारी सभी संभावित कारणों की जांच कर रहे हैं।

# पुणे में 'आदमखोर' तेंदुए को गोली मारी गई

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में निशानेबाजों की एक टीम ने एक ''आदमखोर'' तेंदुए को ढेर कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पिछले एक महीने में जिले के शिरूर तहसील के मौजे पिंपरखेड क्षेत्र में तेंदुए के हमले में दो बच्चों और एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई।

तेंदुए के हमले जुन्नार, शिरूर, अम्बेगांव और खेड़ तालुकाओं में तेजी से बढ़े जिससे लोगों में व्यापक जन आक्रोश फैल गया।

रविवार को तेंदुए के हमले में 13 साल के लड़के की मौत के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने वन विभाग के एक वाहन में आग लगा दी थी। वन विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को तेंदुए को पकड़ने और ''खत्म'' करने का आदेश दिया था। जुन्नार वन प्रभाग के एक अधिकारी ने कहा, ''आदमखोर तेंदुए को मंगलवार रात हमले वाली जगह से 400 से 500 मीटर की दूरी पर देखा गया। निशानेबाजों की टीम ने उसे बेहोश करने का प्रयास किया लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली। जैसे ही तेंदुआ आक्रामक हुआ और हमला करने के लिए उनकी ओर बढ़ा, निशानेबाजों ने रात करीब 10.30 बजे गोली चला दी, जिससे तेंदुआ मारा गया। तेंदुए की उम्र पांच से छह साल थी।''

अधिकारी ने बताया कि तेंदुए के अवशेष पिंपरखेड़ के ग्रामीणों को दिखाए गए और बाद में उसे पोस्टमॉर्टम के लिए मानिकदोह बचाव केंद्र ले जाया गया। मंगलवार को भी एक नर तेंदुए को जाल बिछाकर पकड़ा गया था।

# मुंबई मोनोरेल वडाला में पटरी से उतरी ट्रेन, कोई हताहत नहीं



**मुंबई।** महाराष्ट्र में दक्षिण मुंबई के वडाला के पास बुधवार को मुंबई मोनोरेल का एक डिब्बा पटरी से उतर गया।

अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह घटना पटरी बदलने के दौरान हुई। मोनोरेल नियंत्रण प्रभारी रोहन सालुंखे ने कहा, ' मोनोरेल के परीक्षण के दौरान तकनीकी खराबी के कारण यह घटना हुई। इसमें कोई यात्री सवार नहीं था और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मोनोरेल के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंच गये हैं। 'उन्होंने बताया कि भारी बारिश के दौरान ट्रेन का संचालन बंद हो जाने के कारण मोनोरेल सेवाएं निलंबित कर दी गयी हैं। आज सुबह ट्रेन पटरी से उतरी वह सिस्टम के चल रहे रखरखाव और परीक्षण का हिस्सा थी।

मुंबई उपनगरीय जिला आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (डीईएमए) ने हाल ही में शहर के मोनोरेल और मेट्रो ऑपरेटरों को व्यापक आपातकालीन प्रबंधन योजनाएं प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इस निर्देश में मुंबई की जन परिवहन प्रणालियों में परिचालन संबंधी व्यवधानों, तकनीकी खराबी और यात्री सुरक्षा संबंधी घटनाओं से निपटने के लिए विस्तृत रणनीतियों की आवश्यकता है।

बीएमसी आपदा प्रबंधन रिपोर्ट के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह नौ बजे वडाला-जीटीबी मोनोरेल स्टेशन के पास, वडाला पूर्व में आरटीओ जंक्शन के पास हुई। मुंबई अग्निशमन विभाग भी घटनास्थल पर पहुंच गया।

# ठाणे में कार से दो करोड़ रुपये की मेफेड्रोन जब्त, चार गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक कार से 2.14 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ (मेफेड्रोन/एमडी) जब्त होने के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

संदेह के आधार पर पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने सोमवार शाम चराई क्षेत्र में एमटीएनएल कार्यालय के निकट एक कार को रोका और जांच की।

नौपाड़ा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने कार से 1.716 किलोग्राम 'मेफेड्रोन' बरामद किया, जिसकी कीमत 2,14,32,000 रुपये है और वाहन को भी जब्त कर लिया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने मध्य प्रदेश के रहने वाले कार चालक इमरान उर्फ बच्चू खिजर खान (37), व्यवसायी वकास अब्दुलराब खान (30), किसान ताकुद्दीन रफीक खान (30) और मजदूर कमलेश अजय चौहान (23) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

# पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पूर्व गृहमंत्री बूटा सिंह पर जातिसूचक टिप्पणी के बाद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के खिलाफ पंजाब पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

पूर्व गृहमंत्री बूटा सिंह के बेटे सरबजोत सिंह सिद्धू ने अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी थी और राजा वड़िंग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस पर एक्शन लेते हुए कपूरथला जिले की साइबर क्राइम पुलिस ने राजा वड़िंग के खिलाफ कई धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है।

तरन तारन विधानसभा क्षेत्र में राजा वड़िंग ने एक कार्यक्रम के दौरान बूटा सिंह पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।

बेटे सरबजोत सिंह सिद्धू ने अपनी शिकायत में कहा, 'यह बयान न केवल गलत और नस्लीय रूप से आरोपित है, बल्कि यह अनुसूचित जाति समुदाय के एक सम्मानित नेता और भारत के पूर्व गृह मंत्री बूटा सिंह की गरिमा और विरासत का सीधा अपमान भी करता है। 'काला सिख' शब्द का प्रयोग जानबूझकर अपमानजनक संदर्भ में किया गया। 'उन्होंने आगे कहा, 'उन्होंने ऐसे आपत्तिजनक और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करके प्रत्येक काले मजहबी सिख को बदनाम किया है। ऐसे अपराध के लिए उन पर मुकदमा चलाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, क्योंकि ऐसे शब्दों का प्रयोग मानहानि के दायरे में आता है। '

इस मामले पर पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने भी एक्शन लिया है। आयोग ने अमरिंदर सिंह को नोटिस भेजा है और आपत्तिजनक टिप्पणी पर जवाब मांगा है।

भाजपा राष्ट्रीय महासचिव और अनुसूचित जाति मोर्चा प्रभारी तरुण चुघ ने भी अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के खिलाफ एससी आयोग में शिकायत दी थी। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस नेता अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग की ओर से दिवंगत बूटा सिंह और अनुसूचित जाति समाज के प्रति की गई जातिवादी टिप्पणी बेहद निंदनीय है। ऐसे शब्द केवल एक समुदाय ही नहीं, बल्कि भारत की सामाजिक समानता की भावना पर हमला है। इस गंभीर मामले में मैंने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। '

# कर्नाटक के बीदर के पास सड़क दुर्घटना, तेलंगाना के 3 लोगों की मौत

**बीदर।** कर्नाटक के बीदर जिले के भालकी तालुक में नीलममनल्ली टांडा के पास बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। एक कार और कूरियर वाहन की आमने-सामने की टक्कर में कार सवार तीनों लोगों की मौके पर मौत हो गई।

घटना के बाद धन्नूर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने घटनास्थल का दौरा कर जाँच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, मृतक तेलंगाना के रहने वाले थे और कलबुर्गी के गंगापुर स्थित श्री दत्तात्रेय मंदिर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

मृतकों की पहचान राजप्पा, नवीन और नागराज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नागराज तेलंगाना के नारायणखेड़ स्थित एक पीयूसी कॉलेज में लेक्चरर के पद पर कार्यरत थे।

# नीतीश कुमार ने पीएम मोदी के आशीर्वाद से बिहार को 'हीरा' दिया है: भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

**नरकटियागंज।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया है कि बिहार में एनडीए की हवा है। जनता ने एनडीए की सरकार बनाने का निश्चय कर लिया है। उन्होंने सरकार के कामों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने पीएम मोदी के आशीर्वाद से बिहार को 'हीरा' दिया है।



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिमी चंपारण जिले के नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आज यहां मैं जो उत्साह देख रहा हूं, जो उमंग देख रहा हूं, वह मुझे पूरा संतोष दिला रहा है कि आप लोगों ने एनडीए के प्रत्याशियों को एकतरफा चुनाव जिताने का मन बना लिया है। जब मैं यहां 2010 के चुनाव में आया था तो यहां की जनता ने 9 में से 9 सीटें जिताई थीं। आज जो माहौल देख रहा हूं तो इस बार भी आप लोगों ने 9 में से 9 सीटें जिताने का मन बना लिया है। '

उन्होंने कहा कि यह चुनाव सिर्फ प्रत्याशियों को जिताने का नहीं है, बल्कि यह चुनाव बिहार को विकास की पटरी पर आगे बढ़ाने का और विकास की गति को स्थिरता देते हुए आगे बढ़ाने का चुनाव है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उजाले का महत्व तब होता है, जब आप अंधकार की त्रासदी को पहचानते हो। लालू जी के राज में 90 के दशक से लेकर 2005 तक ये अंधकारमय बिहार था, ये जंगलराज वाला बिहार था।

जेपी नड्डा ने कहा, 'हाईवे (एच), इंटरनेट (आई), रेलवे (आर) और एयरपोर्ट (ए) यह 'हीरा' बिहार की जनता को दिया गया।

# सीएम स्टालिन वेल्लोर में मिनी टाइडल पार्क और तिरुचेंगोडे में नए अस्पताल का करेंगे उद्घाटन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन बुधवार को सचिवालय में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे नई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, आधारशिला रखेंगे और छात्रों को वजीफा बांटेंगे।

सबसे पहले, सीएम स्टालिन 14वें पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी और शुभंकर 'कांगेयान' का अनावरण करेंगे। यह आयोजन हॉकी इंडिया और तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण के साथ मिलकर हो रहा है। इससे राज्य में हॉकी को बढ़ावा मिलेगा।

दूसरा बड़ा कार्यक्रम है तिरुचेंगोडे में नए सरकारी अस्पताल का वर्चुअल उद्घाटन। यह अस्पताल 23 करोड़ रुपए की लागत से बना है। इसमें मरीजों के लिए अतिरिक्त बिस्तरों की सुविधा जोड़ी गई है। इससे इलाके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

तीसरे कार्यक्रम में सीएम हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के स्कूलों के छात्रों को बढ़ा हुआ वजीफा देंगे। इसमें 297 पूर्णकालिक और 66 अंशकालिक छात्र शामिल हैं। ये छात्र थेवराडिया और वेदगामा स्कूलों में पढ़ते हैं। इससे गरीब बच्चों की पढ़ाई आसान होगी।

चौथा कार्यक्रम आईटी सेक्टर से जुड़ा है। सीएम वेल्लोर में मिनी टाइडल पार्क का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। यह पार्क 32 करोड़ रुपए में बना है और 600 आईटी पेशेवरों को नौकरी देगा। साथ ही, नमक्कल जिले के रासीपुरम में एक और मिनी टाइडल पार्क की नींव रखेंगे। यह 37 करोड़ रुपए का होगा और 600 लोगों को रोजगार देगा।



ये सारे कार्यक्रम राज्य के विकास को गति देंगे। स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और रोजगार - हर क्षेत्र में सरकार सक्रिय है। सीएम स्टालिन का फोकस गांव-कस्बों तक सुविधाएं पहुंचाने पर है।

वेल्लोर और रासीपुरम में आईटी पार्क से युवाओं को घर के पास नौकरी मिलेगी। इससे पलायन रुकेगा। अस्पताल से ग्रामीणों को इलाज आसान होगा। हॉकी विश्व कप का शुभंकर अनावरण तमिलनाडु को खेल के नक्शे पर मजबूत करेगा। सरकार का दावा है कि सभी परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी। जनता को जल्द फायदा मिलेगा। सीएम के इन कदमों से तमिलनाडु और मजबूत बनेगा।

# झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दिया इस्तीफा, पुलिस महकमे में हलचल तेज

**रांची।** झारखंड में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया है। विश्वस्त आधिकारिक सूत्रों के हवाले से आई खबर के मुताबिक उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर अपना त्यागपत्र सौंपा। इस्तीफे की वजहों के बारे में अब तक पता नहीं चल पाया है।

सूत्रों का कहना है कि गुप्ता ने मंगलवार की देर शाम त्यागपत्र दिया। सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर इस संबंध में कोई वक्तव्य या सूचना नहीं दी गई है, लेकिन उच्चपदस्थ सूत्रों के अनुसार सरकार ने बुधवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नई नियुक्ति तक उन्हें पद पर बने रहने को कहा है।

राज्य में नए डीजीपी की नियुक्ति पर उच्चस्तरीय विमर्श तेज हो गया है। सीनियर आईपीएस प्रशांत सिंह और दूसरे एमएस भाटिया में से किसी एक का नाम संभावित डीजीपी के तौर पर सामने आ रहा है। अनुराग गुप्ता 1990 बैच के आईपीएस हैं, जिन्हें वर्ष 2022 में पुलिस महानिदेशक



(डीजी) के रैंक में प्रमोशन मिली थी। इसके बाद वह डीजी ट्रेनिंग बनाए गए थे।

झारखंड सरकार ने 26 जुलाई 2024 को उन्हें प्रभारी डीजीपी नियुक्त किया था। चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें उनके पद से हटा दिया था। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होते ही 28 नवंबर 2024 को हेमंत सोरेन सरकार ने उन्हें फिर से प्रभारी डीजीपी के रूप में तैनात किया।

अखिल भारतीय सेवाओं की नियमावली के अनुसार, अनुराग गुप्ता को 30 अप्रैल, 2025 को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर सेवानिवृत्त होना था, लेकिन इसके पहले राज्य सरकार ने डीजीपी नियुक्ति के लिए एक नई नियमावली लागू की। नई नियमावली के तहत 2 फरवरी 2025 को अनुराग गुप्ता को दो वर्ष के लिए नियमित डीजीपी के पद पर नियुक्त किया गया। इस नई नियमावली के अनुसार, उनका कार्यकाल फरवरी 2027 तक था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस पर आपत्ति जताई थी और राज्य सरकार को दो बार पत्र लिखकर अनुराग गुप्ता को पद से हटाने को कहा था। केंद्रीय गृह मंत्रालय की आपत्ति को दरकिनार करते हुए राज्य सरकार ने अपनी नियमावली का हवाला देकर पद पर तैनात रखा।

यूपीएससी ने भी डीजीपी के रूप में उनकी नियुक्ति को उचित नहीं माना था। अनुराग गुप्ता के पास पूर्व में एसीबी और सीआईडी डीजी का प्रभार भी था। सितंबर माह में सरकार ने उनसे एसीबी का प्रभार वापस ले लिया, जिसके बाद से उन्हें हटाए जाने की चर्चा लगातार होती रही।

# बाल पर्यवेक्षण गृह के सुरक्षाकर्मी को घायल कर फरार हुये 12 बाल कैदी

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के लहेरियासराय थाना क्षेत्र स्थित बाल पर्यवेक्षण गृह में बंद 12 बाल कैदियों ने सुरक्षाककर्मी पर हमला कर उसे घायल कर दिया और फरार हो गये।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की देर रात बाल पर्यवेक्षण गृह में बंद 12 बाल कैदियों ने पर्यवेक्षण गृह के सुरक्षाकर्मी पर हमला कर उसे घायल कर दिया और दीवार फांदकर फरार हो गए।

वरीय पुलिस अधीक्षक जगुन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए आज कहा कि बाल सुधार गृह से 12 बच्चे फरार हुए थे। उन्होंने बताया कि अब तक पांच बच्चों




को पकड़ लिया गया है और अन्य सात बच्चों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। सभी थानों को अलर्ट किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद पूरे क्षेत्र में पुलिस ने नाकेबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# महाराष्ट्र सरकार का अगले साल 30 जून तक किसानों की कर्जमाफी का फैसला अस्वीकार्य : उद्धव

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि कृषि ऋण माफी पर निर्णय के लिए राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 30 जून, 2026 की तारीख ''स्वीकार्य नहीं'' है।

उद्धव ने बुधवार को यहां एक गांव में किसानों से बातचीत के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि अगर सरकार ऋण माफ करने की योजना बना रही है तो क्या किसानों को अपनी किश्तें चुकाना जारी रखना होगा?

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के प्रमुख ने बुधवार को छत्रपति संभाजीनगर के पैठण तालुका के नांदर गांव से अपने चार दिवसीय



मराठवाड़ा दौरे की शुरुआत की, जहां उन्होंने किसानों से बातचीत की।

वह दिन में बाद में पाली (बीड), पाथरुड, शिरसाव (धाराशिव) और घरी (सोलापुर) गांवों का दौरा भी करेंगे।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि कृषि ऋण माफी पर निर्णय अगले वर्ष 30 जून तक लिया जाएगा।

फडणवीस ने कहा था कि सबसे पहले यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि किसानों को बाढ़ राहत के लिए मुआवजा मिले और साथ ही रबी की बुवाई की तैयारी भी की जाए।

कृषि ऋण माफी पर समयसीमा को लेकर सरकार की आलोचना करते हुए ठाकरे ने कहा, ''यह तारीख हमें स्वीकार्य नहीं है। हम किसानों को उनके नुकसान के मुआवजे के रूप में प्रति हेक्टेयर 50,000 रुपये की मांग कर रहे हैं। किसानों को अब कर्जमाफी की भी जरूरत है। सरकार का कहना है कि वह इस मुद्दे का अध्ययन करना चाहती है।''

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''इससे पहले, मेरी सरकार के दौरान, हमने अध्ययन किया था और उसका विवरण अब भी सरकार के पास है। हमारी सरकार ने तब ऋण माफी की थी।''

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने अब ऋण माफी के लिए 30 जून, 2026 की नई तारीख दी है। ठाकरे ने सवाल किया, ''यदि अगले वर्ष जून में ऋण माफ होने वाला है तो क्या किसानों को अब अपनी किश्तें चुकानी चाहिए या नहीं? यदि हां, तो किसान यह राशि कैसे देंगे? ''

ठाकरे ने मांग की कि किसानों को अब कर्ज माफी दी जानी चाहिए।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 11/5/2025 4:08 PM Page 1



# पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचे भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, कहा-बिहार में फिर से बनेगी एनडीए सरकार

**पटना।** सिखों के दसवें गुरु गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व और देव दीपावली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और उनकी शिक्षाओं को प्रेरणा स्रोत बताया। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने भी पटना साहिब गुरुद्वारा पहुंचे।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'गुरु नानक देव जी का जीवन संदेश हमेशा के लिए मानवता का उपदेश है। करुणा, समानता, धर्म और सेवा पर आधारित उनकी शिक्षाएं बेहद प्रेरक हैं। प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर करें कि उनका ब्रह्म प्रकाश सदैव हमारी पृथ्वी को प्रकाशित करता रहे।'



इसी के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक अन्य 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'देश के अपने सभी परिजनों को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की कोटि-कोटि शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से जुड़े इस दिव्य अवसर पर हर किसी के लिए सुख, शांति, आरोग्य और सौभाग्य लेकर आएं। पवित्र स्नान, दान-पुण्य, आरती और पूजन से जुड़ी हमारी यह पवित्र पारंपरिक सार्वभौम जीवन को प्रकाशित करें।'

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए कहा, 'मैं आज ऐतिहासिक पटना साहिब गुरुद्वारा में आकर सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। अभी कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यहां का दौरा किया था। मोदी सरकार के तहत कई पहल की गई हैं जो अभूतपूर्व थीं, चाहे वह एसआईटी के गठन के माध्यम से 1984 के दंगों के लिए न्याय दिलाना हो, करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण हो या फिर हेमकुंड साहिब का विकास हो। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व मोदी सरकार ने पूरे देशभर में धूमधाम से मनाया था। केंद्र की मोदी सरकार सभी के साथ खड़ी है और उनके कल्याण के लिए काम कर रही है।

बिहार चुनाव पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि बिहार की जनता को कानूनराज चाहिए और विकास की रफ्तार इसी तरह चलती रहनी चाहिए। बिहार वापस से पहले का जंगलराज नहीं चाहता है, इसीलिए फिर से सत्ता में एनडीए की वापसी हो रही है। जनता महागठबंधन के बहकावे में नहीं आने वाली है।

# शिमनगर में कफ सिरप को लेकर पुलिस और बीएसएफ के जवान भिड़े, तीन घायल

**नदिया।** पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के चापड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिमनगर इलाके में मंगलवार शाम को पुलिस और बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के जवानों के बीच झड़प हो गई। कफ सिरप की तस्करी को लेकर हुई इस झड़प ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया।

इस घटना में एक पुलिस अधिकारी सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने घटना के तुरंत बाद एक बीएसएफ जवान को हिरासत में लिया, हालांकि पूछताछ के बाद उसे रिहा कर दिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह पूरी घटना तस्करी की एक बड़ी खेप से जुड़ी हुई है। करीमपुर क्षेत्र से एक वाहन में लगभग 11 पेटी कफ सिरप की तस्करी करके



चापड़ा की ओर ले जाया जा रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने शिमनगर में नाकाबंदी की। पुलिस की मौजूदगी का अंदाजा लगते ही तस्कर वाहन छोड़कर फरार हो गए और कफ सिरप की पेटियां मौके पर ही छोड़ दीं। पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई शुरू की, तभी सीमानगर बीएसएफ कैंप से कुछ जवान मौके पर पहुंचे और पुलिस को रोककर सिरप की खेप को अपने कब्जे में लेने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार बीएसएफ जवानों ने दावा किया कि यह क्षेत्र उनके अधिकार क्षेत्र में आता है और तस्करी सीमा से संबंधित है, इसलिए जब्ती का अधिकार उन्हें है। पुलिस ने तर्क दिया कि सूचना उनके पास थी और कार्रवाई स्थानीय थाने की जिम्मेदारी है। इसी गलतफहमी के चलते दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई, जो देखते-देखते हाथापाई में बदल गई। इस झड़प में कुछ लोगों के घायल होने की भी सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही नदिया जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। उन्होंने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि गलतफहमी के कारण ऐसे हालात बने। दोनों बल देश की सेवा में हैं, लेकिन क्षेत्रीय अधिकारों को लेकर मतभेद हो गया। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# बीएलए की नियुक्ति में भाजपा सबसे आगे, सत्तारूढ़ टीएमसी को भी पछाड़ा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टियों, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी माकपा, ने अपने-अपने बूथ-लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त कर दिए हैं।

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भाजपा ने मंगलवार शाम 5 बजे तक 24,858 बीएलए की नियुक्ति की, जबकि माकपा ने 18,706 बूथ-लेवल एजेंट घोषित किए हैं।

दोनों पार्टियां बीएलए की नियुक्तियों में कांग्रेस और सत्तारूढ़ टीएमसी से आगे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस ने सिर्फ 13,526 नियुक्त किए, जबकि कांग्रेस केवल 5,797 बीएलए नियुक्त करके चौथे स्थान पर है।

आंकड़ों के अनुसार, चुनाव आयोग में पंजीकृत मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए) की कुल संख्या फिलहाल 63 हजार से अधिक है। इनमें बीएलए-1 और बीएलए-2 शामिल हैं।

बीएलए-1 किसी विधानसभा क्षेत्र के लिए पार्टी का प्रतिनिधि होता है, जबकि बीएलए-2 किसी मतदान केंद्र के लिए संबंधित पार्टी का प्रतिनिधित्व करता है।

चुनाव आयोग में पंजीकृत राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त बीएलए की संख्या काफी कम है। लिहाजा, जिला चुनाव अधिकारियों ने सभी राजनीतिक दलों से प्रति बूथ एक एजेंट तैनात करने का अनुरोध किया है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बीएलओ एसआईआर के दौरान सभी मान्यता प्राप्त दलों के बीएलए के साथ नियमित संपर्क बनाए रखेंगे।

भारतीय चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल समेत देश के 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया का दूसरा चरण शुरू किया है। आयोग ने 27 अक्टूबर को एसआईआर प्रक्रिया के दूसरे चरण की घोषणा की थी। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक गणना का काम होगा।

# संतोष सहनी के चुनाव से हटने पर तेजस्वी यादव की प्रतिक्रिया, बोले- हम उनसे अलग नहीं

**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने गौड़ा बौराम में संतोष सहनी की ओर से उम्मीदवारी वापस लेने पर प्रतिक्रिया दी है। संतोष सहनी महागठबंधन के उप-मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार मुकेश सहनी के भाई हैं, जो गठबंधन के समर्थन से चुनाव लड़ रहे थे। संतोष सहनी के उम्मीदवारी वापस लेने पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा, 'यह उनका फैसला है। हम उनका समर्थन करते हैं, क्योंकि हम उनसे अलग नहीं हैं।'

दरअसल, दरभंगा जिले की गौड़ा बौराम सीट पर महागठबंधन के घटक दलों राजद और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के बीच फ्रेंडली फाइट जैसी स्थिति थी। राजद के टिकट पर यहां से अफजल अली खान ने अपना नामांकन दाखिल किया, जबकि संतोष सहनी विकासशील इंसान पार्टी से चुनाव मैदान में खड़े थे। हालांकि, पहले चरण की वोटिंग से पहले संतोष सहनी चुनाव मैदान से हट गए हैं।



मुकेश सहनी ने बुधवार को अपने भाई की उम्मीदवारी वापस लेने की घोषणा की। इसके साथ ही, उन्होंने राजद उम्मीदवार अफजल अली को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा, 'बिहार में बदलाव की लड़ाई, सामाजिक न्याय की स्थापना और समाज को उसका हक दिलाने की यात्रा आसान नहीं होती। कभी-कभी अपने बड़े लक्ष्य के लिए बड़ी कुर्बानियां देनी पड़ती हैं। संतोष सहनी ने गौड़ाबौराम और बेहतर बिहार के हित में बड़ा त्याग करने का फैसला लिया है। इसी भावना के साथ हमने राजद प्रत्याशी अफजल अली को समर्थन देने का निर्णय लिया है।'

मुकेश सहनी ने कहा कि यह निर्णय बिहार के बेहतर भविष्य और सामाजिक न्याय के संकल्प का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य साफ है बदलाव की यह मशाल जलती रहे और हर वह आवाज मजबूत हो जो समानता, सम्मान और अधिकार की बात करती है। उन्होंने यह भी कहा कि महागठबंधन एकजुट है और बिहार में नया इतिहास लिखने को तैयार है। संतोष सहनी के उम्मीदवारी वापस लेने के बाद अब गौड़ा बौराम में 11 उम्मीदवार बचे हैं। भाजपा ने यहां से सुजीत कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। बता दें कि गौड़ा बौराम समेत बिहार की 121 विधानसभा सीटों पर पहले चरण में 6 नवंबर को वोटिंग है।

# तिरुवेरुम्बुर में सांबा धान की फसल पर संकट, प्रदूषित पानी से किसानों की चिंता बढ़ी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुचि जिले के तिरुवेरुम्बुर ब्लॉक में सांबा धान की फसल पर संकट मंडरा रहा है। वेंगुर, पझंगनकुड़ी और आसपास के गांवों में करीब 500 एकड़ में फैली फसल अचानक खराब होने लगी है, जिससे हजारों किसानों की मेहनत पर पानी फिरने का खतरा पैदा हो गया है। प्रारंभिक आकलन में सिंचाई जल के प्रदूषण को मुख्य कारण बताया जा रहा है।

तमिलनाडु प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (टीएनपीसीबी) ने मामले की गहन जांच शुरू करने की तैयारी की है, जबकि किसान संगठन तत्काल राहत की मांग कर रहे हैं।

कृषि विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, तिरुचि जिले के प्रमुख धान उत्पादक ब्लॉक, लालगुड़ी, मन्नाचनल्लूर, अंतानल्लूर, तिरुवेरुम्बुर, मणिकंदम, मुसिरी, थोट्टियम, थुरैयूर और पुल्लम्बाड़ी, में सांबा मौसम की धान की खेती जोरों पर है। यहां किसान तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) की



अनुशंसित उच्च उपज वाली किस्में जैसे टीआरवाई-3, सीओ (आर) 50 और सीआर 1009 उगा रहे हैं।

अधिकांश ने टीआरवाई-3 और सीओ (आर) 50 को चुना, लेकिन तिरुवेरुम्बुर के किसानों ने सीआर 1009 को प्राथमिकता दी। फिर भी, कीटों या रोगों के स्पष्ट लक्षण न दिखने के बावजूद सीआर 1009 की बंपर फसल को बड़े पैमाने पर मुरझाते हुए देखा गया। विशेषज्ञ इसे असामान्य मान रहे हैं और जल प्रदूषण से जोड़ रहे हैं।

जिले के एक वरिष्ठ कृषि अधिकारी ने बताया, 'प्रभावित खेतों में पत्तियों का पीला पड़ना, जड़ों का सड़ना और पौधों का झुकना जैसे लक्षण रासायनिक प्रदूषण की ओर इशारा करते हैं। प्रदूषित पानी ही मुख्य वजह लग रही है, हालांकि मौसम या मिट्टी की खराब गुणवत्ता से भी इनकार नहीं किया जा सकता।'

हाल की बेमौसम बारिश ने स्थिति को और जटिल बना दिया है, क्योंकि डेल्टा क्षेत्र में अधिक वर्षा से पहले ही कई खेत जलमग्न हो चुके हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) की टीम ने पझंगनकुड़ी के प्रभावित खेतों का दौरा किया। टीम ने फसल के मुरझानी की पुष्टि की और मिट्टी व पानी के नमूने एकत्र किए। केवीके के विशेषज्ञ ने बताया, 'नमूनों का लैब विश्लेषण जल स्तर में भारी धातुओं या कीटनाशकों की मौजूदगी बता सकता है। रिपोर्ट सामने आने पर जैविक उर्वरक जैसे जरूरी उपाय सुझाए जाएंगे।' उन्होंने बताया कि आगे किसानों के साथ बैठक में निष्कर्ष साझा किए जाएंगे, जहां बीमा दावे और मुआवजे पर भी चर्चा होगी।

# एसआईआर में सरकारी कर्मचारी की लापरवाही का मामला, कड़ी कार्रवाई का निर्देश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल जिले में विधानसभा क्षेत्र 154 गोविंदपुरा के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान एक सरकारी कर्मचारी की लापरवाही का मामला सामने आया हुआ है। कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय (बीयू) भोपाल के सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी प्रशांत दुबे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा है।

सहायक कर्मचारी प्रशांत दुबे को मतदान केंद्र संख्या 250 पर बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, लेकिन उन्होंने ड्यूटी से पूरी तरह किनारा कर लिया। गोविंदपुरा क्षेत्र के मतदान केंद्र 250 पर प्रशांत दुबे को बीएलओ नियुक्त किया गया था। अधिकारियों ने उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के तहत कार्यभार सौंपा, लेकिन दुबे ने न तो फोन रिसीव किया और न ही मैसेज का जवाब दिया। अंकिता (एईआरओ एवं नायब तहसीलदार) ने भी उन्हें फोन कर सूचित किया, किंतु दुबे अपने आबंटित केंद्र पर उपस्थित ही नहीं हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर इसकी शिकायत दजकी है। पत्र में कहा गया है, 'वर्तमान में एसआईआर अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। दुबे की लापरवाही से मतदाता सूची के पुनरीक्षण में बाधा आई है।' जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत उनके खिलाफ सेवा से पृथक करने की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। कलेक्टर कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लिया है और जल्द ही सुनवाई की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय प्रशासन को भी इसकी सूचना भेजी गई है। बीयू भोपाल, जो 1970 में स्थापित एक प्रमुख राज्य विश्वविद्यालय है, हाल ही में भर्ती घोटाले की जांच के दायरे में रहा है।

# प्रकाश पर्व पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने श्री हरमंदिर साहिब में टेका माथा, देशवासियों के लिए की प्रार्थना

**अमृतसर।** सिख धर्म के संस्थापक और पहले गुरु, गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर देश भर में उत्सव मनाया जा रहा है। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेका और प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दर्शन करने के बाद मीडिया से बातचीत की और बताया, 'सबसे पहले मैं गुरु नानक देव जी के गुरु पर्व पर बधाई देता हूं। मैं उनकी, दुनिया भर में पूजी जाने वाली नानक लेवा संगत को और उनकी पवित्र शिक्षाओं को नमन करता हूँ। कुछ संगत ननकाना साहिब भी गई हैं, मैं प्रार्थना करता हूँ कि जहाँ कहीं भी गुरु नानक देव हैं, वहां दुनिया शांति और सद्भाव से रहे।'



उन्होंने कहा, 'इस मौके पर वे गुरु नानक जी से प्रार्थना करते हैं कि पंजाब को तरक्की दें, यहां रहने वाले लोगों को अच्छी सेहत दें, ये शहीद जवानों की धरती है, परमात्मा इस धरती पर रहने वाले लोगों को बल दे।'

पंजाब के मंत्री हरपाल सिंह चीमा भी श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा, 'आज मैं श्री हरमंदिर साहिब में गुरु साहिब का आशीर्वाद लेने आया हूँ। मैंने गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर पंजाब, देश और दुनिया की तरक्की के लिए प्रार्थना की है।'

इसके अलावा प्रयागराज में गुरु नानक देव जी के जन्मदिवस के मौके पर संगत ने प्रभात फेरी का आयोजन किया, जिसमें भजन और भक्ति के माध्यम से गुरु के समानता, प्रेम, सेवा और सत्य के संदेश का प्रसार किया गया। प्रभात फेरी को कुछ इलाकों में घुमाया गया और लोगों से फेरी में जुड़ने की प्रार्थना की गई।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर, दरभंगा कॉलोनी के एक निवासी ने बातचीत में कहा कि 'वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह है। आज दरभंगा कॉलोनी में गुरु नानक देव जी के प्रकाश में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। शहर भर से लोग इकट्ठा हुए हैं। प्रभात फेरी को इलाके में घुमा कर वापस प्रिंस (यहां से प्रभात फेरी शुरू हुई) के घर लाया जाएगा। एक अन्य श्रद्धालु ने कहा, 'श्री गुरु नानक देव के जन्मदिन पर सभी को लख-लख बधाई। हमारी सभी लोगों से प्रार्थना है कि ज्यादा से ज्यादा लोग प्रभात फेरी में शामिल हों।' बता दें कि गुरु, गुरु नानक देव ने ही सिख धर्म की स्थापना की थी और सिख धर्म का प्रचार, जीवन शिक्षा और सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार किया था। उन्होंने हमेशा निस्वार्थ सेवा के भाव पर जोर दिया है।

# बिलासपुर ट्रेन हादसे में 11 यात्रियों की मौत, मुख्यमंत्री ने की मुआवजे की घोषणा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को बड़ा रेल हादसा हुआ है। लालखदान के पास हावड़ा रूट पर पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी आमने-सामने से टकरा गई। इस दौरान यात्री ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में मृतकों की संख्या 4 से बढ़कर 11 हो गई है। 20 यात्री घायल हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई और यात्रियों में चीख पुकार मच गई।

बताया जा रहा है कि मरने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन ने रेस्क्यू टीम और मेडिकल यूनिट लगातार ऑपरेशन चला रही है। इसके साथ ही स्थानीय प्रशासन भी मदद के लिए मौके पर मौजूद है। इसी क्रम में रेलवे ने कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट कर दिया है।

ट्रेन हादसे में घायलों का बिलासपुर के सिम्स, रेलवे अस्पताल और अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है। एसईसीआर ने ट्रेन हादसे



में मृतकों और घायलों की सूची जारी की है, जिनमें मथुरा भास्कर (55), चौरा भास्कर (50), शत्रुघ्न (50), गीता देबनाथ (30), मेहनिश खान (19), संजू विश्वकर्मा (35), सोनी यादव (25), संतोष हंसराज (60), रश्मि राज (34), ऋषि यादव (02), तुलाराम अग्रवाल (60) अराधना निषाद (16) सहित 20 लोग हैं।

फिलहाल मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, हालांकि अभी हादसे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया है। हादसा इतना जबरदस्त था कि यात्री ट्रेन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई। रेलवे ने बिलासपुर ट्रेन हादसे के बाद यात्रियों और उनके परिजनों की सहायता के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।

इस हादसे से जुड़ी सही जानकारी और घायलों की स्थिति जानने के लिए लोग हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। चंपा जंक्शन के लिए 808595652, रायगढ़ के लिए 975248560, और पेंड्रा रोड के लिए 8294730162 नंबर जारी किए गए हैं।

इसके अलावा, सीधे दुर्घटना स्थल पर भी दो हेल्पलाइन नंबर 9752485499 और 8602007202 उपलब्ध कराए गए हैं, जिन पर संपर्क करके तुरंत जानकारी ली जा सकती है। रेलवे ने बताया कि सभी हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे सक्रिय रहेंगे ताकि यात्रियों के परिजन तुरंत जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकें और किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर जिलाधिकारी से सीधे वीडियो कॉलिंग के माध्यम से जुड़े और उन्होंने घटना के संबंध में जिलाधिकारी संजय अग्रवाल से जानकारी ली है। छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से ट्रेन हादसे में मृत यात्रियों के परिजनों को 5 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की गई है।

बिलासपुर ट्रेन हादसे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा दुख प्रकट किया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। दीपक बैज ने सरकार से मांग की है कि राहत एवं बचाव कार्य में कोताही नहीं बरती जानी चाहिए।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा, मुठभेड़ जारी

**जम्मू।** जम्मू, 05 नवंबर (वेब वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। किश्तवाड़ जिले के वन क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने किश्तवाड़ के छतरू में यह अभियान शुरू किया। आतंकियों के खिलाफ इस अभियान को 'ऑपरेशन छतरू' नाम दिया गया है।

भारतीय सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टीमें किश्तवाड़ में इस ऑपरेशन में शामिल हैं।

'व्हाइट नाइट कोर' ने 'ऑपरेशन छतरू' के बारे में जानकारी देते हुए 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'बुधवार तड़के जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर एक खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान में व्हाइट नाइट कोर के सतर्क जवानों ने छतरू के सामान्य क्षेत्र



में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया। आतंकवादियों के साथ गोलीबारी हुई। अभियान जारी है।'

अधिकारियों ने बताया कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर सुरक्षाबलों ने मंगलवार शाम किश्तवाड़ जिले के छतरू के वन क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। अधिकारियों ने कहा, 'जैसे ही सुरक्षाबल छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंचे, उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई, जो अभी जारी है।'

मुठभेड़ के बाद किश्तवाड़ शहर में सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और पुलिस व अर्धसैनिक बल की टीमें पूरे क्षेत्र में वाहनों की जांच कर रही हैं।

किश्तवाड़ के ऊंचाई वाले इलाकों में स्थित छतरू इलाके में पिछले एक साल में आतंकी गतिविधियां देखी गई हैं, जिन पर सुरक्षाबलों ने लगातार नजर रखी है। हालांकि, यहां सुरक्षा बलों ने हाल के महीनों में आतंकवाद-रोधी अभियानों को तेज किया है।

# पूर्णिया में तीन लोगों की मौत, सांसद पप्पू यादव ने कहा-पोस्टमार्टम से आएगी सच्चाई

**पूर्णिया।** बिहार विधानसभा चुनाव में 6 नवंबर को पहले चरण के लिए मतदान होना है। इस बीच पूर्णिया में तीन लोगों की मौत से सनसनी फैल गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पूर्णिया से स्थानीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सभी के सामने आएगी।

मीडिया से बातचीत के दौरान सांसद पप्पू यादव ने कहा कि यह सिर्फ दुखद घटना नहीं, बल्कि बेहद दुखद और संदिग्ध है। प्रथम दृष्टया इसे स्वाभाविक मौत नहीं माना जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सच्चाई सामने आएगी-क्या यह फांसी थी, जहर था या कुछ और? जिला प्रशासन पूरी जांच करे। मुझे विश्वास है कि विस्तृत जांच से सब साफ हो जाएगा। पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। एफएसएल टीम मौके पर पहुंच चुकी है।

मृतकों की पहचान जदयू नेता निरंजन कुशवाहा के बड़े भाई नवीन कुशवाहा, उनकी पत्नी कंचन माला सिंह और बेटी तन्नू प्रिया के तौर पर हुई है। परिजनों के अनुसार, तीनों को घर में बेहोशी की हालत में पाया गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पूर्णिया एसपी स्वीटी सहरावत ने मीडिया को बताया कि कल देर रात सूचना मिली कि सदर थाना क्षेत्र से एक परिवार के तीन सदस्य पिता, माता और बेटी को गैलेक्सी अस्पताल लाया गया। परिजनों ने उन्हें घर पर बेहोश पाया और इलाज के लिए ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जाएगी। पुलिस की टीम घटनास्थल का निरीक्षण करेगी। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चीजें साफ होंगी।

# तमिलनाडु के 7 जिलों में मौसम संबंधी चेतावनी

**चेन्नई।** आंध्र प्रदेश तट से दूर बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य में बने दबाव के क्षेत्र के कारण तमिलनाडु के मौसम पर प्रभाव पड़ सकता है। राज्य के सात जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

चेन्नई स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने कहा है कि अगले 24 घंटों में तंजावुर, तिरुवरुर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, पेरम्बलुर, अरियालुर और तिरुचिरापल्ली जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

आंध्र तट के पास बन रहे मौसम तंत्र के कारण तटीय और डेल्टा क्षेत्रों में नम पूर्वी हवाएं चल रही हैं और घने बादल बन रहे हैं। आरएमसी ने गुरुवार को पेरम्बलुर, कल्लाकुरिची, तिरुवन्नामलाई, सलेम और धर्मपुरी जिलों में भी भारी बारिश का अनुमान लगाया है। चेन्नई में, दिन के अधिकांश समय बादल छाए रहे और रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही, जिसके बाद शाम को अचानक हुई भारी बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलभराव और यातायात जाम हो गया।



गिंडी, मीनांबक्कम, अलवरपेट, नुंगंबक्कम और कोयम्बेडु जैसे इलाकों में तेज बारिश हुई जिससे शाम को यातायात बाधित हुआ और दफ्तर जाने वाले लोग घर लौट रहे थे। उपनगरों में भारी बारिश का असर देखने को मिला। अलंदूर, पल्लवरम, क्रोमपेट, तांबरम और वंडालूर में भारी बारिश हुई जिससे जीएसटी रोड के प्रमुख हिस्सों में पानी भर गया। पेरुंगलथुर में जलभराव वाली सड़कों पर वाहनों की धीमी गति से आवाजाही के कारण यातायात ठप हो गया, जबकि सेलयूर में बारिश का पानी जमा होने से वाहन चालकों को भारी असुविधा हुई।

उत्तर और पश्चिम में, पूनमल्ली, चेंबरमबक्कम, चेनीरकुपम और वेल्लापंथावडी में भारी बारिश हुई जिससे कई हिस्सों में घुटनों तक पानी भर गया। वेल्लापंथावाड़ी सर्विस रोड पर जलभराव इतना ज्यादा था कि बाढ़ रोकने के लिए एक ट्रक शोरूम के सामने 300 से अधिक रेत के बोरे रखे गए।

डेल्टा क्षेत्र में, तिरुवरूर में ओल्ड बस स्टैंड, साउथ रोड, विजयपुरम और वलवक्कल जैसे इलाकों में तेज हवाओं के साथ एक घंटे से ज्यादा समय तक भारी बारिश हुई। किसानों ने चिंता जताई क्योंकि ताजा बारिश ने धान के खेतों को फिर से जलमग्न कर दिया, जिन्हें पिछली बारिश के बाद अभी-अभी पानी से साफ किया गया था।

आरएमसी ने तटीय और डेल्टा जिलों के निवासियों से सतर्क रहने और जलभराव वाले इलाकों से बचने का आग्रह किया है, और चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में कम दबाव का क्षेत्र तमिलनाडु और पुडुचेरी में मध्यम से भारी बारिश का कारण बन सकता है।

## श्री गुरु नानक देव जी के बताएं मार्ग पर चलने का किया आह्वान

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ ।** श्री गुरु सिंह सभा के तत्वावधान में श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के तीन दिवसीय अखंड पाठ का भव्य समापन हुआ। ज्ञानी मनिंदर सिंह ने मधुर वाणी में शब्द



कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम के दौरान श्री गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए ज्ञानी मनिंदर सिंह ने संगत से गुरु जी के दिखाए सत्य, सेवा और करुणा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी का संदेश आज भी समाज में शांति, प्रेम और समानता बनाए रखने के लिए प्रेरणा देता है। अंत में संगत को लंगर छकाते हुए प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह, संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी संगत का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में रासमसय, कुलदीप सिंह, सुखचा सिंह, अमरजीत सिंह, जसप्रीत सिंह, नवलजीत सिंह, ताजिंदर सिंह, नवजोत सिंह, गुरविंदर सिंह गांधी, सतवंत कौर, रवनीत कौर, परमजीत कौर, जसविंदर कौर व अन्य संगत सदस्य मौजूद रहे। गुरुद्वारे के मंच से एकता, सद्भावना और मानवता का संदेश गूंजता रहा।

# आस्था की डुबकी लगाकर की पूजा अर्चना, बच्चों का कराया मुण्डन

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर के निकटवर्ती बिजनोर सीमा पर स्तिथ गांव जयनगर व डिलारी के गक्खरपुर , रायभूड़ में रामगंगा नदी पर गंगा स्नान पर्व धूमधाम से मनाया गया। गंगा स्नान पर सभी स्थानों पर राम गंगा नदी के किनारे मेलो का आयोजन किया गया। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी मे स्नान कर विधि विधान से रामगंगा नदी की पूजा अर्चना की। ओर गंगा स्नान पर्व पर रामगंगा नदी के किनारे लगने वाले मेलों की सभी तैयारियां एक दिन पूर्व कर ली गई की । मंगलवार की रात्रि को मेले में पहुंचे दुकानदारों ने अपनी दुकान सजाई। बुधवार की प्रातः से ही क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी के घाट पर लगने वाले मेले में



पहुंचकर किसी ने आस्था की डुबकी लगाई तो किसी ने अपने बच्चों का मुण्डन कराया। श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी पर पहुंचकर दूध, नारियल, काशीफल व मिष्ठान का प्रसाद चढ़ाया। महिलाओं ने गंगा नदी के किनारे बैठकर पूजा कर पुष्प चढ़ाएं। इसके प्रसाद श्रद्धालुओं ने मेले में जमकर खरीदारी की। महिलाओं ने श्रृंगार के साथ-साथ घरेलू उपयोग में आने वाली वस्तुओं की खरीदारी की बच्चों खिलौने खरीदे और झूले का आनंद लिया। जयनगर ग्राम प्रधान विपिन कुमार, रायभूड़ ग्राम प्रधान भानूप्रताप सिंह व गक्खरपुर ग्राम प्रधान ने मेले की पूरी व्यवस्था कराई और अपनी टीम के साथ दोनों दिन मेले में उपस्थित रहकर सहयोग किया । सुरक्षा की दृष्टि से रामगंगा घाट पर गोताखोर उपस्थित रहे लेकिन थाना अफजलगढ़ पुलिस प्रशासन मेले मे अपने अग्नि सामन गाड़ी को खड़ा कर वहाँ से चले गए और मेले में कोई भी पुलिस प्रशासन मौजूद नही रहा।

## पुलिस प्रशासन की लापरवाही से नॉएंटी से गुजर रहे ओवर लोड रेतबजरी से वाहन

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** पुलिस की लापरवाही के चलते नगर में सायं ढलते नॉएंटी में ओवर लोड रेत बजरी से भरे डंपर दौड़ रहे है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशसान के कार्यालय के सामने से होकर गुजरते हुए ओवर लोड वाहन।



लेकिन कोई अधिकारी इन वाहनों पर नॉएंटी से गुजरने पर कोई नही होती है। इससे साफ जाहिर है कि स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण ही नॉएंटी में वाहन गुजरते है।

सुबह 6.00 बजे से सायं 9.00 बजे नगर में ओवर लोड रेत बजरी से भरे डंपरों को नगर में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए नॉएंटी लगी है। स्थानीय प्रशासन की लापरवाही के कारण पूरे दिन ओवर लोड रेतबजरी से भरे डंपर बिना रोक टोक नॉएंटी में होकर गुजर रहे है। बतादें कि इस मार्ग पर उपजिलाधिकारी आवास और पशु पति गेस्ट हाउस है । पशुपति गेस्ट हाउस में पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, सहित अन्य अधिकारी रहते है। अधिकारियों के बिना खौंफ के नॉएंटी में रेत बजरी गुजर है। इससे साफ जाहिर है कि स्थानीय प्रशासन का कही न कहीं इन ओवर लोड वाहन संचालकों से कोई झोल है। बिना खोफ नॉएंटी से गुजर रहे है।

## अभाकिमस का धान खरीद केंद्रो के प्रभारियों पर बिचौलियों के धान खरीद को प्राथमिकता देने का आरोप, प्रदर्शन

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** बुधवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के जिला सचिव कामरेड हर स्वरूप सिंह के नेतृत्व में किसानों की धान खरीद को लेकर मंडी समिति में लगे सरकारी एजेंसियों के धान खरीद केदो पर खरीद न करने पर विरोध प्रदर्शन किया गया वहां पर उपस्थित किसानों ने धान तोल प्रभारियों पर बिचौलियों के धान खरीद को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया और कहा कि बिचौलियों की धान की 150 कुंतल से 200 कुंतल तक की ट्रालियां भरकर आती है और प्राथमिकता के आधार पर उनकी खरीद कर ली जाती है और किसान खड़े का खड़ा रह जाता है किसान नेता प्रीतम सिंह भी मंडी समिति पहुंचे और जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा को किसानों की समस्या के बारे में अवगत कराया तथा आश्वासन दिया गया कि किसी भी बिचौलिए की खरीद नहीं की जाएगी जो भी वास्तविक किसान हैं प्राथमिकता के तौर पर उन्हीं के धान की खरीद की जाएगी किसानों



को अपने धान से भरे हुए वाहनों को निगरानी करते हुए देखकर किसान नेता प्रीतम सिंह ने चिंता व्यक्त की कि वास्तविक किसान सरकारी धान क्रय केदो पर परेशानी का सामना कर रहा है और बिचौलियों को प्राथमिकता दी जा रही है यह न्यायोचित नहीं है और सरकारी एजेंसियों ने राइस मिलर्स को ओने पोने दामों में धान खरीद की खुली छूट दी है और धान खरीद केंद्र सही तरीके से संचालित ना होने के कारण किसान 1500 से 2000 प्रति कुंतल तक बेचने के लिए मजबूर हुआ है जो कि किसानों के साथ खुला धोखा है मंडी समिति में लगभग 35 ट्रालियां धान की भरी हुई खड़ी हुई है जिनमें कुछ वाहन बिचौलियों के हैं मंडी समिति में कुल 6 केंद्र लगे हुए हैं जिन पर पूरे दिन में 5 या 6 ट्रालियों की खरीद की जाती है जो कि बहुत कम है किसानों की भीड़ को देखते हुए आज मंडी समिति में धान खरीद की जानी चाहिए थी क्योंकि कुछ किसान 5 दिन से वहां खड़े हैं और चेतावनी दी कि अगर किसी बिचौलिए कै धान की खरीद की गई और दो दिन के भीतर मंडी समिति में खड़े किसानों के वाहनों को खाली नहीं करवाया गया तो मंडी समिति का गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा इस दौरान नरेश सिंह भूपेंद्र सिंह नवनीत चौहान कृपाल सिंह रवि चौहान नरेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह भुवनेश कुमार अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

## संजीवनी हॉस्पिटल द्वारा पानूवाला में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** संजीवनी हॉस्पिटल काशीपुर द्वारा जरूरतमंदों की मदद करने के लिए पानूवाला में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने करीब 100 मरीजों की जांच कर उपचार की सलाह दी।



बुधवार को उत्तराखंड के काशीपुर स्थित संजीवनी हॉस्पिटल द्वारा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम राजूपुर कला पानूवाला में वरिष्ठ अधिवक्ता नसीम अहमद एडवोकेट व वरिष्ठ अधिवक्ता सलीम अहमद के आवास पर को संजीवनी हॉस्पिटल काशीपुर के द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया इगया। स्वास्थ्य कैंप में तमाम ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और तीन दिन की निःशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया । स्वास्थ्य कैंप में करीब 100 से अधिक महिला पुरुष और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई और निःशुल्क दवाई दी गई । साथ ही कैंप में ब्लड और शुगर की जांच फ्री की गई हैं । कैंप में संजीवनी हॉस्पिटल काशीपुर के एमडी के पुत्र यश गुंबर ने बताया कि समय समय पर क्षेत्र के गांव जरूरतमंदों की मदद के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाते है। कैंप में मार्केटिंग मैनेजर मोहम्मद रिजवान , डॉक्टर अतीक अहमद डॉक्टर शिवानी शर्मा , डॉ मोहम्मद तालिब, कैंप के संयोजक डॉ मोहम्मद जावेद अंसारी पूर्व विधायक प्रत्याशी 26 विधानसभा क्षेत्र ठाकुरद्वारा सहित कैंप में रफी सलमानी शहाबुद्दीन अंसारी सलीम अंसारी एडवोकेट राजू सिंह शमसेर डीलर चौहान सुभाष सिंह चौहान इंतजार हुसैन डीलर विमल कुमार अली आदि उपस्थित रहे।

## छात्र को बहला फुसला कर ले गए ओर बेरहमी से पीटा

● छात्र वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी से बीएससी नर्सिंग का छात्र है

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** बीते सोमवार को गांव के ही कुछ लड़को ने गांव के ही बीएससी नर्सिंग के छात्र को बहला फुसला कार पाकबड़ा पेट्रोल पम्प पर ले गए जहाँ पहले से ही मौजद लड़को ने छात्र वहरेमी से छात्र को लाठी डंडों पर लोहे की राड से पीटा सभी अभियुक्त ने छात्र को जान से मारने की नियत से पीटाई की थी छात्र को मरा समझ कर नले फैक कर तमंचे से फायर करते फरार हो गए ! रहागीरो



की मदद से घायल को एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा, । छात्र को निजी अस्पताल मे इलाज चल रहा है !छात्र के परीजनों को घटना की सूचना रहागीरो द्वारा दीं गई परीजन मोके पर पहुंच गए। प्रार्थनी उषा गौतम पत्नी सतीश कुमार नीवसी समाथल अगले दिन सभी हमला बरो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया !तीन नाम दर्ज ओर दो अज्ञात है !नाम दर्ज जनार्दन व राहुल पुत्र स्व भूरे सिंह निवासी समाथल योगेश कुमार पुत्र इमरत सिंह निवासी हासम पुर गोपाल के साथ दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया जनार्दन, राहुल मोके फरार हो गए योगेश कुमार चार, पांच बैठा रहा बादी के पुत्र शिवांग गौतम हमला करता रहा हमलाबारों शिवांग को इतना मारा की आज शिवांग गौतम आई. सी. यू. मे भर्ती है। प्रार्थनी बेहद गरीव परिवार से है !एस सी समाज से है ! बेटे का इलाज भी नहीं करा पा रही है !आज बुधवार को पाकबड़ा पुलिस ने सभी हमला वरो मे से अभियुक्त योगेश कुमार पुत्र इमरत सिंह को निवासी हासमपुर गोपाल उम्र 19 बर्ष को गिरफ्तार न्यायालय में पेशकर भेजा जेल पुलिस अन्य आरोपीयो की तलाश जुटी हुई है।

# प्राचीन काल से चली आ रही है कार्तिक पूर्णिमा मेले की परंपरा

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ ।** खादर क्षेत्र स्थित नील सरोवर धाम में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित मेले में दूरदराज के क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी अपनी परंपराओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान किए। बता दें आज से लगभग 34 वर्ष पूर्व श्री श्री 1008 श्री देवानंद देव स्वरूप महाराज ने कठोर तप कर नील सरोवर में अमृत वर्षा कराकर मान्यता दी थी कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन नील सरोवर में स्नान करने से मानव पाप मुक्त हो जाता है। बाद में नील सरोवर धाम में रामगंगा नदी में प्रवाहित होने लगी तभी से प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को नील सरोवर धाम में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। मेले का शुभारंभ श्री श्री 1008 परमहंस



स्वामी देवानंद देव स्वरूप महाराज ने अपने परम अनुयायी स्व उपदेश कुमार एवं अन्य शिष्यों की सलाह पर कराया था तब से अब तक प्रत्येक वर्ष यहां कार्तिक पूर्णिमा पर मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में प्रातः 4 बजे से ही हजारों श्रद्धालुओं ने श्री राम गंगा नदी में डुबकी लगानी शुरू कर दी थी। 19 मई 1999 में स्वामी जी ब्रह्मलीन हो गए लेकिन आज तक उनके शिष्य नील सरोवर धाम में मेले की परंपरा को निभा रहे हैं। इस अवसर पर स्वामी जी के चित्र पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। मेले में बच्चों का मुंडन संस्कार कराया गया एवं बड़ी मात्रा में श्रद्धालुओं को भजन-कीर्तन करते हुए भी देखा जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मेले में दूरदराज के क्षेत्रों से आये साधु संत भी मौजूद रहे।

# नील सरोवर धाम पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ ।** निष्कलंकी महाराज ओमकारेश्वर मंदिर नील सरोवर धाम पर बुधवार को मेले का आयोजन किया गया। मेले में अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी। इसके साथ ही वाहनों का अधिक आवागमन होने से करनपुर मार्ग पर जाम की स्थिति भी देखने को मिली।

करनपुर मार्ग पर नील सरोवर घाट में कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों लोग स्नान करके धर्म लाभ कमाते हैं। 31 वर्षों से नील सरोवर घाट पर कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों लोगों की संख्या में नील सरोवर घाट पर स्नान करने आते हैं। यहां प्रसिद्ध ओमकारेश्वर मंदिर नील सरोवर पर लोग प्रसाद चढ़ा कर अपनी मनोकामनाएं मांगने आते हैं। मंगलवार को मेले में हजारों की संख्या में गांव गांव से ट्रैक्टर ट्राली से लोग पहुंचे मेले में पहुंचकर लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं बच्चों ने भी झूले पर झूल कर तथा जंपिंग पैड का पूरा लुफ्त उठाया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाई तथा मेले में कई स्थानों पर छोटे-छोटे



बच्चों का मुंडन का कार्य भी देखने को मिला।

वहीं करनपुर मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली से हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। करीब एक किलोमीटर लंबा जाम देखने को मिला लेकिन मेला प्रशासन व कमेटी के अध्यक्ष आदेश कुमार बिश्नोई, सूरज सिंह गुर्जर, ब्रज राम गुर्जर अमीर सिंह ,दाताराम महाराज आदि मेला कमेटी के लोगों ने व्यवस्था को सुधारते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निभाया। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम संत दास पवार,एसपी देहात कुवंर आकाश सिंह,एएसपी अभिनव द्विवेदी, तहसीलदार राजकुमार सिंह , नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, उप निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इस अवसर पर ग्राम बेगमपुर के प्रधान काशीराम सैनी, महंत सुभाष आनंद, राजेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह गजेंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा।

## अचानक मकान की छत गिरने से युवती की मौत

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** मंगलवार की रात्रि को लगभग 10.30 अचानक मकान की छत गिरने से हुई युवती की मौत असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम नगला निडर में मकान मे अकेले सो रही युवती मकान की छत के मलबे में दबने से मौत हो गई! बसु राठौर पुत्री कुलदीप कुमार राठौर घर की छत भरभराकर ढह गई। छत के मलबे में दबकर एक युवती की



मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इंकार किया है। युवती की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है ।युवती की उम्र 24 वर्ष बताई गई ! परिवार में दो छोटी बहन है और एक छोटा भाई है ! इस हादसे से सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ! सभी परिजन गांव में है किसानी का कार्य करते हैं ! चचेरे भाई द्वारा बताया गया है कि ! ग्राम विकास अधिकारी को भी सूचित कर दिया गया है ! जिसको लेकर ग्राम विकास अधिकारी मोके पर जांच करने आएंगे ! युवती की जमान मौत से पिता सुदबुद्ध खो बैठे है।

## समाचार

# सात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** बुधवार को थाना क्षेत्र के रतनपुर कला गांव निवासी आसिवा पुत्री अल्ताफ ने एस एस को दहेज उत्पीड़न मे ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया। पुलिस को दी तहरीर में आसिवा पत्नी मोहमद आलम निवासी रतनपुर कला बताया कि उसका विवाह रतनपुर कला निवासी मोहम्मद आलम से 8,5,2025 को हुआ था! सादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते रहते थे! इन सब लोगों द्वारा आसिवा पुत्री अल्ताफ से चार लाख की मांग की गई ! चार लाख की मांग पूरी नही होने पर विवाहिता को तहर तरह नालते दीं जाती थी !इन सब की बातो से तंग आकर विवाहिता ने पूरी घटना की जानकारी मायके वालों को दी तो मायके बाले विवाहिता को अपने साथ घर ले आए !एस, एस पी के यहाँ पेस कर दहेज उत्पीड़न का केश दर्ज करा दिया ! दहेज उत्पीड़न में चार पुरुष वा तीन महिलाएं शामिल हैं !देवर अवरार, अकरम, इकरार, इस्लाम, महिलाएं ननद जुमरत, नगमा, रेशमा, भी शामिल है ! अब विवाहिता के ससुराल वाले जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दि है जांच अनुसार ही आगे की कार्यबाही की जायगी।

## आर्य समाज में आज से प्रारंभ हो रहा है 97वां वार्षिक महोत्सव

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी तहसील क्षेत्र के ग्राम सदरपुर मतलबपुर में आर्य समाज का 97 वां वार्षिक महोत्सव प्रारंभ हो रहा है। कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम सदरपुर मतलव पुर में आर्य समाज द्वारा दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव 6 नवंबर गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है। यह जानकारी देते हुए आर्य समाज के अध्यक्ष राजवर्धन आर्य ने बताया कि इस वर्ष बहुत ही धूमधाम से 97वा वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें गुरुकुल पीठ के आचार्य अखिलानंद सरस्वती, सहारनपुर से संगीता आर्या व बागपत से तुषपाल विमल अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू व आर्य समाज प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र भारती रहेंगे। यह कार्यक्रम 6 और 7 नवंबर तक चलेगा आर्य समाज के अध्यक्ष ने क्षेत्र के सभी आर्य बंधुओं से कार्यक्रम में पहुंचने का आवाहन किया है ।

## घर मे घुसकर महिला व युवती से मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** दबंगों द्वारा बेटी से छेड़छाड़ व मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए महिला ने छजलैट में तहरीर दी है। छजलैट क्षेत्रांतर्गत गांव दयनाथपुर निवासी महिला गगांवती का आरोप है कि वह 2 नवंबर को को उसके ससुर की आरष्टी थी जहां महमान आये हुए थे। तभी शाम व घर में अपनी पुत्री के साथ बैठी हुई थी, तभी महमानों के साथ गांव के ही आजाद व दीपराज पुत्रगण दलजीत, राहुल निव भोला सिंह की मिलक व दलजीत पुत्र अनुप सिंह जयवीर व सोबित, जीतू पुत्रगण जयवीर व जयवीर पुत्र अनूप दबंग व्यक्ति घर में घुस आए और अभद्रता करते हुए विधवा महिला व उसकी बेटी को बंधक बनाकर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे व बेटी को मारपीटकर घायल कर दिया व जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। विधवा महिला ने बताया कि मेरे देवर ने मेरी जमीन भी 4 अक्टूबर को मेरे ससुर से दानपत्र करा ली और मुझे जान से मारने की धमकी देकर अब व घर से भगा रहे है।

## सर्वर अपडेट के कारण 8 से 11 नवंबर तक नहीं होंगी रजिस्ट्री

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ ।** भूमि खरीद बिक्री से जुड़े लोगों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। सर्वर अपडेट कार्य के चलते आठ से 11 नवंबर तक उप-निबंधक कार्यालयों में रजिस्ट्रियों का कार्य नहीं हो सकेगा। आइजी निबंधन नेहा शर्मा की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किये गए हैं। एआइजी स्टांप अनिल कुमार ने बताया कि स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के आनलाइन पोर्टल के लिए प्रयुक्त मेघराज क्लाउड सर्वर को नेशनल गर्वमेंट क्लाउड (एनजीसी)पर स्थानांतरित किया जाना प्रस्तावित है। इसी के चलते चार दिन आठ से 11 नवंबर तक सर्वर पर रख-रखाव एवं स्थानांतरण कार्य किया जाएगा। इसके चलते आनलाइन लेखपत्र पंजीकरण एवं अन्य आवेदनों का कार्य अस्थायी रूप से बाधित रहेगा। उप निबंधक कार्यालयों में पंजीकरण का कार्य नहीं किया जा सकेगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि विभाग से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्यालयों में उपस्थित रहकर नियमित कार्य करें।

## ग्राम दरियापुर और फजलाबाद में भी हुआ मेलों का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** तहसील क्षेत्र के ग्राम दरियापुर एवं फजलाबाद में भी गंगा स्नान पर्व के अवसर पर रामगंगा नदी पर मेलों का आयोजन किया गया। तहसील क्षेत्र के ग्राम दरियापुर एवं फजलाबाद से भी श्री राम गंगा नदी होकर गुजरती है, जहां प्रतिवर्ष गंगा स्नान मेले का आयोजन किया जाता है। ग्राम दरियापुर में हर्षोल्लास के साथ गंगा स्नान मेले का आयोजन हुआ। जहां नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, उप निरीक्षक गौरव कुमार, ग्राम प्रधान प्रेम सिंह, लेखपाल अंकित कुमार आदि सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे। ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा। मेले में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर जमकर मेले का लुफ्त उठाया।

## युवक के खिलाफ किशोरी को अगवा करने का मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** गांव गौहरपुर सुल्तानपुर निवासी ग्रामीण अरविंद सिंह की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा है कि मंगलवार को थाना मंझोला के गांव रसूलपुर निवासी अभिषेक पुत्र दिनेश सिंह चौदह वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## धनराशि लेकर बैनामा न करने के मामले में 5 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में धनराशि लेकर बैनामा न करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर थाना कांठ पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम पैगंबरपुर सुखवासी लाल निवासी भुवनेश कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह ने अपने ही गांव के एहसान अली पुत्र साकिर, आस मोहम्मद जीशान ग्राम पैगंबरपुर सुखवासी लाल, अनीस अहमद ग्राम बढेरा, साजिद अहमद ग्राम आवी हाफिजपुर इन सभी के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर धनराशि लेकर जमीन का बैनामा न करने का आरोप लगाया था। इससे पहले भी जो जमीन उन्होंने खरीदी थी। उसे पर भी कर्ज था। भुवनेश के बार-बार कहने के बाद भी एहसान अली ने भूमि पर लिया गया पिछला ऋण भी जमा नहीं किया एवं दूसरी भूमि का बैनामा भी नहीं कराया और धनराशि लेकर रख ली। इसके बाद पीड़ित ने थाना कांठ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ को अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### शेख हसीना के बहाने भगोड़े जाकिर को बचाने में जुटा बांग्लादेश; विदेश मंत्रालय ने दिया ये बयान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के राजनीतिक हालात ठीक नहीं हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत में मिली शरण? का बहाना लेकर बांग्लादेश भारत के दुश्मन जाकिर नाइक को बचाने में जुट गया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि किसी भी राष्ट्र को दूसरे देश के भगोड़े को शरण नहीं देनी चाहिए। प्रवक्ता ने यह प्रतिक्रिया भारत में भगोड़ा घोषित विवादित मौलाना जाकिर नाईक के बांग्लादेश में प्रस्तावित कार्यक्रम पर भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से चिंता जताए जाने पर दी है। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एसएम महबूबुल आलम ने कहा, हमने भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की किसी धार्मिक उपदेशक की बांग्लादेश यात्रा की संभावना के बारे में की गई टिप्पणी पर ध्यान दिया है। हमारा यह भी मानना है कि भारत समेत किसी भी देश को किसी भी अन्य देश के आरोपी या भगोड़े व्यक्ति को शरण नहीं देनी चाहिए। आलम का इशारा बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की तरफ था, जिन्होंने भारत में शरण ले रखी है। अदालत ने उन्हें फरार घोषित कर रखा है। स्पार्क ईवेंट मैनेजमेंट नामक एक कंपनी ने हाल ही में एक फेसबुक पोस्ट में कहा था कि वह विवादित मौलाना जाकिर नाईक को बांग्लादेश लाएगी। मोहम्मद युनुस की अंतरिम सरकार ने जाकिर की एक महीने की यात्रा को मंजूरी दी है। उसकी बांग्लादेश यात्रा 28 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान वह देशभर में घूमेगा और भाषण देगा।

### केन्या में भूस्खलन से 21 लोगों की मौत, 1,000 मकान तबाह

**नरौबी, एजेंसी।** केन्या के पश्चिमी रिफ्ट घाटी क्षेत्र में भूस्खलन से 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य लोग लापता हो गए। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जारी भारी बारिश के कारण पश्चिमी केन्या की एल्गेयो मारक्वेट काउंटी में चेसोंगोच के पहाड़ी इलाके में शनिवार को हुए भूस्खलन से 1,000 से अधिक मकान तबाह हो गए। सरकार ने गंभीर रूप से घायल 30 लोगों को हवाई मार्ग से एल्डोरेट शहर के एक अस्पताल में पहुंचाया है। गृह मंत्री किपचुम्बा मुर्कोमेन ने कहा कि सरकार प्रभावित लोगों के रहने के लिए वैकल्पिक क्षेत्र की पहचान करने का प्रयास कर रही है। स्थानीय निवासी स्टीफन किटनी ने सिटीजन टेलीविजन स्टेशन को बताया कि उन्होंने एक तेज आवाज सुनी और वे अपने बच्चों के साथ घर से बाहर भागे। भारी बारिश के बावजूद शनिवार को भी बचाव कार्य जारी रहा और आपदा एजेंसियों ने मलबे में लापता लोगों की तलाश जारी रखी। चेसोंगोच के पहाड़ी इलाके में अकसर भूस्खलन होता रहता है।

### इटली में पांच जर्मन पर्वतारोहियों की मौत

रोम, एजेंसी। इटली के उत्तरी हिस्से में साउथ टायरोल में एक हिमस्खलन में पांच जर्मन पर्वतारोहियों की मौत हो गई। बचावकर्मियों ने रविवार को यह जानकारी दी। तीनों के शव (दो पुरुष और एक महिला) शनिवार को ही बरामद कर लिए गए थे, जबकि दो अन्य लापता लोग (एक पुरुष और उसकी 17 वर्षीय बेटी) रविवार सुबह मिल गए। अल्पाइन रेस्क्यू के प्रवक्ता फेडरिको काटानिया ने कहा, वे उस खाई के निचले हिस्से में फंस गए थे जहां हिमस्खलन हुआ था। बचाव टीम अब घाटी लौट रही है, साथ ही ऊंचाई पर बिगड़ते मौसम की स्थिति को भी ध्यान में रखा जा रहा है। सभी जर्मन पर्वतारोही शनिवार को लगभग चार बजे हिमस्खलन की चपेट में आए थे। वे ऑर्टल्स पर्वत श्रृंखला के पास सिमा वर्टाना की चढ़ाई कर रहे थे, जिसकी ऊंचाई 3,500 मीटर (11,500 फीट) से अधिक है। बचावकर्मियों ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि पर्वतारोही इतनी देर क्यों चढ़ाई कर रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पर्वतारोही तीन अलग-अलग समूहों में थे और एक-दूसरे से स्वतंत्र रूप से यात्रा कर रहे थे। दो पुरुष इस हादसे में बच गए और उन्हें हेलिकॉप्टर से पास के बोल्जानो शहर के अस्पताल में ले जाया गया।

### नेपाल में प्रचंड की पार्टी समेत सात वाम दलों ने किया 18 सूत्रीय समझौता

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में राजनीतिक हलचल के बीच एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। पूर्व पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी सेंटर) समेत सात वामपंथी दलों ने एक 18 सूत्रीय एकता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रविवार देर रात काठमांडो में हुए इस समझौते से देश में एक एकीकृत कम्युनिस्ट पार्टी के गठन का रास्ता साफ हो गया है। दस्तावेज में कहा गया है कि आंदोलन शांतिपूर्ण रहेगा और जरूरत पड़ने पर सड़कों, संसद व सरकार-तीनों मोर्चों पर सक्रिय रहेगा। समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले दलों में सीपीएन, सीपीएन, नेपाल सोशलिस्ट पार्टी, सीपीएन (सोशलिस्ट), जन समाजवादी पार्टी, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी व सीपीएन (साम्यवादी) शामिल हैं।

# ताइवान पर हमले को लेकर ट्रंप की चीन को धमकी, बोले- पता चल जाएगा तब क्या होगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ताइवान पर हमले को लेकर चीन को चेताया है और धमकी देते हुए कहा कि इसके गंभीर परिणाम होंगे। ट्रंप ने कहा कि जब तक वे राष्ट्रपति हैं, तब तक चीन, ताइवान पर हमला नहीं करेगा क्योंकि उन्हें पता है कि इसका परिणाम क्या होगा। गौरतलब है कि अमेरिका ताइवान पर चीन की सैन्य कार्रवाई के विरोध में है और खुलकर ताइवान को समर्थन देता है। इसके चलते अमेरिका और चीन के बीच गहरे मतभेद हैं।

**ताइवान पर चीन की सैन्य कार्रवाई के सवाल पर ट्रंप का जवाब :** सीबीएस के साथ एक इंटरव्यू में जब ट्रंप से पूछा गया कि अगर चीन, ताइवान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करता है तो क्या अमेरिका की सेना, ताइवान की रक्षा के लिए भेजी जाएगी? तो इसके जवाब में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि 'आपको पता चल जाएगा कि क्या होगा। वह भी अच्छी तरह समझते हैं कि हमारा क्या जवाब होगा।' माना जा रहा है कि यहां वह से ट्रंप का मतलब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से है। ट्रंप ने आगे कहा कि 'ऐसा कल ही नहीं होने वाला और हो सकता है कि कभी न हो, क्योंकि वे जानते हैं और इसका असर को अच्छी तरह समझते भी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इंटरव्यू ले रहे पत्रकार से कहा कि 'आप सवाल पूछ रहे हैं



इसका मतलब ये नहीं कि मैं आपको सबकुछ बता दूंगा, लेकिन वे (चीन) समझते हैं कि क्या होगा।' गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में दक्षिण कोरिया में चीन और अमेरिका के नेताओं की मुलाकात हुई, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनी।

**परमाणु हथियारों को लेकर दिया चौंकाने वाला बयान :** इस इंटरव्यू में ट्रंप ने परमाणु परीक्षण को लेकर भी एक चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा कि 'हमारे पास किसी भी देश की तुलना में बहुत ज्यादा परमाणु हथियार हैं और हमें परमाणु निरस्त्रीकरण के बारे में कुछ करना चाहिए। मैंने इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से भी बात की। हमारे पास इतने परमाणु हथियार हैं, जो पूरी दुनिया को तबाह कर सकते हैं। रूस के पास भी बहुत सारे हैं और चीन के पास भी।' ट्रंप ने कहा कि वे नहीं चाहते कि अमेरिका इकलौता देश हो, जो परमाणु परीक्षण न कर रहा हो।

**अमेरिका और चीन के रक्षामंत्रियों ने ताइवान मुद्दे पर बात की :** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने 31 अक्टूबर को मलेशिया में चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जुन से बातचीत की। उन्होंने ताइवान और साउथ चाइना सी में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अमेरिका इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखेगा और अपने हितों की रक्षा करेगा। हेगसेथ ने बताया कि अमेरिका टकराव नहीं चाहता, लेकिन अपनी सैन्य मौजूदगी मजबूत रखेगा। जवाब में चीन के रक्षा मंत्री डोंग जुन ने कहा कि अमेरिका को ताइवान के मामले में सावधानी से काम करना चाहिए और ताइवान की स्वतंत्रता के समर्थन से बचना चाहिए।

**चीन को ताइवान हमले की ट्रेनिंग दे रहा रूस :** ब्रिटिश डिफेंस थिंक टैंक रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज ने दावा किया है कि रूस ताइवान पर 'एयरबोर्न अटैक' के लिए चीनी पैराट्रूपर्स को टैंक, हथियार व तकनीक मुहैया करा रहा है। पीएलए के पैराट्रूपर्स को रूस में सिम्युलेटर और ट्रेनिंग इक्विपमेंट के जरिए ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद चीन में एक साथ ट्रेनिंग होगी, जिसमें रूसी सेना उन्हें लैंडिंग, फायर कंट्रोल और मूवमेंट की ट्रेनिंग देगी।

### मार्क कार्नी बोले- भारत के साथ रिश्तों में प्रगति, इसे व्यापारिक तनाव के बीच नई साझेदारियों पर जोर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि उनका देश भारत के साथ रिश्तों में 'अच्छी प्रगति' कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कनाडा अब अमेरिका पर निर्भरता घटाने और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ नए आर्थिक रिश्ते मजबूत करने पर ध्यान दे रहा है। कार्नी ने शनिवार को कहा, 'हम दुनिया भर में नई साझेदारियां बना रहे हैं। और इससे बेहतर जगह कोई नहीं हो सकती जितना कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का 60 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने बताया कि कनाडा ने इंडोनेशिया के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया है, फिलीपींस और थाईलैंड के साथ बातचीत जारी है, और चीन के साथ रिश्तों में भी एक नया मोड़ आया है। भारत को लेकर उन्होंने कहा, 'हम भारत के साथ भी प्रगति कर रहे हैं। हालांकि मेरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधी मुलाकात नहीं हुई, लेकिन हमारे विदेश मंत्री और अन्य मंत्री भारत से लगातार संवाद में हैं।' पीएम कार्नी ने जोर दिया कि कनाडा अपनी ताकत पहले घरेलू स्तर पर बढ़ा रहा है और साथ ही विदेशों में साझेदारियां बनाकर अमेरिका पर निर्भरता कम करने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहा है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है।

### प्रधानमंत्री कार्की ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की मुलाकात, पांच मार्च के आम चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की और सभी सात प्रांतों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री के प्रेस समन्वयक राम बहादुर रावल ने बताया कि यह बैठक इसलिए बुलाई गई थी ताकि बदलते राजनीतिक हालात में केंद्र और राज्यों की सरकारों के बीच बेहतर संवाद और तालमेल बन सके। सुशीला कार्की (73 वर्षीय) 12 सितंबर को नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी थीं। इससे पहले भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के लिए के खिलाफ युवाओं ने जेन-जेड आंदोलन किया था। जिसके कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पद से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। यह बैठक प्रधानमंत्री की चुनाव की तैयारियों को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों और हितधारकों के साथ चल रही सलाह-मशविरा की श्रृंखला का हिस्सा थी। कार्की चुनाव से पहले विभिन्न राजनीतिक दलों और जेन जेड समूह के नेताओं के साथ बैठकें कर सहमति बनाने की कोशिश कर रही हैं। शनिवार को उन्होंने नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा और बिश्व प्रकाश शर्मा के साथ चर्चा की, ताकि चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की स्थिति स्पष्ट हो। प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, एक घंटे की इस बैठक में चुनाव की तैयारियों,



कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधारने और अन्य जरूरी कार्यों पर फोकस किया गया। नेपाली कांग्रेस के नेताओं ने प्रधानमंत्री को चुनाव में पार्टी की भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। थापा और शर्मा ने मीडिया से कहा कि कांग्रेस जल्द ही जेन जेड समूह और अन्य राजनीतिक दलों के साथ गंभीर संवाद करेगी। सुरक्षा मुद्दों और चुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए कार्की ने 21 अक्टूबर को पहली बार कार्यवाहक सरकार के गठन के बाद प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। इस बैठक में भंग हुई प्रतिनिधि सभा के कई प्रमुख राजनेता शामिल हुए। प्रधानमंत्री कार्की ने सभी दलों से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग मांगा, जबकि नेताओं ने सरकार से चुनाव के लिए अनुकूल माहौल बनाने का अनुरोध किया। इससे पहले 25 अक्टूबर को नेपाल के गृहमंत्री ओम प्रकाश आर्याल ने सभी संबंधित पक्षों को आमंत्रित किया था और पांच मार्च के आम चुनाव से पहले सड़कों पर प्रदर्शन करने के बजाय कार्यवाहक सरकार के साथ संवाद करने का सुझाव दिया था।

### सर्बिया में राष्ट्रपति वूचिच के खिलाफ प्रदर्शन तेज, रेलवे हादसे की बरसी पर भड़का विरोध

**बेलग्रेड, एजेंसी।** सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में रविवार को राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूचिच के समर्थकों और विरोधियों के बीच तीखे टकराव की स्थिति बन गई। हालात बिगड़ने पर सैकड़ों दंगा-रोधी पुलिसकर्मी दोनों समूहों के बीच दीवार बनकर खड़े हो गए। इस दौरान लोगों ने बोतलें और पटाखे एक-दूसरे पर फेंके। यह तनाव उस समय बढ़ा जब एक दिन पहले उत्तरी शहर नोवी साद में रेलवे स्टेशन हादसे की पहली बरसी पर हजारों लोग इकट्ठा हुए। पिछले साल हुए इस हादसे में 16 लोगों की मौत हुई थी, जिससे शुरू हुआ युवाओं का विरोध आंदोलन अब वूचिच सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक अभियान बन गया है।

बेलग्रेड में प्रदर्शनकारी दिजाना हरका के समर्थन में जुटे, जिनके बेटे स्टेफन हरका की मौत इसी हादसे में हुई थी। उन्होंने रविवार को संसद के पास स्थित वूचिच समर्थकों के टेंट कैंप के बाहर भूख हड़ताल शुरू की। नोवी साद और अन्य छोटे शहरों में भी लोगों ने उनके समर्थन में प्रदर्शन किए।

क्या है आंदोलनकारियों का आरोप?

मामले में आंदोलनकारियों का आरोप है कि नोवी साद स्टेशन के पुनर्निर्माण में सरकारी भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण ही यह हादसा हुआ, जिसमें स्टेशन की छत गिर गई थी। हरका ने अपने बेटे और बाकी 15 पीड़ितों के लिए न्याय और जवाबदेही की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि गिरफ्तार सभी प्रदर्शनकारियों को रिहा किया जाए और जल्द चुनाव कराए जाएं, जैसा कि छात्र आंदोलन के नेता मांग रहे हैं। बता दें कि राष्ट्रपति वूचिच ने मार्च में बेलग्रेड में अपने समर्थन में कैसिलैंड नाम का टेंट कैंप लगवाया था, जो अब उनके कार्यालय और संसद के बीच सुरक्षा घेरे की तरह काम कर रहा है। पुलिस लगातार इस इलाके की निगरानी कर रही है, जो आम नागरिकों के लिए बंद है।

इसके बाद हाल के महीनों में सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर कड़ी कार्रवाई की है। सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया है और कई रैलियों को बलपूर्वक खत्म किया गया। वहीं सरकारी मीडिया ने छात्र नेताओं को आतंकवादी बताकर उन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया है।

### ट्रंप का चौंकाने वाला बयान, कहा- हमारे पास दुनिया को 150 बार तबाह करने के लिए पर्याप्त हथियार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा परमाणु परीक्षण करने का आदेश देने के बाद से ही हंगामा मचा हुआ है, लेकिन ट्रंप अपनी बात पर अड़े हैं। अब उन्होंने एक चौंकाने वाले बयान में कहा है कि अमेरिका के पास दुनिया को तबाह करने के लिए पर्याप्त परमाणु हथियार हैं, लेकिन फिर भी अमेरिका को परमाणु परीक्षण करने की जरूरत है। ट्रंप ने कहा कि रूस और चीन की परमाणु महत्वकांक्षाएं भी अमेरिका के परमाणु परीक्षण करने की वजह है।

**शी जिनपिंग से मुलाकात से पहले ट्रंप ने दिया था परमाणु परीक्षण का आदेश :** सीबीएस के साथ एक इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि परमाणु परीक्षण करने का उन्होंने तब फैसला किया, जब उन्हें



एहसास हुआ कि इतने बड़े परमाणु हथियारों के जखीरे के बावजूद अमेरिका अकेला ऐसा देश नहीं हो सकता, जो परमाणु परीक्षण न करे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बीते दिनों दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात से कुछ घंटे पहले ही सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर अमेरिकी रक्षा विभाग को तुरंत परमाणु परीक्षण शुरू करने का आदेश दिया था। ट्रंप के इस बयान की दुनियाभर में आलोचना हुई और विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे दुनियाभर में फिर से परमाणु हथियारों के परीक्षण की होड़ मच सकती है। ट्रंप के परमाणु हथियारों पर बयान ने चौंकाया ट्रंप ने बयान में कहा कि 'हमारे पास किसी भी देश की तुलना में बहुत ज्यादा परमाणु हथियार हैं और हमें परमाणु निरस्त्रीकरण के बारे में कुछ करना चाहिए। मैंने इस बारे में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से भी बात की। हमारे पास इतने परमाणु हथियार हैं, जो पूरी दुनिया को 150 बार तबाह कर सकते हैं। रूस के पास भी बहुत सारे हैं और चीन के पास भी।' ट्रंप ने कहा कि वे नहीं चाहते कि अमेरिका इकलौता देश हो, जो परमाणु परीक्षण न कर रहा हो। ट्रंप ने कहा कि रूस ने परमाणु परीक्षण करने का एलान किया और वे ऐसा कर रहे हैं। उत्तर कोरिया भी परमाणु परीक्षण कर रहा है और अन्य देश भी ऐसा कर रहे हैं। हम नहीं चाहते कि हम इकलौता देश रहें, जो परीक्षण न कर रहा हो। अमेरिका ने आखिरी बार ऑपरेशन जूलियन के तहत साल 1992 में परमाणु परीक्षण किया था। अमेरिका और रूस द्वारा परमाणु हथियार परीक्षण ऐसे समय में किया जा रहा है, जब यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों देशों में तनाव है। दोनों देश परमाणु परीक्षण रोकने वाली संधि सीटीबीटी के हस्ताक्षरकर्ता देश हैं। इस संधि पर 187 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया, इस्राइल आदि देश भी शामिल हैं।

### ट्रंप का दावा- पाकिस्तान कर रहा परमाणु हथियारों का परीक्षण! रूस, चीन और उत्तर कोरिया भी कर सकते है टेस्टिंग

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया है कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है जो सक्रिय रूप से परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों की यही प्रवृत्ति दर्शाती है कि अमेरिका के लिए भी अपने परमाणु परीक्षण को फिर से शुरू करना जरूरी हो गया है। सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम 60 मिनट्स को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जबकि अमेरिका ही एकमात्र देश है जिसने परीक्षण रोक रखे हैं। ट्रंप ने कहा, 'रूस परीक्षण कर रहा है, चीन भी कर रहा है, लेकिन वे इसके बारे में बात नहीं करते। हम एक खुला समाज हैं, इसलिए हम बात करते हैं। जब बाकी देश परीक्षण कर रहे हैं, तो हमें भी करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहा है और पाकिस्तान भी परीक्षण कर रहा है। 'हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण कर रहे हैं और अन्य भी कर रहे हैं।' गौरतलब है कि रूस ने हाल में उन्नत परमाणु-सक्षम हथियारों और तकनीकों का परीक्षण किया है। इनमें पोसाइडन अंडरवॉटर ड्रोन शामिल है। इसी सप्ताह जो लेकर जब ट्रंप से पूछा गया कि अमेरिका की तरफ से तीन दशक से ज्यादा समय बाद परमाणु परीक्षण फिर शुरू करने के फैसले को लेकर पूछा गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'आपको यह देखना होगा कि ये हथियार कैसे काम करते हैं। रूस ने एलान किया है कि वे परीक्षण करने जा रहे हैं। उत्तर कोरिया लगातार परीक्षण कर रहा है। अन्य देश भी कर रहे हैं। हम ही एकमात्र देश हैं जो नहीं कर रहे, और मैं नहीं चाहता कि ऐसा रहे।' उन्होंने कहा कि अमेरिका बाकी देशों की तरह परमाणु हथियारों का परीक्षण करेगा।

ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास किसी भी देश से अधिक परमाणु हथियार हैं और उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से परमाणु निरस्त्रीकरण करने पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा, 'हमारे पास दुनिया को 150 बार नष्ट करने जितने परमाणु हथियार हैं।' चीन के राष्ट्रपति से मुलाकात से पहले ट्रंप ने किया था परमाणु परीक्षण शुरू करने का एलान बता दें कि बीते हफ्ते ट्रंप ने अमेरिका के परमाणु हथियार परीक्षण को तत्काल फिर शुरू करने का एलान किया था। ट्रंप की तरफ से यह घोषणा उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दक्षिण कोरिया में होने वाली मुलाकात से ठीक पहले आई थी। इसके बाद से ही माना जा रहा है कि अमेरिका का आने वाले समय में रूस और चीन जैसी परमाणु शक्तियों से तनाव बढ़ सकता है। ट्रंप ने यह भी बताया कि परीक्षण के लिए तैयारियां पहले से जारी हैं।

### दक्षिण लेबनान में इस्राइली हवाई हमला चार की मौत; सीजफायर के बाद भी पश्चिम एशिया में अशांति बरकरार



**बेरूत, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच दो साल से चल रहे भयावह हिंसक संघर्ष के बाद सीजफायर हुआ। हालांकि उसके बाद भी पश्चिम एशिया में आज भी अशांति बरकरार है। कारण है कि प्रतिदिन गोलीबारी की खबरें आ रही हैं। इसी बीच दक्षिण लेबनान के नबातिये जिले के कफरसिर कस्बे में शनिवार को इस्राइल के हवाई हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए। यह जानकारी लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हमला स्थानीय समय दोपहर करीब 2:15 बजे, जब एक 'गाइडेड मिसाइल' ने एक कार को निशाना बनाया। इस धमाके से आसपास के इलाके में भारी नुकसान हुआ और राहत दल तुरंत मौके पर पहुंचे। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने एक दिन पहले ही इस्राइल पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया था। आउन ने कहा था कि इस्राइल उनकी स्थायी शांति वार्ता की पेशकश का जवाब हमलों से दे रहा है।

**इस्राइल के निशाने पर लेबनान क्यों :** बता दें कि इस्राइल और हमास के साथ संघर्ष शुरू होने के बाद 2023 में हिजबुल्लाह ने गाजा में जारी संघर्ष के दौरान हमास के समर्थन में इस्राइल पर हमले शुरू किए थे। इसके बाद दोनों के बीच झड़पें बढ़ीं। नवंबर 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में एक सीजफायर (युद्धविराम) हुआ, लेकिन अभी भी पश्चिम एशिया में अशांति बरकरार है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, युद्धविराम लागू होने के बाद से इस्राइली हमलों में लेबनान के कम से कम 111 नागरिक मारे जा चुके हैं। इनमें पत्रकार और राहतकर्मी भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स बताती है कि इस्राइली सेना अभी भी दक्षिण लेबनान के कम से कम पांच इलाकों में मौजूद है और लगभग रोज हवाई हमले कर रही है, जिन्हें वह 'हिजबुल्लाह ठिकानों' पर कार्रवाई बताती है। दूसरी ओर, राष्ट्रपति आउन ने हाल ही में कहा कि उनकी सरकार वार्ता की पहल का मकसद इस्राइली कब्जा खत्म करना है। उन्होंने लेबनान की सेना से दक्षिण में इस्राइली हमलों का विरोध करने का निर्देश देते हुए बातचीत की इच्छा दोहराई। इस्राइल का कहना है कि लेबनान हिजबुल्लाह को रोकने में नाकाम रहा है।

### नहीं थम रहा रूस का यूक्रेन पर हमला, कई राज्यों में भारी तबाही; जेलेंस्की बोले- हर रात हो रहा हमला

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेता जा रहा है। दूसरी ओर इसके फिलहाल खत्म होने के भी दूर-दूर तक कोई आसान नहीं दिख रहे हैं। कारण है कि इन दिनों यूक्रेन के अलग-अलग शहरों में रूस ने खूब बम बरसाएं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि रूस कई इलाकों में लगातार हमले कर रहा है, जिनमें नागरिकों की मौतें हो रही हैं।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि रूस ने ऊर्जा ठिकानों और आम आबादी के इलाकों को निशाना बनाया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबे पोस्ट में लिखा कि लगभग हर रात रूस हमारे लोगों पर अलग-अलग हथियारों से हमला करता है। द्निप्रो, जापोरिजिया, खारकीव, चेर्निहिव और ओडेसा क्षेत्रों में हमले हुए हैं। उन्होंने दावा किया इन हमलों में दुर्भाग्य से कई लोग मारे गए और अनगिनत लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि सिर्फ एक हफ्ते में रूस ने करीब 1,500 ड्रोन, 1,170 गाइडेड बम और 70 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनसे घरों और ऊर्जा ढांचे को भारी नुकसान हुआ।

**यूक्रेन के कई इलाके में लगातार हो रहे हमले :** बता दें कि रूस ने यूक्रेन के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हमले किए। इसके तहत बीते दिनों निप्रोपेट्रोस में हुए हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल थे। इसी क्रम में ओडेसा में रूसी लड़ाकू विमानों ने कई ट्रकों पर बम गिराए, जिससे दो लोगों की



मौत और तीन लोग घायल हो गए। इतना ही नहीं खेरसोन में रूस ने ड्रोन, तोपों और हवाई हमलों से 20 से ज्यादा गांवों पर हमला किया गया। इसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और कई घरों को नुकसान पहुंचा। इसके साथ ही माइकोलाइव शहर के पास रूसी इसकंदर-एस मिसाइल गिरी, जिससे एक 20 साल के युवक की मौत और 19 लोग घायल हुए। घायलों में दो बच्चे भी हैं और जापोरिजिया: यहां भी रूसी हमले में एक नागरिक मारा गया और कई घर तबाह हो गए। कुल मिलाकर हमलों के बाद करीब 60,000 लोगों की बिजली चली गई। यूक्रेन की बिजली कंपनी उक्रेनेर्गो ने कहा है कि देश में अस्थायी बिजली कटौती लागू की जाएगी ताकि सिस्टम को संभाला जा सके।

**ऊर्जा ठिकानों पर बढ़ा खतरा :** रूस के इन दिनों लगातार ऊर्जा ठिकानों पर किए जा रहे हमलों को लेकर राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस सर्दियों से पहले हमारे ऊर्जा तंत्र को तबाह करना चाहता है। हम अपने अंतरराष्ट्रीय साझेदारों की मदद से ऊर्जा ढांचे को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने अमेरिका, नॉर्वे, जर्मनी, नीदरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन, इटली, जापान, स्पेन और यूरोपीय आयोग का आभार जताया। अंत में जेलेंस्की ने कहा कि रूस का लक्ष्य हमारे लोगों को कष्ट देना है, लेकिन हम डटे रहेंगे। हम अपने सहयोगियों के समर्थन के लिए आभारी हैं, यूक्रेन के साथ खड़े हर देश को धन्यवाद।

**पलटवार की तैयारी में यूक्रेन :** हालांकि यूक्रेन ने भी रूसी हमलों के जवाब में कार्रवाई किए। यूक्रेनी एजेंसियों के अनुसार, मॉस्को क्षेत्र की कोल्त्सेवॉय पाइपलाइन, जो ईंधन की मुख्य सप्लाई लाइन है, उसपर हमला किया गया जिससे तीनों पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, रूस ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा ने 164 यूक्रेनी ड्रोन गिराए, जिनमें 39 काला सागर और 26 क्रीमिया के ऊपर थे। इसके अलावा, यूक्रेनी ड्रोन ने रूस के तुआप्से शहर में एक तेल टर्मिनल और टैंकर को नुकसान पहुंचाया।